राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक- 113
लखनऊ, मंगलवार 23 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

समृद्ध समाज का आधार



ठंड से बचाव के लिए रैनबसेरे में फरियादियों की रुकने की व्यवस्था कराएं अफसर : योगी 03

रोडवेज बस की चपेट में आकर छात्र गंभीर, ग्रामीणों ने लगाया जाम 10

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष चर्चा करते हुए कहा

# भारत के विभाजन के लिए कांग्रेस व जिन्ना जिम्मेदार

**वंदे मातरम पर किया गया समझौता धार्मिक भावना का सम्मान नहीं बल्कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति का खतरनाक प्रयोग**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस और मोहम्मद अली जिन्ना को सीधे तौर पर भारत के सांस्कृतिक विभाजन और अंततः देश के बंटवारे का जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम पर किया गया समझौता किसी धार्मिक भावना का सम्मान नहीं, बल्कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति का पहला, सबसे बड़ा और सबसे खतरनाक प्रयोग था, जिसने अलगाववाद को जन्म दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक मोहम्मद अली जिन्ना कांग्रेस में थे, तब तक वंदे मातरम कोई विवाद नहीं था। कांग्रेस छोड़ते ही जिन्ना ने इस राष्ट्रगीत को मुस्लिम लीग की राजनीति का औजार बनाया और जानबूझकर इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। गीत वही रहा, लेकिन एजेंडा बदल गया। सीएम योगी ने कहा कि 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ से जिन्ना ने वंदे मातरम के विरुद्ध नारा बुलंद किया, जबकि उस समय कांग्रेस अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। इसके तुरंत बाद 20 अक्टूबर 1937 को नेहरू द्वारा सुभाष चंद्र बोस को लिखा गया पत्र, जिसमें कहा गया कि यह मुद्दा मुसलमानों को आशंकित कर रहा है, कांग्रेस के तुष्टीकरण की स्पष्ट स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि 26 अक्टूबर 1937 को कांग्रेस ने वंदे मातरम के कुछ अंश हटाने का निर्णय लिया, जिसे उस समय सद्भाव कहा गया, लेकिन वास्तव में यह राष्ट्र चेतना की बलि थी। देशभक्तों ने इसका विरोध किया, प्रभात फेरियां निकाली गईं, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व राष्ट्र के साथ खड़ा होने की बजाय वोटबैंक के साथ खड़ा हो गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 मार्च 1938 को जिन्ना ने मांग की कि वंदे मातरम पूरा बदला जाए, लेकिन कांग्रेस ने प्रतिकार नहीं किया। परिणामस्वरूप मुस्लिम लीग का साहस बढ़ता गया, अलगाववाद की धार तेज हुई और सांस्कृतिक प्रतीकों पर पहला समझौता हुआ, जिसने अंततः भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन की नींव रखी।



### योगी सरकार ने विधानसभा में पेश किया 24496.9 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया। सरकार की तरफसे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार 24 496.9 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश करती है। सदन में बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार ने हमेशा अपने विजन के अनुसार ही काम किया है। सरकार ने अनुपूरक बजट को चर्चा के लिए सदन के पटल पर रखा। वित्त मंत्री ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 24496.98 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश,राजस्व लेखा का व्यय 18369.30 करोड़ और पूंजी लेखे का व्यय 6127.68 करोड़ रुपये प्रस्तावित, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार मूल बजट का 3.03 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2025-26 का मूल बजट 8 लाख 8 हजार करोड़ रुपये था, औद्योगिक विकास के लिए 4874 करोड़ रुपये, ऊर्जा क्षेत्र में 4521 करोड़ रुपये प्रस्तावित, स्वास्थ्य क्षेत्र में 3500 करोड़ रुपये और नगर विकास के लिए 1758.56 करोड़ रुपये प्रस्तावित, तकनीकी शिक्षा के लिए 639.96 करोड़, महिला और बाल विकास के लिए 535 करोड़ प्रस्तावित,नेडा के लिए 500 करोड़ रुपये और मेडिकल शिक्षा के लिए 423 करोड प्रस्तावित, वित्त वर्ष 2025-26 के अनुपूरक बजट में गन्ना और चीनी मिल के लिए 400 करोड़ रुपये प्रस्तावित, उत्तर प्रदेश का जीएसडीपी 31 लाख 914 करोड़ आंका गया है।

### कोडीन कफसिरप को लेकर हंगामा, सरकार ने कहा- यूपी में नहीं हुई एक भी बच्चे की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने कोडीन कफसिरप के कथित अवैध कारोबार को लेकर हंगामा किया और अध्यक्ष के आसन के सामने आकर सरकार विरोधी नारे लगाए। वर्ष 2025 के तृतीय सत्र (शीतकालीन) की शुरुआत शुक्रवार को हुई और उस दिन सपा के दिवंगत सदस्य सुधाकर सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की बैठक सोमवार 11 बजे तक के लिए अध्यक्ष सतीश महाना ने स्थगित कर दी थी। सोमवार को कोडीन के मुद्दे पर चर्चा कराये जाने की मांग करते हुए विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि इस कफ सिरप से सैकड़ों बच्चों की जान गई है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने इससे इंकार करते हुए दावा किया कि उप्र में इससे एक भी मौत नहीं हुई है। विधानसभा सत्र की शुरुआत में प्रश्नकाल के समय नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कोडीन का मामला पूरे प्रदेश में जाल की तरह फैला है और यह बहुत दिनों से चल रहा है, डब्लूएचओ ने भी इसका संज्ञान लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके सेवन से सैकड़ों बच्चों की जान गई है और हजारों करोड़ रुपये का धंधा भी हुआ है। पांडेय ने कहा इसकी जानकारी सरकार को पहले हो जानी चाहिए थी। सरकार के पास इंटेलिजेंस है, सरकार के पास खुफिया एजेंसियां हैं, इनको पहले इसकी जानकारी हो जाती और उस हिसाब से कार्रवाई की गई होती तो सैकड़ों बच्चों की जान को बचाया जा सकता था। नेता प्रतिपक्ष ने कहा आरोप प्रत्यारोप चल रहा है तो इस पर चर्चा करा लें और मुख्यमंत्री सरकार का पक्ष स्पष्ट करें। कहा जा रहा है कि इसमें सपा के लोग हैं तो मेरी मांग है कि अगर सपा के लोग हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन साथ ही जो दूसरे लोग इसमें शामिल हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### पीएम सूर्य घर योजना को मिलेगी नई रफ्तार, राज्य सब्सिडी के लिए 500 करोड़ की मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पीएम सूर्य घर योजना को सरकार और गति देने जा रही है। सोमवार को विधानसभा में पेश किए गए अनुपूरक बजट में इसके लिए 500 करोड़ की मंजूरी दी गई। इस राशि से पीएम सूर्य घर योजना की राज्य सब्सिडी दी जाएगी। इस निर्णय का उद्देश्य लाभार्थियों को राज्य सब्सिडी शीघ्र एवं सुगमता से उपलब्ध कराना है, ताकि आम नागरिकों को योजना का पूर्ण लाभ समय पर मिल सके। सरकार के इस कदम से न केवल सोलर प्लांट की स्थापना में लोगों को आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि राज्य में सौर ऊर्जा के उपयोग को भी नई गति प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। योजना के अंतर्गत राज्य में अब तक कुल 10,09,567 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 3,14,376 घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। इसके माध्यम से 3,17,690 परिवारों को योजना का लाभ मिला है, जिससे स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा को बढ़ावा मिला है। योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अब तक 1,083.63 मेगावाट सोलर इंस्टॉलेशन क्षमता का सृजन किया जा चुका है।

### सीएम के हमले के बाद भड़के अखिलेश, सदन से वॉक आउट

उत्तर प्रदेश विधानसभा शीतकालीन सत्र की दूसरे दिन की कार्यवाही शुरू हो गई है। यह सत्र 24 दिसंबर तक चलेगा। अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक पोस्ट किया है। सदन में चर्चा के दौरान सीएम योगी ने दिल्ली और यूपी के नेताओं की तुलना करते हुए कहा कि देश में दो नमूने हैं, जिनमें से एक यहां बैठते हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि यहां वाले बबुआ भी जल्द ही इंग्लैंड की सैर सपाटे पर चले जाएंगे। सीएम ने कहा कि जब भी देश में किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा होती है, तो कुछ लोग तुरंत विदेश भाग जाते हैं। सीएम के इस तीखे हमले के बाद सपा ने सदन से वॉक आउट कर दिया। अखिलेश यादव ने सीएम योगी के हमले के बाद एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, आत्म-स्वीकृति! किसी को उम्मीद नहीं थी कि दिल्ली-लखनऊ की लड़ाई यहाँ तक पहुँच जाएगी। संवैधानिक पदों पर बैठे लोग आपस में कुछ तो लोक-लाज रखें और मर्यादा की सीमा न लांघें। भाजपाई अपनी पार्टी के अंदर की खींचातानी को चौराहे पर न लाएं। कहीं कोई बुरा मान गया तो वापस जाना पड़ेगा।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,36,300/ |
| 22 कैरेट | = | 1,24,950/ |
| 18 कैरेट | = | 1,02,260/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 2,19,000/ |

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश मंत्री जयशंकर आज से श्रीलंका के दौरे पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार को प्रधानमंत्री के विशेष दूत बनकर श्रीलंका जाएंगे और श्रीलंकाई नेतृत्व से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री का यह दौरा तूफानी चक्रवात दित्वा से हुई तबाही से निपटने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन सागर बंधु के संदर्भ में हो रहा है और भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी' को दिखाता है। श्रीलंका में दित्वा के चलते पिछले माह 600 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी थी। इससे करीब 23 लाख लोग प्रभावित हुए थे। पड़ोसी होने के नाते भारत मदद के लिए सबसे पहले आगे आया था।

### उधमपुर में देखे गए संदिग्ध आतंकी, तलाशी अभियान शुरू

**उधमपुर।** जम्मू- कश्मीर के उधमपुर जिले में माजलता के जंगल वाले इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों को देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की एक संयुक्त टीम माजलता के चोर मोटू गांव और आसपास के जंगल वाले इलाकों में तलाशी ले रही है। यह अभियान विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद शुरू किया गया। दो अज्ञात आतंकवादी कथित तौर पर रविवार शाम करीब 6.30 बजे चोर मोटू गांव में एक स्थानीय निवासी मंगतू राम के घर गए और खाना खाने के बाद जंगल की ओर भाग गए।

### हादसा : खड़े ट्रक में घुसी कार, तीन की मौत, 7 घायल

**सुलतानपुर।** घने कोहरे के बीच सोमवार सुबह करीब 8. 20 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दरपीपुर के पास लखनऊ से आजमगढ़ जा रही तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के सात सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक सिकंदर (27), शंभूलाल (55) निवासीगण तेवखार, सरायमीर, आजमगढ़ तथा सुरेंद्र (30) निवासी गुड़ियावा, आजमगढ़ की मौत हो गई।

## श्रीबांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट विधेयक 2025 को राज्यपाल ने दी मंजूरी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद दोनों सदनों से पारित उत्तर प्रदेश श्रीबांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट विधेयक 2025 को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। यह विधेयक अब विधिवत कानून बन गया है। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने सदन को इसकी औपचारिक जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास विधेयक बीते अगस्त माह में दोनों सदनों में पारित हुआ था, जिसके बाद राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा गया था। राज्यपाल ने बीती 21 अगस्त को इसकी अनुमति प्रदान कर दी थी। इस नए कानून के तहत श्री बांके बिहारीजी मंदिर के प्रशासन के लिए 18 सदस्यों का एक ट्रस्ट बनाया जाएगा। इसमें 11 मनोनीत और 7 पदेन सदस्य होंगे।

### एयर इंडिया विमान में खराबी पर मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट, होगी जांच

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को एयर इंडिया एयरलाइन की फ्लाइट एआई-887 में टेक-ऑफ के तुरंत बाद तकनीकी खराबी आने पर संज्ञान लिया है। मंत्रालय ने विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इस मामले की पूरी जांच करके विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। हालांकि, यह विमान सुरक्षित उतर गया है, इसमें सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। आज सुबह मुंबई जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट को टेक-ऑफ के करीब एक घंटे बाद इंजन में खराबी आने के कारण दिल्ली लौटना पड़ा।

## कोडीन कफ सिरप केस : आरोपी भोला 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में

**जौनपुर कोर्ट ने पांच जनवरी तक जेल भेजा 2000 करोड़ के फर्जीवाड़े का आरोप**

समृद्धि न्यूज

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के चर्चित कोडीन कफ सिरप मामले के आरोपी भोला जायसवाल को सोमवार को सोनभद्र जेल से लाकर जौनपुर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) न्यायालय में पेश किया गया।

सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी को 5 जनवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। ड्रग विभाग की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने कोर्ट को बताया कि मामले में कोडीन कफ सिरप की खरीद और बिक्री केवल कागजों में दर्शाई गई थी। जिन फर्मों के नाम पर लेनदेन दिखाया गया, वे सभी फर्जी पाई गईं। उन्होंने यह भी बताया कि दस्तावेजों में जिस ट्रक से सप्लाई दिखाई गई थी, वह वास्तव में ट्रक नहीं बल्कि ऑटो और बाइक का नंबर था। अधिवक्ता ने इस मामले को संगठित तरीके से की गई अवैध गतिविधि बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।सीजेएम कोर्ट की जज श्वेता यादव ने भोला जायसवाल की फाइल को अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन संगीता गौतम के न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया।



### एटा से प्रतिबंधित कफ सिरप के 47 कार्टून बरामद, चार गिरफ्तार

**एटा।** उत्तर प्रदेश सरकार की सख्ती से कोडीन कफ सिरप मामले में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा है। सोमवारसुबह एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) आगरा एवं एटा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नकटई कला गांव में छापा मारकर प्रतिबंधित कोडीन सिरप के 47 कार्टून जब्त किये हैं। पुलिस ने मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो लोग भागने में सफल रहे। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

## ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 के सफल प्रक्षेपण की कामना को लेकर तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे इसरो प्रमुख

एजेंसी



**तिरुमला।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने कहा कि 24 दिसंबर को ब्लूबर्ड-2 का प्रक्षेपण किया जाएगा। यह मिशन भारत की धरती से प्रक्षेपित किए जाने वाले अब तक के सबसे भारी उपग्रह को अंतरिक्ष में ले जाने का है।

इस मिशन से भारत की ग्लोबल स्पेस मार्केट में साख और मजबूत होगी और डिजिटल कनेक्टिविटी के नए रास्ते खुलेंगे। इसरो प्रमुख वी. नारायणन सोमवार को तिरुमाला में बालाजी मंदिर में श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने भगवान के चरणों में ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 संचार उपग्रह का मॉडल रख कर सफलता के लिए विशेष प्रार्थना की। इसरो इस संचार उपग्रह को बुधवार 24 दिसंबर को एलवीएम3-एम6/ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 मिशन का प्रक्षेपण करने वाला है। यह एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन है। जिसे एलवीएम3 प्रक्षेपण यान के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। यह ऐतिहासिक मिशन अमेरिका आधारित एएसटी स्पेसमोबाइल के ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 संचार उपग्रह को अंतरिक्ष में ले जाएगा। इसरो प्रमुख नारायण ने यहां पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 संचार उपग्रह का उपयोग 4जी और 5जी संचार उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

### प्रयाग समूह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने कुर्क की 110 करोड़ की संपत्ति

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रयाग समूह और उसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 110 करोड़ की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। यह मामला 2863 करोड़ के अवैध धन लेनदेन से जुड़ा हुआ है। ईडी ने यह जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी और आरोप पत्र के आधार पर शुरू की थी। यह मामला भारतीय दंड संहिता और प्राइज चिट्स एवं मनी सर्कुलेशन स्कीम निषेध अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था।

## जो कहा, वो किया व जो नहीं कहा वह भी करके दिखाया : जेपी नड्डा

एजेंसी



**कोरबा/जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जांजगीर-चांपा जिले के खोखराभाठा पुलिस लाइन मैदान में सोमवार को आयोजित जनादेश परब में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंच से प्रदेश की उपलब्धियों, जनकल्याण और भविष्य की दिशा पर स्पष्ट संदेश दिया।

वंदे मातरम और राज्यगीत के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में जनविश्वास, गौरव और निर्माण के संकल्प को दोहराया गया। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा- जो कहा था, वह किया और जो नहीं कहा था, वह भी करके दिखाया। उन्होंने दो वर्षों के रिपोर्ट कार्ड को रेखांकित करते हुए बताया कि सरकार ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और श्रमिकों के हित में संवेदनशील और परिणामकारी निर्णय लिए हैं, जिनका असर जमीनी स्तर पर दिख रहा है।

### डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह को एआईसीटीई चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के चेयरमैन पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह जिम्मेदारी नियमित चेयरमैन की नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। शिक्षा मंत्रालय के सोमवार को जारी आदेश के अनुसार, एआईसीटीई के वर्तमान चेयरमैन प्रो. टीजी सीताराम का कार्यकाल 20 दिसंबर को पूरा होने के बाद उन्हें पद से मुक्त कर दिया गया, जिसके बाद प्रो. योगेश सिंह को यह अतिरिक्त दायित्व दिया गया है।

## नौसेना को मिला तीसरा एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट अंजदीप

एजेंसी



**नई दिल्ली।** स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट अंजदीप सोमवार को चेन्नई में भारतीय नौसेना के हवाले कर दिया गया। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में बनाये जा रहे आठ पोतों में से यह तीसरा है। यह जहाज नौसेना की एंटी-सबमरीन, तटीय निगरानी और माइन बिछाने की क्षमताओं को मजबूत करेगा।

एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) जहाजों को इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के अनुसार डिजाइन और बनाया गया है। इसका निर्माण जीआरएसई और कट्टुपल्ली के लार्सन एंड टुब्रो शिपयार्ड की सरकारी निजी कंपनी भागीदारी के तहत किया गया है। इससे मिलकर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग की सफलता का पता चलता है। लगभग लगभग 77 मीटर लंबे ये जहाज वॉटरजेट से चलने वाले सबसे बड़े भारतीय नौसेना के युद्धपोत हैं। इसमें पानी के नीचे की निगरानी के लिए अत्याधुनिक सोनार और हल्के टॉरपीडो लगे हैं और यह 25 नॉट्स तक की गति प्राप्त कर सकता है।

**समझौता** — भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न, मोदी-लक्सन की टेलीफोन वार्ता के बाद घोषणा

## भारत से जाने वाले माल को न्यूजीलैंड में मिलेगा शुल्क मुक्त प्रवेश

एजेंसी



**इस कदम से वहां के बाजार भारत के कपड़ा, परिधान, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग वस्तुएं और ऑटोमोबाइल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। यह समझौता सेवाओं के क्षेत्र में न्यूज़ीलैंड का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रस्ताव है, जिससे सूचना प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, पर्यटन, निर्माण और अन्य व्यावसायिक सेवाओं में भारतीय सेवा प्रदाताओं के लिए नए अवसर खुलेंगे।**

**नयी दिल्ली।** सरकार ने वैश्विक बाजार में भारतीय इकाइयों के लिए अवसर बढ़ाने की दिशा में निरंतर किये जा रहे प्रयासों के बीच सोमवार को न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) सम्पन्न होने की घोषणा की जो इस साल ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए व्यापक आर्थिक सहयोग के समझौतों के बाद भारत का तीसरा समझौता है।

इसके तहत न्यूज़ीलैंड अपने यहां आयात की जाने वाली सभी तरह की वस्तुओं (अपनी शत-प्रतिशत प्रशुल्क सूचियों) पर शुल्क समाप्त करेगा। इससे वहां भारत से जाने वाले सभी प्रकार के माल को शुल्क मुक्त प्रवेश मिल गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड और प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच आज टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत-न्यूजीलैंड एफ्टीए की संयुक्त रूप से घोषणा की गयी। दोनों प्रधानमंत्रियों की इसी वर्ष मार्च में हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने व्यापार समझौते की बातचीत शुरू की थी। दोनों नेताओं ने कहा कि नौ महीने के रिकार्ड कम समय में समझौता वार्ता का पूरा होना साझा महत्वाकांक्षा और राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिखाता है। दोनों पक्षों ने कहा है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा है कि इस एफटीए से दोनों देशों के बीच संबंधों का और विस्तार होगा और द्विपक्षीय आर्थिक संबंध मजबूत होंगे । इससे व्यापार में वृद्धि के साथ एक दूसरे के यहां निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस समझौते की व्यवस्थाओं से दोनों देशों में नवाचार में लगे लोगों, उद्यमियों, किसानों, लघु और मध्यम उद्यमों, छात्रों और युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नये मौके भी पैदा होंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इस समझौते को अपने देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताया।

# तीन साल के बच्चे को भेड़िये ने बनाया निवाला

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** जिले में भेड़िए ने एक और बच्चे को मार डाला है। सोमवार को दूध पीते 3 साल के मासूम को मां के सामने से उठा लग गया। मारकर दोनों पैर खा गया। करीब छह घंटे की तलाश के बाद बच्चे की लाश मिली। बदहवास मां ने बताया- खाट पर सोकर बच्चा दूध पी रहा था और वह पास ही बैठकर काम कर रही थी जब उसने हमला किया। बच्चे का गर्दन दबोचा और भागा। मां रोते-चिल्लाते उसके पीछे दौड़ी। आवाज सुनकर परिजन लाठी-डंडा लेकर दौड़े लेकिन भेड़िया कोहरे में गायब हो गया। घटना फखरपुर थानाक्षेत्र के रसूल पुर गांव की है।

पिछले 4 महीने से भेड़िए का आतंक जिले में कायम है। अबतक 11 बच्चों समेत 13 लोगों की भेड़िए के हमले से मौत हो चुकी है। भेड़िया, 4 दिन पहले भी गुल्ईन पुरवा में 2 साल की बच्ची को उठा ले गया था। हालांकि, पिता ने दौड़ाया तो घर से करीब 100 मीटर दूर वह बच्ची को छोड़कर भाग गया। वन विभाग द्वारा 6 भेड़िए मारे भी जा चुके हैं।रसूलपुर दरेहटा के रहने वाले राम मनोहर, पंजाब में नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी ननकई अपने 5 बच्चों के गांव में ही रहती थी। सोमवार तड़के ननकई का सबसे छोटा बेटा अंशु (3) घर के आंगन में खाट पर लेटकर दूध पी रहा था।

खाट के पास ही बैठकर मां कोई काम कर रही थी। सोमवार तड़के अचानक एक भेड़िया पहुंचा और बच्चे की गर्दन को जबड़े में दबाकर लेकर भागने लगा। बच्चे को लेकर भाग रहे भेड़िए को देख मां चिल्लाई। वह रोते-चिल्लाते उसके पीछे भागे। महिला की आवाज सुनकर परिजन भी लाठी-डंडा लेकर दौड़े। लेकिन घने कोहरे की वजह से भेड़िया लापता हो गया। गांव के लोग और परिजन लाठी-डंडा लेकर उसे काफी देर तक खोजते रहे लेकिन न बच्चे का कहीं पता चला न भेड़िए के निशान मिले।

### छह घंटे के बाद मिली लाश

ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग और पुलिस को दी। वन टीम, पुलिस के साथ मौके पर पहुंची और बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। करीब छह घंटे की तलाश के बाद बच्चे का शव मिला। बच्चे के दोनों पैर गायब थे। भेड़िया पैरों को खा गया था। रेंजर ऑकार यादव ने बताया कि बच्चा घर के बरामदे में लेटा हुआ था। उसी समय जंगली जानवर बच्चे को उठा के ले गया। ग्रामीण ने बताया कि गन्ने के खेत की तरफ जानवर गया, उसके बाद गायब हो गया।

## छुट्टा पशुओं से फसलें बर्बाद, किसान रातभर रखवाली को मजबूर

**बहराइच।** लखैया कला और नानपारा क्षेत्र में आवारा पशु किसानों के लिए एक गंभीर समस्या बन गए हैं। कड़ाके की ठंड के बावजूद किसान अपनी खड़ी फसलों को बचाने के लिए, रातभर खेतों में रखवाली करने को मजबूर हैं। छुट्टा गाय और बैल रात के अंधेरे में खेतों में घुसकर फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। राधेश्याम, गोपाल, बनवारी, लालजी, हनुमान और सच्चिदानंद मिश्रा जैसे स्थानीय किसानों ने बताया कि वे अपनी फसलों को बचाने के लिए खेतों के बाहर दर्जनों गायों को बांधकर लाठी-डंडों के साथ पहरा दे रहे हैं। इस मजबूरी के कारण कई बुजुर्ग और युवा किसान ठंड की चपेट में आकर बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन वे खेत छोड़कर नहीं जा सकते। किसानों की इस समस्या की जानकारी मिलने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पंकज जायसवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से बात करके समाधान का आश्वासन दिया।

# बाल संरक्षण के नाम पर मज़ाक, रोसा का प्रशिक्षण बना खानापूर्ति का तमाशा



समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** बाल विवाह, बाल श्रम और बच्चों के अधिकारों पर बड़ी-बड़ी बातें करने वाली रोसा संस्था का बाल संरक्षण प्रशिक्षण जमीनी हकीकत में पूरी तरह फेल नजर आया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संवेदनशील विषयों पर प्रशिक्षित करने का दावा करने वाला यह कार्यक्रम, गंभीर प्रयास नहीं बल्कि महज औपचारिकता और दिखावे की भेंट चढ़ गया। सुबह 11 बजे शुरू होने वाला प्रशिक्षण अव्यवस्था और लापरवाही का शिकार रहा। हाल यह कि जिन विकास जायसवाल और जिला क्वाडिनेटर अर्पित श्रीवास्तव को प्रशिक्षण देना था, वे दोपहर 12.30 बजे तक भी कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचे। ऐसे में सवाल उठता है कि जब प्रशिक्षक ही गायब रहें, तो प्रशिक्षण किस बात का? कार्यक्रम में विजय पाठक (क्वाडिनेटर) और शिवा (सहयोगी) की मौजूदगी जरूर दर्ज हुई, लेकिन बच्चों के अधिकार, सुरक्षा और संरक्षण जैसे गंभीर मुद्दों पर न तो ठोस चर्चा हुई और न ही व्यावहारिक जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घंटों इंतजार करती रहीं और कार्यक्रम समय काटने की रस्म अदायगी बनकर रह गया। बाल संरक्षण जैसे गंभीर विषय को इस तरह हल्के में लेना न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। कागज़ों में चल रहे ऐसे कार्यक्रम अगर इसी तरह होते रहे, तो बाल विवाह और बाल श्रम रोकने के दावे केवल भाषणों तक ही सीमित रह जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### डायट प्राचार्य ने डीएलएड परीक्षा मूल्यांकन का किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर (डायट) में गतिमान डीएलएड मूल्यांकन कार्य का डायट प्राचार्य आशीष कुमार सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य ने मूल्यांकन कक्षों का भ्रमण कर शुचिता और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने वहाँ मौजूद शिक्षकों को कड़े निर्देश दिए कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें, ताकि किसी भी प्रशिक्षु के साथ अन्याय न हो। निरीक्षण के दौरान मूल्यांकन में लगे शिक्षकों की संख्या कम पाए जाने पर प्राचार्य ने गहरा असंतोष व्यक्त किया। कार्य की धीमी गति को देखते हुए उन्होंने जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को निर्देशित किया है। कि वे अपने-अपने विकासखंड से प्रत्येक विषय के दो-दो अनुभवी शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से मूल्यांकन कार्य हेतु डायट भेजें। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करना संस्थान की प्राथमिकता है। प्राचार्य ने उप नियंत्रक/प्रवक्ता रमेश कुमार को निर्देशित किया कि मूल्यांकन की प्रगति की प्रतिदिन की सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता, दशरथ यादव, रमेश कुमार, रामपाल वर्मा, गोविंद किशोर, इश्तियाक अहमद एवं आशीष कुमार एवं कार्यालय सहायक सलीम अंसारी, वीरेंद्र सिंह एवं तालिब हुसैन उपस्थित रहे।

### प्लास्टर करते समय राजगीर मिस्त्री की गिरकर मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा में एक घर में प्लास्टर करते समय गिर के एक 60वर्षीय राजगीर मिस्त्री की मौत हो गई। कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के सकरौरा गांव के निवासी राम कुमार पुत्र हनुमान एक युवक के घर पर दूसरी मंजिल की दीवाल का प्लास्टर कर रहा था।प्लास्टर करते समय अचानक गिर गया। इलाज के लिए उस को कर्नल गंज सी एस सी पर लाया गया।हालत नाजुक होने पर उस को मेडिकल कालेज के लिए रेफर किए गए। मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक का एक पुत्र अंकित कुमार है जो चंडी गढ़ में रहकर मजदूरी करता है। अपनी बहू राधा देवी के साथ रहता था। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से मेमो की सूचना मिली है। तहरीर मिलते ही अग्रिम कारवाही की जाएगी।

### सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव स्थगित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ गोंडा के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी व जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला संयुक्त रूप से पत्र जारी करते हुए विकासखंड कटरा बाजार में मैं नियम विरुद्ध कराए गए सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव को संघ सेवा नियमावली 1979 के अंतर्गत जिला संगठन ने रोक लगा दी है पूर्व मे जिला संगठन के चुनाव के दिन ब्लॉक मुख्यालय पर कटरा ब्लॉक के पूर्व पदाधिकारी के द्वारा चुनाव कराया गया जिसमें हरिन बहादुर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष संत प्रसाद शुक्ला ब्लॉक महामंत्री शिव प्रसाद यादव कोषाध्यक्ष ज्ञानेश पांडे ब्लॉक उपाध्यक्ष पत्र जारी करते हुए एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा गया है चुनाव अधिकारी के रूप में सफाई कर्मचारी उदित कुमार व रक्षा राम को पत्र जारी किया गया है किस निर्देश पर आपने चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारी का कार्य किया अपना स्पष्टीकरण अधोस्तक्षरी को एक सप्ताह के अंदर अवगत करने का निर्देश दिया गया है अन्यथा की दशा में संगठन उपरोक्त पदाधिकारी व चुनाव अधिकारी के खिलाफ संगठन आत्मक कार्रवाई करते हुए प्रदेश संगठन व विभागीय अधिकारी को अवगत करा दिया।

### ओलंपियाड में एचआरए इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों का परचम

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में रचनात्मकता और तार्किक क्षमता के विकास के उद्देश्य से एच.आर.ए. इंटर कॉलेज, उतरौला में दिनांक 20 एवं 22 दिसम्बर 2025 को 'मैथ्स एंड आर्ट ओलंपियाड' का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के गणित शिक्षक महताब सर की देखरेख में किया गया, जिसमें कक्षा 3 से कक्षा 10 तक के लगभग 1150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन के पहले चरण में 20 दिसम्बर (शनिवार) को कक्षा 3 से कक्षा 7 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि अगले कार्यदिवस 22 दिसम्बर (सोमवार) को कक्षा 8 से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता को दो चरणों में विभाजित किए जाने से व्यवस्था सुचारू बनी रही और विद्यार्थियों को शांत एवं अनुकूल वातावरण में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। मैथ्स ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने गणित से जुड़े विविध तार्किक, संख्यात्मक एवं विश्लेषणात्मक प्रश्नों को पूरे आत्मविश्वास और लगन के साथ हल किया। वहीं आर्ट ओलंपियाड के अंतर्गत दिए गए विषय 'प्राकृतिक परिदृश्य' पर छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता और सृजनात्मक सोच का सुंदर प्रदर्शन करते हुए अत्यंत आकर्षक और मनमोहक चित्र बनाए। बच्चों की कलाकृतियों ने दर्शकों और शिक्षकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। पूरी प्रतियोगिता का संचालन सुव्यवस्थित, अनुशासित और पारदर्शी ढंग से किया गया।

# राम प्यारे शिव शंकर क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन



समृद्धि न्यूज

**अजंता क्रिकेट क्लब ने मुकाबले में पायनियर क्लब नवाबगंज को हराया**

बहराइच। जिला क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के तत्वावधान में आयोजित राम प्यारे शिव शंकर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन सोमवार को राम प्यारे शिव शंकर इंटर कॉलेज शिवपुर के खेल मैदान पर हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कृपा राम वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपुर सुधीर यज्ञसैनी, खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव, प्रबंधक श्याम बिहारी वर्मा एवं प्रधानाचार्य गजेन्द्र मणि मिश्र उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

उद्घाटन मैच अजंता क्रिकेट क्लब एवं पायनियर क्रिकेट क्लब नवाबगंज के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर अजंता क्रिकेट क्लब ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पायनियर क्रिकेट क्लब की टीम 18.5 ओवर में 106 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से सम्राट तिवारी ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। अजंता क्रिकेट क्लब की तरफ से वत्सल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अजंता क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर की अंतिम गेंद पर 1 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। टीम की ओर से अभिषेक यादव एवं सत्यम साहू ने 27-27 रनों की अहम पारियां खेलीं। पायनियर क्रिकेट क्लब की ओर से वीरेंद्र ने 4 विकेट हासिल किए।

शानदार प्रदर्शन के लिए अजंता क्रिकेट क्लब के वत्सल सिंह को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका अकील एवं आतिफ खान ने निभाई, जबकि आंखों देखा हाल आदिल जमीर ने सुनाया। मैच के दौरान जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इशरत महमूद खान, अनीत बाजपेई, अटल सिंह, हरेंद्र, गोविंद सिंह, सुखदेव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी व खेल समर्थक मौजूद रहे।

## आईजीआरएस शिकायत में गलत निस्तारण का आरोप, पीड़ित असंतुष्ट

**कैसरगंज, बहराइच।** ग्राम कुड़ौनी विकासखंड कैसरगंज निवासी मुजीब अहमद पुत्र मोहम्मद राशिद द्वारा दर्ज शिकायत संख्या 40018025063728 में कथित रूप से बिना निष्पक्ष जांच किए ही निस्तारण दर्शा दिया गया, जिससे पीड़ित असंतुष्ट है। पीड़ित द्वारा यह शिकायत 22 अगस्त 2025 को दर्ज कराई गई थी, जिसमें शैक्षिक अभिलेखों (डुप्लीकेट मार्कशीट/पासिंग प्रमाण पत्र) से संबंधित समस्या का उल्लेख किया गया था। शिकायत के निस्तारण के बाद पीड़ित ने 16 दिसंबर 2025 को आईजीआरएस पोर्टल पर फीडबैक दर्ज कराते हुए स्पष्ट रूप से लिखा कि वह विभाग द्वारा दिए गए समाधान से संतुष्ट नहीं है और उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के निस्तारण में वास्तविक तथ्यों की जांच नहीं की गई और बिना समुचित प्रक्रिया अपनाए रिपोर्ट लगा दी गई। पीड़ित ने पुनः जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# शिवपुर ब्लॉक सभागार में वीएचएसएनसी का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

समृद्धि न्यूज

**सात समितियों ने लिया भाग, स्वास्थ्य व स्वच्छता पर दिया गया विशेष जोर**

**बहराइच।** सोमवार को विकासखंड शिवपुर के सभागार कक्ष में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल सात वीएचएसएनसी समितियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी सरकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को गांव में स्वच्छता बनाए रखने, बच्चों के पोषण पर केंद्रित स्वास्थ्य गतिविधियों तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। खेल व गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं को समझाया गया, जिससे समितियों को गांव में प्रभावी ढंग से कार्य करने में मदद मिल सके। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट एंड मदर चाइल्ड संस्था तकेडा के ब्लॉक मेंटर आनंद शुक्ला ने प्रशिक्षणार्थियों को वीएचएसएनसी के अनटाइड फंड का उपयोग स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रमों में किस प्रकार किया जाए, इसकी जानकारी दी। वहीं प्रशिक्षक संदीप कुमार ने वीएचएसएनसी सदस्यों के सशक्तिकरण, सक्रिय भूमिका, दायित्वों, मासिक बैठकों, ग्राम स्वास्थ्य योजनाओं, अनटाइड फंड की निगरानी एवं मूल्यांकन तथा सामूहिक स्वास्थ्य कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी समिति सदस्यों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सदस्यों ने अपने-अपने गांव और समाज को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर मीनाक्षी गुप्ता, एएनएम प्रियांशी, वंदना पाठक, शबनम, आशा कार्यकत्री संतोष कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री फूलमती सहित 12 गांवों की आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तथा मनोज कुमार, रामगोपाल, सुधा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के तहत आयोजित हुआ सामान्य स्वास्थ्य शिविर



समृद्धि न्यूज़

**गोण्डा।** उ0प्र0 राज्य एड्स नियन्त्रण सोसायटी, लखनऊ व निदेशक संचारी रोग, चिकित्सा स्वास्थ्य के परस्पर समन्वय से उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम के क्रियाशील बस डिपो में कार्यरत चालक, परिचालक एवं अन्य सहयोगी कर्मचारियों का बस स्टेशन, डिपो पर एक सामान्य स्वास्थ्य शिविर (जनरल हेल्थ कैम्प) का आयोजन किया गया।

जिसके अन्तर्गत- एचआईवी परामर्श एवं जांच, टीबी, सिफलिस, नेत्र जांच, सामान्य रक्त परीक्षण, एसटीआई परामर्श एवं जांच तथा हेपेटाइटिस बी , सी की जांच की गई। इस शिविर का उद्घाटन UPSRTC आर0एम0 अरविन्द कुमार, ए0आर0एम0 कपिल देव , जिला क्षय रोग अधिकारी/ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 जय गोविन्द द्वारा किया गया। आरएम अरविन्द कुमार एवं एआरएम कपिल देव ने सभी को स्वस्थ रहने का संदेश दिया एवं समय समय पर नियमित जांचों के लिए प्रेरित किया। परीक्षण, परामर्श जांच हेतु आईसीटीसी के एलटी सुनील यादव, डीएसआरसी केंद्र के सतीश भारती, मॉडर्न ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद नसीम, टीबी विभाग के एसटीएस मोहम्मद असलम एलटी दिनेश तिवारी, UPSRTC के ओपी श्रीवास्तव, राज्य स्तर से पर्यवेक्षक के रूप में मोहम्मद नौशाद टेक्निकल एक्सपर्ट, स्वास्थ्य विभाग टीबी अनुभाग के डीपीसी विवेक सरन, दिशा यूनिट देवीपाटन मण्डल के सीएसओ आयुष सरन, डीएमडीओ प्रशान्त श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## कल्याणम करोति का पंजीकरण 25 को

**गोंडा।** दिव्यांग पंजीयन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन समाजसेवी संस्था कल्याणम करोति, लखनऊ द्वारा भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी के जन्मदिवस 25 दिसम्बर के अवसर पर दिव्यांग जनों के सेवार्थ पंजीयन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक हरि नारायण सावित्री देवी मिनी चैरिटेबल क्लिनिक, दीवानी कचहरी गेट के सामने, लखनऊ रोड गोंडा में आयोजित होगा। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांग जनों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सहायक उपकरणों के लिए पंजीयन एवं परीक्षण करना है। संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चयनित दिव्यांग जनों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जन्मदिवस 23 जनवरी को गोंडा में आयोजित कार्यक्रम में सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। शिविर में ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी तथा महिलाओं के लिए सिलाई मशीन प्रदान करने हेतु पंजीकरण किया जाएगा।

# धूमधाम से मनाई गई श्री मोदनसेन जी महाराज की जयंती

समृद्धि न्यूज




**गोंडा।** रविवार को देर शाम गोंडा के गांधी पार्क स्थित संपूर्णानंद सभागार के प्रांगण में श्रीमोदनसेन महाराज जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री परिवार गोंडा द्वारा दीप यज्ञ कार्यक्रम देव संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र विशेष वशिष्ठ इस पर साहिवाल मनीष शर्मा एवं निशिका आर्य द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हलवाई मोदनवाल समाज के प्रांतीय अध्यक्ष आलोक कुमार आर्य का स्वागत व अभिनंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उसके बाद मुख्य अतिथि आलोक आर्य और विशिष्ट अतिथि रामली देवी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद करनैलगंज व प्रतिनिधि रामजी लाल मोदनवाल ने श्री मोदनसेन जी महाराज के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इनके अलावा कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ज्ञान प्रकाश मोदनवाल प्रांतीय महामंत्री, चिरोजीलाल मोदनवाल राष्ट्रीय मंत्री, हिरण बाबू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, माखनलाल प्रांतीय मंत्री, संजय मोदनवाल प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य रहें। मोदनवाल युवा हलवाई समाज द्वारा वैवाहिक परिचय का भी एक प्रोफार्मा सभी परिजनों को उपलब्ध कराया गया जिसमें अपने परिवार के बच्चों के विषय में लोग जानकारी समाज के परिजनों से साझा कर सके ऐसी व्यवस्था बनाई गई। साथ ही साथ समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष आलोक आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को प्रत्येक मुख्यालय पर एक लेबोरेटरी (प्रयोग शाला) का गठन करना चाहिए।और मिष्ठान पर जीएसटी मुक्त किया जाए।ये हमारी सरकार से मांग है। कार्यक्रम में समाज के बच्चे निहारिका मोदनवाल,निशिका आर्य, श्याम मोदनवाल और लाडो मोदनवाल ने भजनों की प्रस्तुति दी इसके अलावा कार्यक्रम में एक छोटी सी 3 साल की बच्ची ने- चंदा से प्यारा कौन है,मेरे पापा वो मेरे पापा ... के गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। ये दृश्य देख कर बैठे हुए समाज का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, बहराइच, मटेरा और आसपास जनपद से समाज के पदाधिकारीगण शामिल हुए।

# किसके इशारे पर हो रहा खोरहसा क्षेत्र में खनन

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** कोतवाली देहात क्षेत्र में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का गोरखधंधा पूरे शबाब पर है। हैरानी की बात यह है कि यह अवैध कारोबार स्थानीय पुलिस चौकी की कथित छत्रछाया में खुलेआम संचालित किया जा रहा है शिकायतों के बावजूद न तो खनन माफियाओं पर कोई कार्रवाई हो रही है और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई सख्ती दिखाई दे रही है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम गोंडा-अयोध्या मार्ग पांडे पुरवा के पास डड़वा कानून गो, तिवारीपुरवा सहित आसपास के इलाकों में दिन-रात जेसीबी और ट्रैक्टरों के माध्यम से मिट्टी की खोदाई की जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन माफिया दिन-रात बिना किसी डर के खेतों, बंजर भूमि व अन्य स्थानों से भारी मात्रा में मिट्टी की खोदाई कर रहे हैं।मिट्टी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉलि यां और डंपर बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे ग्रामीण रास्ते जर्जर हो चुके हैं और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। सूत्र बता रहे हैं कि खनन करने वाले व्यक्ति बेखौफ होकर यह कहते हैं कि रो जाना पांच से पांच हजार रुपये सीधे थाने और पुलिस चौकी पर दिए जाते हैं, जिसके बाद उन्हें खुलेआम खनन करने की छूट मिल जाती है ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन से पर्यावर ण को भारी नुकसान हो रहा है।खेतों की उप जाऊ मिट्टी हटने से कृषि प्रभावित हो रही है बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। शिकायत करने वाले लोगों का यह भी आरोप है कि जब वे थाने या उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद कार्यवाही न होने पर लोग खुलकर सामने आने से कतराते हैं।इससे खनन माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं।

अब सवाल यह उठता है कि क्या जिला प्रशासन और खनन विभाग इस पूरे मामले से अनजान हैं या फिर सब कुछ जानकर भी चुप्पी साधे हुए हैं..? यदि समय रहते इस अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो इसका खामियाजा पर्यावरण दोनों भुगतना पड़ेगा।वहीं मामले में खनन अधि कारी ने बताया कि सभी थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी को इसकी सूचना है अगर उस चौकी क्षे त्र में अवैध खनन पाया जाता है तो वह उनकी पूर्ण जिम्मेदारी होगी।

**निर्देश** | डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

# नियमित कार्य न करने वाली एएनएम व आशाओं पर करें कार्रवाई

**समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर सीएचसी अधीक्षक झंझरी का वेतन रोकने के निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जि. स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।

प्रस्तावित एजेंडा के आधार पर यूपीएचएमआईएस हेल्थ डैशबोर्ड, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, कम्युनिटी प्रोसेस, राष्ट्रीय कार्यक्रम नान कम्युनिकेबल डिजीज, एनसीडी, एनबीसीपी, आरएनटीसीपी, पीएमएमवीवाई, नियमित टीकाकरण, वैक्सीनेशन, जननी सुरक्षा व मातृ वंदना योजना के तहत भुगतान की स्थिति, आशा इन्सेन्टिव, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, ओपीडी व आईपीडी की स्थिति, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सीएचसी पर बेडों की ऑक्यूपेंसी की स्थिति सहित अन्य योजनाओं की जिलाधिकारी द्वारा गहन समीक्षा की गई। वहीं जिला स्वास्थ समिति की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नवम्बर, 2025 का भ्रमण की समीक्षा की गई। एनआरसी में भर्ती बच्चों, आरसीएच पोर्टल फीडिंग के स्टेटस, एनपीसीडीसीएस, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम आदि सभी की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समय से कार्य कराना सुनिश्चित करें। जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सीएससी अधीक्षकों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की योजनावार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सीएचसी अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि सभी योजनाओं के कार्य समय से पूर्ण कराया जाय तथा समय-समय पर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से योजनावार समीक्षा की जाय। ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन समय से किया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सभी अधीक्षक अपने अपने सीएचसी एवं पीएचसी पर ही निवास करें तथा संस्थागत प्रसव एवं विभिन्न प्रकार के टीकों को समय से लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों को भर्ती करायें, साथ ही इस पर विशेष ध्यान दिया जाय। ई-कवच को पोर्टल को अपडेट करें। प्रसव केंद्र पर प्रसव की संख्या बढ़ाएं। जनपद के सभी सब सेंटरों पर एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। ताकि सेंटर पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने सीएमओ को कड़े निर्देश दिये हैं कि विभाग में कार्य के लिए जितने भी टेंडर पेंडिंग हो उन सभी को एक सप्ताह के अंदर नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जनपद के सभी सीएचसी केंद्रों में कायाकल्प कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न की जाय। बैठक में एएमआईएस की प्रगति को और सही करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार लाएं, साथ ही रैंकिंग पर विशेष ध्यान दें। समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएचसी अधीक्षक झंझरी का वेतन रोकने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा है कि इनके सीएचसी की प्रगति सही होने पर ही इनका वेतन देय होगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी सीएचसी अधीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में स्वयं जाकर टीकाकरण का स्थान चिन्हित करें और अधिक से अधिक बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण करायें। क्षेत्र में जिन एएनएम व आशाओं द्वारा नियमित चेकअप का कार्य नहीं किया जा रहा है उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करें।

# ANSY Group के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिया आत्मविश्वास व प्रतिभा का परिचय

## कार्यक्रम की थीम रही "Canvas of Dreams", बच्चों ने नृत्य, संगीत और नाटक के रूप में प्रस्तुत देकर मोहा लोगों का मन

▸ उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में रहे उपस्थित

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** ANSY Group द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव EXPRESSIONS 2025 शिक्षा, रचनात्मकता ओर सामाजिक मूल्यों का प्रभावशाली उदाहरण बनकर उभरा। 21 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने मंच के माध्यम से अपने आत्मविश्वास और प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम की थीम "Canvas of Dreams" रही, जिसमें बच्चों ने अपने सपनों को नृत्य, संगीत और नाटक के रूप में प्रस्तुत किया। ANSY Mothers द्वारा की गई सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को भावनात्मक ऊँचाई प्रदान की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन से कार्यक्रम की गरिमा और उत्साह दोनों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

मुख्य अतिथि दया शंकर सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय की अनूठी पहल पिंक ब्रिगेड की मदम्यों को सम्मानित किया। उन्होंने पिंफ ब्रिगेड को महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि एम पयास ममाज में सकारात्मक चदलाव की दिशा तय करते हैं। विद्यालय द्वारा संचालित स्कूल बसों में महिला कंडक्टरों की नियुक्ति को उन्होंने सराहनीय कदम बताया, जो न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है,






बल्कि छात्राओं की सुरक्षा और अभिभावकों के विश्वास को भी मजबूत कर रहा है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अनीता मिश्रा जी रहीं, जिन्होंने अपने प्रेरणादायी शब्दों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास, संस्कारयुक्त शिक्षा और आत्मविश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ANSY Group के चेयरमैन डॉ. आशीष यादव अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि ANSY Group का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को दिशा देना और उन्हें एक सशक्त, संवेदनशील एवं आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है। निदेशक डॉ. नेहा सिंह ने शिक्षा के साथ रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों के संतुलन पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के मंच बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। The ANSY School की प्रधानाचार्य मिस निवेदिता चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों का आत्मविश्वास और मंच पर उनकी प्रस्तुति ANSY की गुणवत्ता आधारित शिक्षा का प्रमाण है। Kidzee की प्रधानाचार्य मिसेज अंजु भट्ट नन्हे बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। Kidzee की सेंटर हेड मिसेज शिवांगिनी श्रीवास्तव ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ANSY परिवार मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रहा है। समग्र रूप से EXPRESSIONS 2025 एक अत्यंत भव्य, प्रेरणादायी और सफल आयोजन रहा, जिसने बच्चों की प्रतिभा, शिक्षकों के समर्पण और ANSY Group की दूरदर्शी सोच को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। यह आयोजन सभी उपस्थित अतिथियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

## खबरें एक नजर में

### कैसरबाग में सिल्क परिधानों की भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** क्रिसमस और नववर्ष के शुभ अवसर पर कैसरबाग स्थित ऐतिहासिक सफेद बारादरी में विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार किए गए सिल्क परिधानों की विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । इस प्रदर्शनी का आयोजन न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया संस्था द्वारा किया गया 4 जनवरी 25 तक चलने वाले एक्सपो भारतीय हैंडलूम संस्कृति और प्रकृति-सम्मत परिधानों का अनोखा संगम है। प्रदर्शनी में बनारसी, चंदेरी, तस्सर, कांचीपुरम, इक्कत, पैठानी, जयपुरी बगरू प्रिंट जैसे परिधान और सिल्कध्हैंडलूम मार्क वाले शुद्ध प्राकृतिक रेशों के उत्पाद मुख्य आकर्षण रहे। प्रदर्शनी का उद्घाटन सोमवार फैशन क्रियेटर व मॉडल दिव्या ध्रूबी ने किया प्रदर्शनी में एम टीवी स्टार मोनिस सेविटार भी मौजूद रहे। देश के अलग-अलग राज्यों से आए बुनकरों के उत्कृष्ट सिल्क वस्त्र प्रदर्शित किए जाएंगे, जो पारंपरिक शिल्प और आधुनिक डिजाइन का अनूठा संगम होंगे।

### महात्मा गांधी नाम से नफरत करती है मोदी सरकार : भाकपा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोदी सरकार आर्थिक रुप से पंगु हो गयी है और महात्मा गाँधी ग्रामीण रोजगार योजना के लिए धन न होने कारण समाप्त कर दिया गया है। यह संघ नियंत्रित और प्रशिक्षित सरकार महात्मा गांधी नाम से नफ़रत करती है और वह चाहते है कि नथूनीराम गोडसे रोजगार योजना चलाई जाये, जिससे गोडसे को स्वीकार्यता दिलायी जा सके, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा बाराबंकी में पार्टी के प्रदर्शनकारियो को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन के कहीं। जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि राज्य सरकारे खुद कर्ज के मकड़्घ्जाल में फंसी हुई। वह 40 फीसदी नयी योजना में शेयर नहीं कर पायेगी और नया कानून धन के अभाव में दम तोड़ देघ्गा।राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि 70 करोड़ लोगों को आंशिक रोजगार देने वाले कानून समाप्त करना उनकी आर्थिक विफलता का सूचक है। किसान सभा के अध्यक्ष विनयकुमार सिंह ने कहा कि मनरेगा कानून को कम्युनिस्ट पार्टी ने बनवा था और कम्युनिस्ट पार्टी उसके लिए आन्दोलन करेगी। पार्टी के कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा नेतृत्व में ज्ञापन राष्ट्रपति को सम्बोधित जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया।

# ठंड से बचाव के लिए रैनबसेरे में फरियादियों की रुकने की व्यवस्था कराएं अफसर : योगी

▸ सीएम ने स्थानीय प्रशासन को दिया निर्देश डीएम व एसपी प्रतिदिन जनपदों में सुनें जन शिकायत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की। सीएम ने उनकी समस्याएं सुनीं और प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में भी 'जनता दर्शन' में फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचते हैं, लेकिन लखनऊ में होने वाले 'जनता दर्शन' में भी बड़ी संख्या में फरियादी आते हैं। 'जनता दर्शन' में शामिल होने के लिए एक दिन पहले रात में ही वे राजधानी पहुंच जाते हैं। यहां आने वाले फरियादी रैन बसेरों में रूकें, सरकार ने रैन बसेरों में समुचित व्यवस्था की है। सीएम ने लखनऊ प्रशासन को निर्देश दिया कि रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहें और रैन बसेरों में रहने वालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय ठंड काफी पड़ रही है।

आमजन से अपील की कि पहले जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान के पास पहुंचें और अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। हर समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान को निर्देश दिया कि प्रतिदिन जनता की समस्याएं सुनें और उनका निराकरण कराएं, जिससे उन्हें ठंड के मौसम में लखनऊ न आना पड़े।'जनता दर्शन' में कुछ फरियादी इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर भी पहुंचे थे। इस पर मुख्यमंत्री ने उनका प्रार्थना पत्र लिया और कहा कि अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर दीजिए। सरकार पहले दिन से ही इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है।

### सरकार का संकल्प : इलाज के अभाव में किसी को न हो परेशानी

सरकार का संकल्प है कि इलाज के अभाव में किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। कुछ मामले जमीन कब्जे के भी आए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रूख अपनाते हुए इसकी जांच कराते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धान खरीद के मामलों को लेकर पहुंचे किसानों की शिकायत सुनकर सीएम ने तत्काल संबंधित प्रशासन को समाधान के लिए निर्देशित किया। किसानों की समस्याओं का निदान ही सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने बच्चों से संवाद किया, उन्हें दुलारा-पुचकारा और पढ़ाई के बारे में भी पूछा। बच्चों ने भी मुख्यमंत्री के प्रश्नों का जवाब दिया, फिर सीएम ने सभी बच्चों को चॉकलेट दी और अभिभावकों से कहा कि ठंड अधिक पड़ रही है। बच्चों को ठंड में बचाकर रखें। मुख्यमंत्री का प्रेम देख अभिभावक अभिभूत हो गए।

# उत्सव युवा कल्याण व पीआरडी विभाग के तत्वावधान में 24 तक चलेगा युवा उत्सव



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर, लखनऊ में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा राज्य युवा उत्सव 2025-26 का आयोजन 22 से 24 दिसम्बर तक इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है, जोकि प्रत्येक वर्ष जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं मण्डल स्तरीय युवा उत्सव के उपरान्त किया जाता है और राज्य के युवा प्रतिभाओं के लिए एक मंच सांझा करता है।

इस वर्ष राज्य युवा उत्सव में कल्चरल ट्रैक के अन्तर्गत लोकगीत, लोकनृत्य की समूह व जीवन कौशल श्रेणी में कहानी लेखन, कविता, डिक्लेमेशन, पेंटिंग तथा इनोवेशन ट्रैक के अन्तर्गत साइंस मेला (विज्ञान प्रदर्शनी) का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्व.प्र.), युवा कल्याण एवं खेल, उत्तर प्रदेश गिरीश चन्द्र यादव उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान उनका स्वागत सचिव/महानिदेशक, युवा कल्याण सुहास एल.वाई.द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। वहीं श्री सुहास को संयुक्त निदेशक, युवा कल्याण अशोक कुमार कनौजिया द्वारा एवं इसी कड़ी में श्री कनौजिया का स्वागत विभाग के उप निदेशक आदित्य कुमार द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

# उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में चल रहे प्रमुख निर्माण व अवसंरचना कार्यों की हुई समीक्षा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** महाप्रबंधक उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा ने मण्डल कार्यालय के सभागार मे मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ सुनील कुमार वर्मा तथा मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों, गतिशक्ति लखनऊ एवं वाराणसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंडल में चल रहे प्रमुख निर्माण एवं अवसंरचना कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर विशेष बल दिया।

बैठक के दौरान बाराबंकी-मल्हौर रेल खंड पर तृतीय एवं चतुर्थ लाइन निर्माण परियोजना की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। परियोजना के अंतर्गत बाराबंकी से मल्हौर के मध्य 27.0 किमी की तृतीय एवं चतुर्थ रेल लाइन का निर्माण कराया जा रहा है एवं मल्हौर- दिलकुशा के मध्य 8.20 किमी की तृतीय लाइन का कार्य तथा दिलकुशा-लखनऊ खंड पर चार-लाइन की एंट्री-एग्जिट से संबंधित कार्य भी प्रगति पर हैं। महाप्रबंधक को लखनऊ एवं वाराणसी क्षेत्र में चल रहे अन्य प्रमुख निर्माण कार्यों की भी जानकारी दी गई। इनमें जौनपुर-जफराबाद रेल खंड में दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत, छोटे पुलों का विस्तार, प्लेटफार्म एवं भवन निर्माण कार्य तथा मेजर ब्रिज के सब-स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य शामिल है। इसके साथ ही वाराणसी-शिवपुर रेल खंड की तृतीय रेल लाइन के निर्माण कार्य की प्रगति से भी अवगत हुए तथा वाराणसी क्षेत्र में स्टेशन भवन एवं अन्य सहायक विविध निर्माण कार्यों के बारे मे भी जानकारी ली।

# राष्ट्रीय परशुराम परिषद निकालेगी भव्य रथ यात्रा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भगवान परशुराम के जनजागरण अभियान को लेकर राष्ट्रीय परशुराम परिषद भव्य रथ यात्रा निकालेगी व आमंत्रण दिवस पर अवकाश घोषित कराने हेतु मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे।

राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक व पूर्व राज्यमंत्री सुनील भराला राष्ट्रीय परशुराम परिषद की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का आयोजन उत्तर प्रदेश में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक में संगठन विस्तार, भावी रणनीति, सदस्यता अभियान एवं सामाजिक सरोकारों पर व्यापक मंथन किया गया। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के (नि.) पूर्व राज्य मंत्री माननीय पंडित सुनील भराला द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री संगठन, प्रदेश सह-महामंत्री, धर्म प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, मीडिया प्रभारी सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### संगठन को मजबूत करने का आह्वान

पंडित सुनील भराला ने कहा कि ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा एसआईआर अभियान नागरिकों को अपने सभी मतदान दस्तावेज़ जोड़ने और इस सरकारी पहल में सक्रिय योगदान देने का अवसर है। उन्होंने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने परिवार के प्रत्येक पात्र सदस्य का मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करें और इस अभियान को जमीनी स्तर तक सफल बनाएं। आज राष्ट्रीय परशुराम परिषद से 8 लाख से अधिक सक्रिय सदस्य जुड़े हुए हैं। अब समय आलोचना का नहीं, बल्कि संगठन और समाज के लिए ठोस कार्य करने का है। उन्होंने युवाओं को आगे लाने, उन्हें जिम्मेदारी देने और नेतृत्व के अवसर प्रदान करने पर बल दिया। प्रदेश अध्यक्ष को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाल के धरना-प्रदर्शनों ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब संगठन एकजुट होता है, तो उसकी आवाज सांसदों, विधायकों और प्रधानमंत्री तक पहुँचती है। उन्होंने कहा कि पद नहीं, बल्कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किया गया कार्य महत्वपूर्ण है।

### संजय सेतु के शीघ्र निर्माण की उठी मांग

**लखनऊ।** विधानसभा भवन, लखनऊ के सामने सामाजिक कार्यकर्ता संजीव सिंह राठौर ने जनपद बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती व बलरामपुर के जनप्रतिनिधियों से घायल संजय सेतु (घाघरा पुल) के शीघ्र निर्माण की जोरदार मांग की। उन्होंने कहा कि संजय सेतु केवल एक पुल नहीं, बल्कि देवीपाटन मंडल की जीवनरेखा है, जिससे प्रतिदिन लाखों लोग आवागमन करते हैं। संजीव सिंह राठौर ने बताया कि पुल की जर्जर हालत के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों और व्यापारियों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ता है, जिससे समय, धन और संसाधनों की बर्बादी हो रही है। आपातकालीन सेवाओं पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# मानस मंदिर डालीगंज में पांच कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** दूल्हा बन गया..., मेरे यार की शादी है..., तेरे द्वारे पर आई बारात.., के गीतों के बीच जब डालीगंज में सामूहिक विवाह के लिए पांच दूल्हों की बारात निकली तो हर कोई देखते रह गया।

घोड़ी पर सजे धजे दूल्हे राजा के ऊपर लोग घरों से पुष्प वर्षा कर रहे थे। यह मौका था श्री राधा सखी सेवा परिवार समिति की ओर से आयोजित सातवां कन्यादान उत्सव का आयोजन सोमवार को मानस मंदिर डालीगंज में धूमधाम से संपन्न हुआ। समिति की अध्यक्ष व संस्थापिका सुषमा अग्रवाल ने बताया कि इस बार भी 5 कन्याओं का कल्याण मंडप विवाह संपन्न हुआ। विवाह से पूर्व प्रातः 11 बजे नयागंज डालीगंज से पाचों दूल्हे राजा बारात लेकर मानस मन्दिर पहुंचे। उसके बाद 11.30 बजे द्वारचार, 12.30 बजे जयमाला, उसके बाद 4.30 बजे गोधूलि बेला में विवाह कार्यक्रम हुआ। फोक सिंगर दीपक सिंह ने विवाह में सुंदर गीतों से सभी को भाव-विभोर कर दिया।



फैजाबाद रोड स्थित सहारा शॉपिंग सेंटर में सोमवार को तलत टूर्स एंड ट्रेवल्स के नवीन कार्यालय का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन हिंदी दैनिक समृद्धि न्यूज लखनऊ के स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।

### नए साल में फिर आंदोलन में उतरेंगे निकाय कर्मी

**लखनऊ ।** उ.प्र.स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने गत दिनो प्रदेश के निकाय कर्मचारियो की लम्बे समय से लम्बित समस्याओ एवं पूर्व प्रेषित मांगपत्र जिनको लेकर महासंघ बराबर ध्यानाकर्षण आन्दोलन के माध्यम से समाधान कराने का प्रयास करता चला आ रहा है। खेद विषय यह है कि न प्रदेश सरकार व न नगर विकास जगा और न ही हमारे मंत्री नगर विकास को निकाय कर्मचारियो की पीड़ा से मतबल और न ही समस्याओ के समाधान से ही कोई सरोकार है। उ.प्र. स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा ने बताया कि अपनी मांगों को महासंघ गत दिनो बहुत लम्बा आन्दोलन देकर समय रहते समाधान कराने का प्रयास किया। जिस पर आगे आन्दोलन न हो उस पर समझोता भी हुआ।

संभावना

### एमएसएमई कार्यालयी तंत्र को मजबूत करने के लिए सीधे बजटीय प्रावधान

# वैश्विक कंपनियों से जुड़कर एमएसएमई को बाजार व निर्यात का नया अवसर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने एमएसएमई माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज सेक्टर को सशक्त बनाने को लेकर अनुपूरक बजट में स्पष्ट और ठोस प्रावधान किए हैं। प्रदेश सरकार का मानना है कि एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके मजबूत होने से रोजगार और निवेश का विस्तार संभव है।

लघु उद्योग भारती, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष, रविन्द्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों और नये अनुपूरक बजट प्रावधानों से एमएसएमई को बढ़ावा और प्रोत्साहन मिलेगा। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यह प्रभावी कदम है। सबसे बड़ी बात यह है कि योगी सरकार ने उद्यमियों और उद्योगों को सुरक्षित वातावरण देने का काम किया है एमएसएमई से जुड़े कार्यालयी तंत्र को मजबूत करने के लिए जिला उद्योग केंद्र के अधिष्ठान व्यय हेतु 1.5 करोड़ रुपये,, उद्योग निदेशालय के अधिष्ठान व्यय के लिए भी 1.5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे जिलों में उद्यमियों को समय पर मार्गदर्शन, स्वीकृति और योजनाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि मजबूत ऑफिस सिस्टम से ही ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जमीन पर दिखेगा। औद्योगिक निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत 823.43 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि प्रस्तावित की गई है। इस राशि का बड़ा हिस्सा एमएसएमई इकाइयों को पूंजी निवेश, सब्सिडी, ब्याज अनुदान और रोजगार सृजन से जुड़े प्रोत्साहन के रूप में मिलेगा। इसके साथ ही औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2017 के लिए 300 करोड़ रुपये और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास नीति 2012 के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे छोटे और मध्यम उद्योगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। एमएसएमई सेक्टर को बड़े निवेश से जोड़ने के लिए फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट और फॉर्च्यून-500 कंपनियों की निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के अंतर्गत 371.69 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसका अप्रत्यक्ष लेकिन महत्वपूर्ण लाभ एमएसएमई इकाइयों को सप्लाई चेन, वेंडर डेवलपमेंट और निर्यात के रूप में मिलेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर को ठोस बजटीय समर्थन मिला है। यही कारण है कि प्रदेश तेजी से एमएसएमई हब के रूप में उभर रहा है और आने वाले समय में लाखों नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई हैं।

## खबरें एक नजर में

### रोजगार सेवक जबरन खेत में बनवा रहा चकरोड़

**शाहजहांपुर।** थाना मदनापुर के गांव बिलगरा निवासी हेमराज ने डीएम को संबोधित शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी गाट संख्या 1316 व 1356 जोकि गांव बौरी तहसील तिलहर में है। जिस पर रोजगार सेवक जबरन उनके खेत में मनरेगा के तहत चकरोड़ डलवा रहा है जिससे उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। बताया रोजगार सेवक से मना किया कि वह खेत में चकरोड़ क्यों डलवा रहे है तो वह लड़ाई झगड़ा पर अमादा हो गया और गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है।

### प्रधान ने ठंड को देखते हुए लगवाए अलाव

**मिर्जापुर–शाहजहांपुर।** शीतलहर और भयंकर सर्दी से आमजन मानस को बचाव के लिए प्रधान प्रतिनिधि ने कस्वा सहित क्षेत्र में अलाव लगवाए है। इस समय चल रही भयंकर शीतलहर और गलन भारी सर्दी पड़ रही है। जिससे बाजार में आने जाने वालों को भरी परेशानी उठानी पड़ रही। आम जनमानस को सर्दी से बचाने के लिये सोमवार को प्रधान प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह के द्वारा कस्वा की मुख्य बाजार सहित मैन चौराहा, बहारिया रोड व थाने पर सर्दी से निजात दिलाने के लिये अलाव लगवाये गये है। अलावा को सेंक कर व्यापारी व राहगीर प्रधान प्रतिनिधि के कार्य की प्रसंसा कर रहे है।

### अलाव को लेकर प्रशासन सख्त, नगर पंचायत कर रही खानापूर्ति, कुछ अलाव स्पॉटों पर भी नहीं लग रहा अलाव



**खुटार, शाहजहांपुर।** भीषण ठंड की शुरुआत हो चुकी हैं, अधिकारी अलाव लगाने के लिए नगर पंचायत, नगर पालिकाओं के अधिकारियों को निर्देश दे चुके हैं, लेकिन खुटार नगर पंचायत के कान में जूं नहीं रेंग रहा है। भीषण ठंड होने के बावजूद अभी मुख्य स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था नही की गयी हैं, जिससे जनता के प्रति नगर पालिका प्रशासन के विरुद्ध रोष है। नगर खुटार में घना कोहरा और कड़ाके की ठंड के बावजूद सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की कोई खास व्यवस्था नहीं की गई है लोगों का कहना है अलाव नाम मात्र के लगाए जा रहे हैं प्रशासन कड़ाके की इस ठंड को देखते हुए लाखों खर्च कर कड़ी व्यवस्था कर रहा है लेकिन नगर पंचायत खुटार में अलाव के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति कर रही है नगर के मोहल्ला नारायणपुर में होलिका दहन के पास मोहल्ला कोट में अलाव नहीं लगाया जा रहा। मुख्य चौराहे पर अस्पताल परिसर, बारात घर के पास, नाम मात्र का अलाव लगा हुआ है। जबकि सूत्रों की मानें कई स्पॉटों पर अलाव नहीं लगाया जा रहा है, लेकिन कागजों पर लगता हुआ दिखाया जा रहा है और उसके धन का बंदर बाट भी किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम

**बंडा–शाहजहांपुर।** सड़क हादसे में 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बा के मोहल्ला मुरादपुर निवासी कमरुद्दीन मोहल्ले की ही मोहम्मदी मस्जिद में मुअजिन थे। सोमवार दोपहर बाद वह मोहल्ले से निकलकर सड़क की तरफ कुछ सामान खरीदने के लिए निकले थे। इधर खुटार रोड पर ही स्थित एक चार पहिया गाड़ी का मैकेनिक संभलने के लिए आई बोलेरो गाड़ी का ट्रायल लेने के लिए निकला तभी अचानक मोहम्मदी का टक्कर लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उनकी मौत से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। मोहल्ले वासियों के मुताबिक वह कई वर्षों से लगातार मोहम्मदी मस्जिद में अजान पढ़ने का कार्य करते थे। उनके दो पुत्र हैं और दोनों बाहर कहीं मजदूरी करने गए हैं जिसके चलते वह अपना पूरा समय मस्जिद में ही दिया करते थे।

### करंट लगने से महिला की मौत, सीओ व कोतवाल ने गांव जाकर शव को लिया कब्जे में

**तिलहर – शाहजहांपुर।** ठिठुरन के चलते तापने के लिए खेत से पतेल लेने गई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सीएचसी से मृतका के शव को परिजन घर ले गए। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव बंधी चक निवासी जौहरी लाल की पत्नी सुशीला देवी 50 सर्दी के चलते तापने के लिए पतेल लेने गई थी। इसी दौरान उन्हें खेत में लगाए गए आरी बंगले तार से करंट लग गया। जिससे वह अचेत हो गई। परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर गांव चले गए। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें पीआर बी से सूचना मिली थी कि करंट लगने से महिला की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

# कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं: नगरायुक्त

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



महानगर के लोहरों वाले चौराहे पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण का नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य मानकानुसार कराया जाए। नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र द्वारा महानगर क्षेत्र अंतर्गत लोहारों वाले चौराहे पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति का जायज़ा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, जिससे महानगरवासियों को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर के आधारभूत ढांचे का सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, एवं जनसुविधा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## नगरायुक्त ने लिया संज्ञान, रोडवेज बस स्टैंड पर व्यवस्थाएं कराई दुरस्त

- खराब हैंडपंप सही, रैन बसेरा में टूटा बेड भी बदलवाया गया



**शाहजहांपुर।** रोडवेज बस अड्डे पर महीनों से खराब पड़े नल सहित तमाम अव्यस्थाओं की खबर को समृद्धि न्यूज अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसका नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा ने संज्ञान लिया और स्वंय मौके पर जाकर निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराया हैं। रोडवेज बस स्टैंड पर महीनों से खराब पड़ा हैंडपंप व रैन बसेरा में व्याप्त अव्यवस्थाएं को लेकर नगरायुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा ने संज्ञान लिया है। उन्होंने स्वयं रोडवेज बस स्टैंड जाकर खराब हैंडपंप को तत्काल मरम्मत कार्य अपनी देखरेख में शुरू करा दिया है। साथ ही बस स्टैंड पर बने अस्थायी रैन बसेरा में टूटा बेड बदलवाने, साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को नामित अधिकारी को दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद रैन बसेरा में नया बेड डाल दिया गया है। नगर आयुक्त ने रैन बसेरा में किसी तरह की दिक्कत वहां रुकने वाले लोगों को न हो, इसके लिए अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए हैं, और कहा है कि किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने वहां के स्टाफ से भी संवाद किया। नगर आयुक्त ने कहा ठंड का मौसम चल रहा है रैन बसेरा में किसी तरह से अव्यवस्था नही होनी चाहिए और सवारियों के लिए अलाव की भी व्यवस्था कराई गई।

# वन विभाग की मिलीभगत से कट गया आम का हरा भरा बाग

- मीडिया को जानकारी मिलने के बाद लीपापोती में जुट गए वनाधिकारी

**खुटार–शाहजहांपुर।** खुटार के गांव बेला में साधन सहकारी समिति के ठीक पीछे किसान को विश्वास में लेकर की पेड़ों का परमिट कराया गया है एक ठेकेदार के द्वारा बिना परमिट के आम के चार पेड़ों को काट डाला गया। मजे की बात तो यह है कि वन विभाग के अधिकारियों से इस मामले में बात करनी की गई। तो उन्होंने यह बताया कि मुझे आम के पेड़ों के काटे जाने की जानकारी नहीं है। सूत्रों के मुताबिक कटान का कार्य दिन के उजाले में ब वन विभाग के मिली भगत में हुआ। अभी हाल में ही एक गांव में पेड़ों का कटान हुआ था जिसमें एक देसी आम के पेड़ को काटा गया था जिसका परमिट हुआ था लेकिन इस मामले में जब जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक से पूछा गया था तो उनके द्वारा बताया गया था कि में देसी आम की रिपोर्ट हरे एवं स्वस्थ पेड़ की लगाई थी जिसके बाद वन विभाग ने किस तरीके से काटने की परमिशन दी इस मामले में जानकारी नहीं है खैर वह तो परमिट की बात रही लेकिन खुटार क्षेत्र के अंदर बिना परमिट के भी पेड़ काटे जा रहे हैं। और वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी नहीं है यह एक आश्चर्य की बात है। अब काटे गए पेड़ पर वन विभाग किस प्रकार के कार्यवाही करता है। सारे मामले की जानकारी जैसे ही मीडिया को लगी वन विभाग लीपा पोती में जुट गया।

# नवोदय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया रजत जयंती समारोह

- नवोदय विद्यालय में पुरातन छात्र सम्मेलन का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जवाहर नवोदय विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग के 25 बर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सन 2000 में प्रथम बैच के साथ डायट ददरौल के प्रांगण से नवोदय विद्यालय की शुरुआत हुई थी। छः माह के पश्चात मूल भवन के निर्माण पूर्ण होने पर विद्यालय स्थाई रूप से हथौड़ा बुजुर्ग में स्थानांतरित हुआ। सन 2007 में विद्यालय से पहला बैच पासआउट होकर निकला। अब तक कुल 18 बैच के छात्र यहां से शिक्षा ग्रहण करके विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसडीएम आजमगढ़ श्याम प्रताप सिंह एवं प्राचार्य सत्यपाल गंगवार के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के छात्रों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।पूर्व छात्रों के द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों का मार्गदर्शन का किया गया। विद्यालय के प्रथम बैच के छात्रों द्वारा विद्यालय के शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय परिवार की तरफ से सभी पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि नवोदय परिवार के लिए आज अत्यंत हर्ष का विषय है कि पुरातन छात्र सम्मेलन में पूरे देशसे विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे पूर्व छात्रों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और इसको यादगार बनाया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनैना अवस्थी एवं महेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया। पूर्व छात्रों एवं विद्यालय के वर्तमान छात्रों के मध्य बॉलीबॉल एवं क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र तहसीलदार सदर राघवेश त्रिपाठी, जिला कृषि उप निदेशक पुरुषोत्तम मिश्रा, विपिन मिश्रा, सत्यपाल, आलोक गुप्ता, दीपक कुमार, हेमंत कुमार, गौरव सिंह, राजकिशोर सिंह, दीपक सक्सेना, पंकज वर्मा, भारतेन्दु सिंह, देवेश सिंह, अरुण विश्वकर्मा, आशीष, पुष्पेंद्र सिंह, विवेक, अमरजीत सिंह राहुल, सोनू सिंह, संदीप, अनुभूति सक्सेना, प्रीति सागर, सुलक्षणा गौतम, शिखा गंगवार, दीक्षा मिश्र, अंजलि गुप्ता, स्वाती सिंह समेत तमाम पूर्व छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# कलान के खंड शिक्षा अधिकारी और एक शिक्षक को पांच हजार रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार

- कटरा थाने में भ्रष्ट बीईओ और शिक्षक के विरुद्ध एंटी करप्शन टीम दर्ज करवा रही एफआईआर

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी क्रेप्शन टीम) बरेली के निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने अपनी टीम के साथ कलान ब्लॉक के खंड शिक्षाधिकारी (बीईओ) सतीश कुमार मिश्रा और सहायक अध्यापक सुशील कुमार सिंह को एक शिक्षक की शिकायत पर पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कलान ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल देवहडा में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात मथुरा जिले के राया नगर के मोहल्ला पठान पाड़ा निवासी डब्ल्यू कुमार पुत्र कालीचरण ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) में खंड शिक्षा अधिकारी कलान सतीश कुमार मिश्र के भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। प्रधानाध्यापक डब्ल्यू कुमार ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से की गई शिकायत में कहा कि उसके स्कूल में अनुपस्थित पकड़े जाने के प्रकरण को निबटाने के नाम पर खंड शिक्षा अधिकारी कलान सतीश कुमार मिश्र और बीआरसी में तैनात सहायक अध्यापक सुशील कुमार सिंह उससे पांच हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं। भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने सरकार की जीरो टॉलरेंस स्कीम के चलते भ्रष्टाचार की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली के निरीक्षक जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम बनाकर आरोपी खंड शिक्षा अधिकारी को रंगे हाथ गिरफ्तार करने का जाल बिछा दिया। एंटी करप्शन टीम के मुखिया ने अपनी योजना के तहत पीड़ित प्रधानाध्यापक डब्ल्यू कुमार से बाजार में खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार मिश्र को बुलाकर रुपए देने के लिए कहा। प्रधानाध्यापक डब्ल्यू कुमार ने खंड शिक्षा अधिकारी को कलान के राजकीय इंटर कालेज के सामने मिठाई की दुकान पर रुपए देने के लिए बुलाया। उधर एंटी करप्शन टीम ने अच्छी तरह घेराबंदी कर ली। जैसे ही खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार मिश्र मिठाई की दुकान पर आए, तभी प्रधानाध्यापक डब्ल्यू कुमार ने उन्हें पांच हजार रुपए पकड़ा दिया। रुपए हाथ में लेते ही एंटी करप्शन टीम ने खंड शिक्षा अधिकारी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर कटरा थाने ले गए। जहां उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है।

# नाहिल पीएचसी में फार्मासिस्ट कर रहा मरीजों का इलाज

- पीएचसी फार्मासिस्ट के भरोसे, ग्रामीण इलाज कराने जाते है पुवायां

**पुवायां–शाहजहांपुर।** स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था होने के कारण नाहिल का पीएचसी फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है। इसलिए यहां से मरीज दवाई लेते है। मरीजों का कहना है कि यह एक डॉक्टर तैनात किया गया था लेकिन वह कभी भी पीएचसी में नही आता है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के मरीज दवाइयां लेने के लिए पुवायां सीएचसी आते है। स्वास्थ्य विभाग में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले इसलिए मुख्यमंत्री के द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी पीएचसी में डॉक्टर की तैनाती की गई ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों का उपचार भलीभांति हो सके। लेकिन मुख्यमंत्री के प्रयासों पर जिले के अधिकारी पानी फेर रहे है। क्योंकि गांव नाहिल में बने पीएचसी केंद्र में डॉक्टर उपस्थित नही मिले और यह केंद्र फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है। वहां पर मौजूद मरीजों ने बताया है कि यहां पर एक डॉक्टर तैनात है और वह यह पर 15 दिन में केवल एक आते है। ओर फार्मासिस्ट केवल खानापूर्ति करते हुए मरीजों को दवाइयां देता है जिस कारण मरीजों को दवाइयों फायदा नहीं करती है। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्र के मरीज पुवायां सीएचसी आते है। जिसके चलते सीएचसी में मरीजों की लम्बी कतार लगी रहती है।

# भाकियू की मेहनत रंग लाई, पांच माह बाद खुला रेलवे फाटक



**तिलहर – शाहजहांपुर।** भाकियू की मेहनत रंग लाई पांच माह बाद आखिर खुल ही गया रेलवे फाटक। यूनियन नेताओं ने परस्पर एक दूसरे को मिठाई मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के मद्देनजर पांच माह पूर्व रेल प्रशासन द्वारा दो माह का नोटिस चस्पा कर बंद किए गए रेलवे फाटक को पांच ही बंद होने के बाद भी निर्माण कार्य न होने पर भारतीय किसान यूनियन ने दो बार धरना प्रदर्शन किए जाने के बाद रेलवे प्रशासन ने निगोही तिलहर संपर्क मार्ग की रेलवे फाटक को आखिरकार सोमवार से खोल दिया। किसान नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह लोधी, ब्लॉक अध्यक्ष गेंदनलाल वर्मा, रमेश शर्मा, वदन सिंह, रामेश्वर दयाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# हिन्दू संगठनों ने लगाए बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे

- बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हो सुरक्षा
- हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ने राजीव चौक पर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंककर, की नारेबाजी

**पुवायां–शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बांग्लादेश में हिंदुओं की निर्ममता पूर्वक हत्या किए जाने की घटना से आक्रोशित हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेशीय आवाहन पर कार्यकर्ताओं ने नगर में बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के पुतले की अर्थी निकालकर राजीव चौक पर लाकर उसे फूंक दिया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारत सरकार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री से वार्ता कर वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर आए दिन हो रहे हमलो और उनकी हत्याओं को लेकर बात करनी चाहिए। साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के ब्लॉक नगर संरक्षक आनंद पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष राघव श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रभारी यश दीक्षित, नगर अध्यक्ष भारत राठौर, नगर महामंत्री मोहित राणा, नगर उपाध्यक्ष करन कश्यप, ललित रावत, मोनू राजपूत, अनिकेत कश्यप, निहाल राठौर, क्रिश राठौर, साहिल राठौर, गोविंद रावत, राहुल सिंह, सौरभ सक्सेना, दुर्गेश मिश्रा, राजवीर, सचिन ठाकुर, अवनीश कश्यप आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हिंदू युवा संगठन ने फूंका बांग्लादेश के पीएम का पुतला

**खुटार, शाहजहांपुर।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदूओ पर हो रहे अत्याचार और उनकी निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में सोमवार को हिन्दू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में नगर में बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के पुतले की अर्थी निकलकर अटल चौक पर उसे आग के हवाले कर नारेबाजी की। इस मौके पर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष साहिल गर्ग, मंत्री शोभित तिवारी, अभय दीक्षित, पृथ्वी सक्सेना, विशाल मिश्रा, दिव्यांशु मिश्रा, तरुण वर्मा, कुश आर्कवंशी, अतुल गुप्ता, विवेक पांडे, राज सक्सेना, अवतार अर्कवसी, रविकांत, आयुष वर्मा, नितिन कुमार, राहुल कुमार, अभय चौहान, आकाश गुप्ता, गौरव कुमार, नितिन त्रिवेदी, शोभित तिवारी आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई कांट पदाधिकारियां को दिए गए नवीन दायित्व

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई कांट के द्वारा नवनियुक्त जनपद कार्यकारिणी का बीआरसी कांट पर 22 दिसंबर को भव्य स्वागत किया गया। शिक्षकों द्वारा गर्म जोशी से जिला पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने युवा शिक्षकों को जिम्मेदारी देते हुए एकता बनाए रखने की अपील की गई एवं जिला मंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा की शिक्षक किसी भी समय नवनियुक्त ब्लाक पदाधिकारियो या जिला पदाधिकारियो को अपनी समस्या बता सकते हैं संगठन के पदाधिकारियो को उक्त कार्यों को करने की नैतिक जिम्मेदारी है। जिला कोषाध्यक्ष नितिन मिश्रा ने संगठन के द्वारा शिक्षक हित में जो ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं उनसे शिक्षकों को अवगत कराया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री संजय सिंह के नेतृत्व में कोरोना काल में चुनाव ड्यूटी की वजह से दिवंगत हुए शिक्षकों के लिए जो लड़ाई लड़ी गई उसके बारे विस्तृत रूप से बताया गया। नितिन मिश्रा ने युवा शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को संगठन में आगे आकर संगठन को मजबूत करने का आवाहन किया गया। तेज तर्रार नेता अरुण भदौरिया ने शिक्षकों में ऊर्जा का संचार किया एवं किसी भी परिस्थिति में शिक्षकों का साथ देने का वादा किया। जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह द्वारा अज़ीज़ अहमद को जिला उपाध्यक्ष, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष धनपाल सिंह, शैलेंद्र राजपूत ब्लॉक मंत्री कांट, गीतिका बर्मा ब्लॉक महिला उपाध्यक्ष, ग़ज़ाला बानो को ब्लॉक कोषाध्यक्ष का नवीन दायित्व दिया गया। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जुबेर आलम, जिला संयुक्त मंत्री अजीत कनौजिया, अध्यक्ष जलालाबाद राजकुमार सिंह, अध्यक्ष कटरा अरविंद सिंह अध्यक्ष कलान अवनीश यादव, ब्लॉक मंत्री निगोही संजय भारती, संगठन मंत्री निगोही शिवकुमार गौतम, ब्लॉक मंत्री जैतीपुर अनंदगपाल गौतम, मृदुला शर्मा, कौशलेंद्र भदौरिया धर्मवीर सिंह, अवनीश कांत पांडे, मुमताज, जकाउल्लाह, रजनीश मिश्रा, सौरभ वर्मा, सौरभ सिंह चंदेल राजेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, अतुल सक्सेना, प्रीति यादव, प्रीति चिकारा, पूजा धीमान, श्वेता, अमित यादव, धनपाल, रामासरे वर्मा, संजय शुक्ला, अफसाना, पार्वती देवी, प्रदीप जयसवाल, प्रीति वर्मा, दीपा सिंह, माधुरी यादव, शिवानी सिंह, आयुष बंसल, अरविंद सिंह, आकाश, रफ़ीदराज़, अमित वर्मा, उमेश सिंह आदि काफी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# मिर्जापुर में प्रधान प्रतिनिधि ने जलवाए अलाव, राहगीरों को मिली ठंड से राहत

**मिर्जापुर शाहजहांपुर।** कस्बे में शीतलहर के चलते आमजन को भयंकर सर्दी से बचाव के लिए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह रघुवंशी ने कई जगह अलाव जलवाकर राहत दी है। लोगों को भयंकर शीतलहर और गलन भारी सर्दी में परेशानी हो रही है। दुकानदार अपनी दुकानों के आगे अपने खर्च पर अलाव जलाकर राहगीरों को ठंड से बचाव कर रहे थे। प्रधान प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह रघुवंशी ने कस्बे में मेन रोड पर कई जगह अलाव जलवाकर राहत दे रहे हैं। फिलहाल तहसील प्रशासन को इस कड़ाके की सर्दी में भी सरकारी खर्च पर अलाव जलवाने की याद नहीं आई है पड़ रही है। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि मुख्य बाजार में अलाव जलवाने के साथ ही बहेरिया रोड, थाने के समीप और मुख्य चौराहे पर भी अलाव जलवा दिए हैं।

## सूचना

मेरे पति की सेवा पुस्तिका में नाम विटोली देवी दर्ज हो गया था, जबकि आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि अभिलेखों में मेरा नाम रामकली दर्ज है। मुझे रामकली के नाम से जाना व पहचाना जाए।
रामकली पत्नी स्व.राम स्वरूप
नि.ग्रा.-मुडगवां, पो.-मुड़ियाकुर्मियात तहसील-पुवायां, जनपद-शाहजहांपुर।

# अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह समिति की बैठक संपन्न

**बैठक में प्रेक्षागृह के उचित रख-रखाव, संरक्षण एवं आय के स्रोतों को बढ़ाने के संबंध में हुई चर्चा**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित पुस्तकालय एवं जन प्रतीक्षालय में आयोजित की गई। बैठक में अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह के उचित रख-रखाव, संरक्षण एवं आय के स्रोतों को बढ़ाने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



डीएम ने निर्देश दिए कि प्रेक्षागृह का पुनः 5 लाख रुपये के बेस प्राइस पर टेंडर कराया जाए, ताकि इसका बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रेक्षागृह में अतिरिक्त एयर कंडीशनर लगाए जाने की बात कही। इसके साथ ही 110 किलोवाट क्षमता के जनरेटर को शीघ्र स्थापित कराने के निर्देश दिए गए, जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए डीएम ने प्रेक्षागृह में सोलर सिस्टम लगाए जाने पर भी बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जनहित एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रेक्षागृह को वर्ष में 35 दिनों के लिए निःशुल्क प्रशासनिक कार्यक्रमों हेतु आरक्षित रखा जाए।

बैठक में संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे तथा प्रेक्षागृह के सुचारु संचालन और सुविधाओं के उन्नयन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की गई।

# एसडीएम ने पकड़ी बिचौलियों की धान भरी दो ट्रैक्टर-ट्रालियां

**मंडी सचिव ने किया एक लाख 14 हजार का जुर्माना**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बिचौलिया द्वारा किसान का धान दर्शाकर सरकारी क्रय केंद्र पर तुलबाने के मद्देनजर भेजी जा रही दो ट्रेक्टर ट्रालियों को एसडीएम ने खुदागंज क्षेत्र में पकड़ लिया । मौके पर मंडी सचिव को तलब कर तहसील के दो नायब तहसीलदारों के सानिध्य में एसडीएम स्वयं नवीन मंडी स्थल पहुंचे । मंडी सचिव द्वार दोनो ट्रालियों के ध्यान पर मंडी शुल्क का दस गुना 1 लाख 14 हजार जुर्माना किया गया। रविवार देर शाम सरकारी केंद्रों पर किसानों की आड़ में बिचौलियों द्वारा धान भेजे जाने की शिकायत के मद्देनजर एसडीएम सदानंद सरोज ने खुदागंज



क्षेत्र में दो धान भरी ट्रेक्टर ट्रालियों को पकड़ लिया। इस दौरान ट्रेक्टर चालक फरार हो गए । उन्होंने मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह को मौके पर तलब किया। दोनो ट्रेक्टर ट्रालियों को नायब तहसीलदार पूनम मधुकर व अमित कुमार के साथ रात्रि करीब साढ़े आठ बजे तिलहर नवीन मंडी लाया गया। मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि खुदागंज क्षेत्र के गांव दतेली निवासी रामवीर गंगवार पुत्र विश्राम गंगवार के नाम धान की कीमत पर निर्धारित मंडी शुल्क से दस गुना जुर्माना एक लाख 14 हजार 312 रुपए का जुर्माना किया गया है।



## आदर्श ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर बनी विकास की मिसाल

**शाहजहांपुर।** जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर ने विकास के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। कभी कीचड़ और अव्यवस्था से जूझने वाली यह पंचायत ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता के नेतृत्व में आज प्रदेश की टॉप फाइव ग्राम पंचायतों में शामिल हो चुकी है। ग्राम के सभी 56 मार्गों का निर्माण रंगीन इंटरलॉकिंग से कराया गया है, जिनका नामकरण पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, महात्मा गांधी, डॉ. अंबेडकर सहित महान विभूतियों के नाम पर किया गया है। सभी मार्गों के किनारे नालियां व सिल्ट कैचर गड्ढे बनाए गए हैं। चारों दिशाओं से प्रवेश पर भव्य स्वागत द्वार बनाए गए हैं। युवाओं के लिए खेल मैदान व ओपन जिम, शिक्षा के लिए विद्यालय, जल संरक्षण हेतु 26 तालाब, हरियाली के लिए लाखों पौधों का रोपण किया गया हैं। ग्राम में कचरा प्रबंधन, अन्नपूर्णा भवन, पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र व कल्याण उत्सव भवन जैसी सुविधाएं इसे आदर्श ग्राम का स्वरूप देती हैं।

# चर्चित होटल ब्रदर्स इन की घटना के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**तीन फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश का सिलसिला जारी**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हाइवे स्थित होटल पर भाजपा नेता दिवाकर सिंह उर्फ पंकज के साथ मारपीट दो पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट व होटल में तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बता दें कि शुक्रवार देर रात हाइवे पर नगरिया मोड़ पुलिस चौकी के समीप स्थित होटल ब्रादर्स इन में कुछ युवकों ने जमकर तोड़फोड़ कर भाजपा नेता दिवाकर सिंह उर्फ पंकज एवं उनके साथियों के साथ मारपीट की थी। इस दौरान दिवाकर सिंह के



गनर राहुल चौधरी और चौकी के पुलिस कर्मी सुमित कुमार के साथ भी जमकर गाली गलौज कर वर्दी खींचते हुए धमकी दी थी। उक्त घटना में दिवाकर सिंह, विक्रम सिंह, स्वयं सिंह घायल हुए थे। होटल स्वामी दिवाकर सिंह का बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। गौर तलब है कि पुलिस ने घटना के अगले दिन शनिवार को आरोपी शाहजहांपुर निवासी अक्षय कदम, योगेश कदम पुत्र अनिल कदम व ऋषभ तिवारी पुत्र राजीव तिवारी को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया था। होटल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना का वीडियो वायरल होने से माला तूल पकड़ता चला गया। उच्चाधिकारियों के संज्ञान लेकर दिए गए निर्देश पर रविवार शाम नगरिया मोड़ पुलिस चौकी इंचार्ज विशेष कुमार ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। तदोपरांत होटल स्वामी दिवाकर सिंह के भाई इंद्रजीत सिंह उर्फ नीरज सिंह की ओर से सराफा व्यापारी अनिल कदम के बेटे अक्षय कदम, योगेश कदम के अलावा ऋषभ तिवारी, आयुष मराठा, शिवांश मिश्रा के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। दोनों मामलों में पुलिस ने रविवार की रात सदर बाजार स्थित एके ज्वैलर्स के पास से आरोपी योगेश कदम एवं आयुष मराठा को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को दोनों पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। उधर कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि तीन आरोपी फरार चल रहे हैं। जिन्हें भी जल्द पकड़ा जाएगा।

## घर में फांसी पर लटकी विवाहिता



**तिलहर- शाहजहांपुर।** घरेलू कलह के चलते एक विवाहिता घर में ही फांसी के फंदे पर झूल गई । पति उसे सीएचसी ले कर पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर मृतका के मायके पक्ष ने सीएचसी में उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सीओ ज्योति यादव व कोतवाल राकेश कुमार सिंह के काफी समझा बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। नगर के मोहल्ला सितारगंज निवासी बजरुल हसन की पत्नी नगमा बी 32 सोमवार पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजे घर के कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गई। पति बजरुल हसन ने बताया कि फांसी लगाने से कुछ देर पहले नगमा ने उसे फोन कर कहा कि उसके कहे सुने को माफ कर देना और फोन काट दिया। यह बात सुनते ही उसने नगमा को फोन मिलाया। लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की। वह स्टेशन रोड स्थित अपनी इलक्ट्रिक की दुकान से घर की ओर भागा। घर पहुंचने पर कमरा बंद था। कुल्हाड़ी से गेट तोड़ा तो नगमा फंदे पर लटकी हुई थी। उसने जैसे तैसे उसे उतारा और सीएचसी लेकर पहुंचा। तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर उसने पड़ोस में ही अपनी ससुराल में खबर दी। उधर खबर मिलते ही मृतका की मां भाई बहने सीएचसी पहुंच गईं और बजरुल हसन पर हत्या कर लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगीं। सूचना पर सीओ ज्योति यादव व कोतवाल राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचे। आक्रोशित परिजन हत्या की रिपोर्ट दर्ज किए बिना शव को सील न करने देने पर अड़ गए। कोतवाल के काफी समझाने के बाद वह पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। मृतका की साल 2013 में शादी हुई थी। वह तीन बच्चों को बिलखता छोड़ गई है।

## खबरें एक नजर में

### आज किसान दिवस पर 135 अन्नदाता किए जाएंगे पुरस्कृत



**शाहजहांपुर।** आज मंगलवार को जनपद के 135 अन्नदाताओं को किसान दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। समारोह के लिए गन्ना शोध परिषद में व्यवस्था मुकम्मल कर ली गई है। सुबह 11 बजे से कार्यक्रम किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा किसानों की विभागवार सूची तैयार कर ली गई है। जिसमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, गन्ना आदि विभागों से संबधित किसानों को पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम प्रधान भी सम्मानित होगे। कार्यक्रम में डीएम, सीडीओ समेत अन्य विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। जानकारी डीडी कृषि पीके मिश्रा ने दी। बता दें कि हर साल 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है। यह दिन पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों के कल्याण के लिए समर्पित किया। इस उत्सव के पीछे मुख्य उद्देश्य किसानों के समाजिक-आर्थिक विकास में योगदान को मान्यता देना और उनके कल्याण के लिए जागरूकता फैलाना है।

### दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने नव विवाहिता को गायब किया, भाई ने दर्ज करवाई रिपोर्ट

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** थाना क्षेत्र के ग्राम सराय तालुका बानगांव (छोटी सरैया) निवासी अवधेश कुमार शर्मा ने कोर्ट के आदेश पर अपने बहनोई पीलीभीत जिले के मोहल्ला रामनगर कालोनी बिलसंडा निवासी आदित्य उर्फ आकाश सहित परिवार के पांच लोगों के विरुद्ध अपनी बहन को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट कर गायब कर देने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़िता आरती देवी के भाई अवधेश कुमार शर्मा ने न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) शाहजहांपुर के आदेश पर मिर्जापुर थाने में दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि उसने अपनी बहन आरती देवी की शादी बीती सात मई 2025 को अपनी सामर्थ्य के अनुसार लगभग पांच लाख रुपए खर्च करके पीलीभीत जिले के बिलसंडा नगर के मोहल्ला रामनगर कालोनी निवासी सर्वेश के पुत्र आदित्य उर्फ आकाश के साथ की थी। शादी में दिए गए दहेज से आरती के पति आदित्य, ससुर सर्वेश, जेठ सोनू, जेठानी सोनाली व रिश्तेदार शाहजहांपुर जिले के थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम गुड़रे नवादा निवासी रक्षपाल शर्मा संतुष्ट नहीं हुए। वे अतिरिक्त दहेज के रूप में तीन लाख रुपए नकद की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उक्त ससुरालियों ने उसकी बहन आरती को शारीरिक व मानसिक यातनाएं देने लगे। जब आरती ने अपनी आपबीती मायके में हम लोगों को बताई,तब हम लोग पंचायत कर मामले को शांत करने गए तो उक्त लोगों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर अपने घर से भगा दिया। इस घटना के बाद वह लोग बहन की ससुराल से अपमानित होकर अपने घर लौट आए। बाद में पता चला कि उसके बहनोई आदि उपरोक्त लोग उसकी बहन को जबरन घर से लेकर कहीं चले गए। तब से उसकी बहन का कहीं कोई आता पता नहीं है। उसे कई जगह से पता चला है कि उक्त लोगों ने उसकी बहन की हत्या करके शव गायब कर दिया है। आरोप है कि वह घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने मिर्जापुर थाने गया तो मिर्जापुर पुलिस ने उसे घटना पीलीभीत जिले की बताकर थाने से भगा दिया। जब वह पीलीभीत के बिलसंडा थाने में रिपोर्ट लिखाने गया तो वहां से घटना मिर्ज़ापुर थाने की बताकर लौटा दिया गया। उसने एसपी शाहजहांपुर को भी पंजीकृत डाक से प्रार्थना पत्र देकर घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाए जाने की मांग की। किंतु उसे थाना पुलिस से कोई राहत नहीं मिली।

# डॉ. आलोक के शोध को मिला पेटेंट

**पूर्व गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद, सचिव प्रोफेसर एके मिश्रा, प्राचार्य प्रोफेसर राकेश कुमार आजाद ने दी बधाइयां**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षकों के शोध को भारत सरकार द्वारा पेटेंट प्राप्त होने पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद, सचिव प्रोफेसर एके मिश्रा, प्राचार्य प्रोफेसर राकेश कुमार आजाद ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयां दी। विदित हो कि रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा परिषद द्वारा जनपद शाहजहांपुर में प्रदूषण के अध्ययन के लिए शोध अनुदान मिला है, उसी शोध में प्रदूषित जल से विषैले क्रोमियम धातु को अलग करने के लिए एक्टिवेटेड कार्बन फिल्टर द्वारा पृथक करने के लिए डिजाइन किए गए प्रोटोटाइप उपकरण को पेटेंट




कार्यालय भारत सरकार ने मान्यता प्रदान किया है। इस पेटेंट के बारे मे बताते हुए मुख्य शोधकर्ता डॉ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि जल में क्रोमियम प्रदूषण के प्राथमिक स्रोत शहरी, घरेलू और औद्योगिक अपशिष्टों का उत्पादन, चमड़ा उद्योग, फसलों पर कीटनाशकों और उर्वरकों का उपयोग, और जल स्रोतों में कचरे का निपटान और जमाव हैं। साथ ही वस्त्रों और कालीन के रंग, पेंट, स्याही और रंगीन प्लास्टिक भी प्रदूषण बढ़ाने में योगदान करते हैं। क्रोमियम प्रदूषित जल मानव शरीर की पाचन, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, यकृत, फेफड़े और जननांग कैंसर मूत्र, श्वसन और प्रतिरक्षा प्रणालियों की महत्वपूर्ण खराबी के लिए जिम्मेदार हो सकता है। डॉ सिंह के साथ रसायन विभाग के डॉ संदीप कुमार दीक्षित, डॉ चन्दन गिरि गोस्वामी, शशांक शेखर और मंजीत सिंह के संयुक्त टीम को पेटेंट प्राप्त होने पर महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों ने शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## दो दिवस के अंदर जमा करें पावना बिल: हरवंश

**शाहजहांपुर।** जिन विद्यालयों द्वारा अभी तक बोर्ड परीक्षा 2025 के केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षकों आदि के पावना बिल कार्यालय में जमा नहीं किए गए हैं, उनको निर्देशित किया जाता हैं कि 2 दिवस में पावना बिल जमा करें अन्यथा की स्थिति में संबंधित केंद्र व्यवस्थापक व प्रधानाचार्य के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों और आपको जारी किए जा रहे स्मरण पत्रों के बावजूद भी आप द्वारा कार्यालय में बिल नहीं उपलब्ध कराए गए है। जिसके कारण भुगतान में विलंब हो रहा है और उच्च अधिकारियों द्वारा रोष व्यक्त किया जा रहा है यदि आपके द्वारा दो दिवस के अंदर बोर्ड परीक्षा 2025 के पावना बिल नहीं जमा किए गए तो संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# ठाकुर रोशन सिंह सुपर जायन्ट्स ने लहराया परचम

**शाहजहांपुर।** जिला कारागार में जेल प्रीमियर लीग जेपीएल का आयोजन किया गया। कारागार में 10 ओवर के किकेट मैच में दो टीमो पडित रामप्रसाद बिस्मिल, सुपर किंग्स एवं ठाकुर रौशन सिंह सुपर जायन्ट्स ने प्रतिभाग किया। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। दोनों टीमों के बीच हुए हशानदार मुकाबले में ठाकुर रोशन सिंह सुपर जायन्ट्स ने विजय प्राप्त की। सभी बन्दियों ने जोश-खरोश से प्रतिभाग किया। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने दोनो टीमो का उत्साहवर्धन किया तथा खेलो की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर



पर जेलर कृष्ण मुरारी गुप्ता एंव अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# जिले की किसी भी मंडी में किसानों का नहीं खरीदा जा रहा धानः अनिल

**भाकियू टिकैट गुट ने की मासिक बैठक सौंपा ज्ञापन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर खिरनी बाग रामलीला परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव के नेतृत्व में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसके बाद डीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। काफी देर तक अधिकारियों के ज्ञापन नही लेने आने पर किसान कार्यकर्ता नाराज हो गए और रोड़ पर आकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया और तत्काल



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। दिए गए ज्ञापन में बताया बजाज हिन्दुस्तान मकसूदापुर चीनी मिल से किसानों का गन्ना बकाया भुगतान कराया जाए, आवारा पशुओं को पकड़वाया जाए, सरकारी क्रय केदों पर बिजोलियों का धान खरीदा जा रहा है, किसानों का धान शाहजहांपुर की किसी भी मंडी में नहीं खरीदा जा रहा है जिसकी जांच कराकर बिचौलियों के विरुद्ध कार्रवाई कराई जाए, धान सत्यापन में लेखपाल द्वारा बिना जमीन वालों एवं दूसरों की जमीन का भी फर्जी सत्यापन किया जा रहा है जिसकी जांच कराई जाए, किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल रही है किसानों के लिए यूरिया खाद की तत्काल व्यवस्था कराए, किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए रात में लाइट दी जा रही है दिन में पर्याप्त लाइट दिलाये जाने सहित तमाम मांगों को समाधान कराने की मांग की है। उन्होंने कहा यदि एक सप्ताह में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वह हजारों कार्यकर्ताओं के साथ आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अनिल सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष स. हरविंदर सिंह, जिला प्रमुख महासचिव गगनदीप सिंह, जिला महासचिव दिलवाग सिंह, जिला प्रभारी जरनैल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष संजीव अवस्थी, जिला सह प्रभारी विजय प्रकाश शर्मा, तरविंद सिंह, हरजिंदर सिंह, फकीरे लाल, तहसील अध्यक्ष श्रीकृष्ण जाटव, मो. इरफान आदि मौजूद रहे।

# एडीएम प्रशासन ने टीम के साथ किया खुदी सड़कों व टैंक का निरीक्षण

**विधायक सलोना कुशवाहा की शिकायत पर डीएम ने गठित की थी जांच टीम**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर में जल निगम द्वारा जलापूर्ति हेतु डाली गई पाइप लाइन के तहत खोद कर छोड़ दी गई सड़कों व नव निर्मित ओवर हैड टैंक की टेस्टिंग में सीपेज होने की विधायक द्वारा की गई शिकायत पर डीएम द्वारा गठित टीम ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को कड़े निर्देश दिए हैं। बता दें कि विधायक सलोना कुशवाहा ने नगर में पाइप लाइन डालने की बाबत सड़कें खोद कर छोड़ दिए जाने तथा ओवर



हैड टैंक का मानक हैं निर्माण किए जाने की डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से लिखित शिकायत की थी। इस पर डीएम ने बीती तीन नवंबर को एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा के नेतृत्व में जांच टीम गठित की थी। इसी क्रम में सोमवार को सुबह करीब साक्षी दस बजे एडीएम श्री मिश्रा यहां पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका के हॉकी ग्राउंड स्थित नव निर्मित ओवर हैड टैंक में पानी के रिसाव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जलनिगम के अधिकारियों व जेई हितेश गुप्ता की जमकर फटकार लगाते हुए टैंक दुरुस्त किए जाने के कड़े निर्देश दिए। इसी क्रम में वह तहसील रोड स्थित कुम्हारों बाली पुलिया के समीप पहुंचे। उन्होंने जलकल प्रांगण के सामने स्थित मेन रोड खुदी देखकर उन्होंने शीघ्र दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट डीएम साहब को सौंपी जाएगी। निरीक्षण के दौरान विधायक सलोना कुशवाह की ओर से अधिकृत अभिषेक कुशवाहा व सौरभ गुप्ता रवि के अलावा सभासद संदीप रस्तोगी, कुमार गौरव आदि मौजूद रहे।

# चिकित्साधीक्षक ने अवैध नर्सिंग होम पर मारा छापा, दवाइयां कीं जब्त

**पुनः संचालन पर मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी का दिया नोटिस**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर में अवैध ढंग से संचालित अस्पताल की शिकायत पर चिकित्साधीक्षक डॉ ओमेंद्र राठौर ने अस्पताल पर छापा मारकर दवाइयां जब्त कर लीं । उन्होंने संचालक को अस्पताल के पुनः संचालन पर मुकदमा दर्ज कराए जाने का चेतावनी नोटिस सौंपा। नगर के मोहल्ला पचासा में संचालित अवैध अस्पताल पर सोमवार को चिकित्साधीक्षक डॉओमेंद्र राठौर ने छापा मार कार्यवाही की। संचालक द्वारा अस्पताल के पंजीकरण संबंधी कोई कागजात न दिखाने पर अस्पताल बंद करने के निर्देश दिये। वहां से बरामद



इंस्ट्रूमेंट एवं दवाइयां को जप्त कर लिया। चिकित्सा अधीक्षक ने संचालक को नोटिस जारी किया। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि 'हेल्थ केयर' नाम से संचालित अस्पताल में केवल एक युवक को पाया। कोई अन्य स्टाफ मौजूद नहीं मिला। यहां डिलीवरी की सुविधा देखकर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल सभी गतिविधियां बंद करने का सख्त निर्देश दिया। चेतावनी दी कि पुनः संचालन करने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# बाल विवाह करना एक कानूनी अपराध हैः निकेत

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में व जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित एवं चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक विनय कुमार शर्मा, सुपरवाइजर ज्ञान स्वरूप द्वारा सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पता है जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है। बाल विवाह करना एक कानून अपराध है परिवार, समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। परियोजना समन्वयक द्वारा बताया गया कि विवाह करने की उम्र लड़की की 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के



की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। उपस्थित सभी ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के प्रतिज्ञा की। साथ ही सभी को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098, महिला हेल्प लाइन 181, पुलिस हेल्पलाइन 112, 108, 1076, 1090 इत्यादि टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई। इसी क्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई से निकेत कुमार सिंह द्वारा उपस्थित बच्चों को विभागीय योजनाओं जागरूक किया गया तथा बच्चों को निम्नलिखित योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी क्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित द्वारा कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी गण एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## जानलेवा आबोहवा

देश-दुनिया में दिल्ली में प्रदूषण को लेकर भारी चिंता है, लेकिन यह सिर्फ दिल्ली का ही संकट नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरियाणा, उ.प्र. व राजस्थान के कई शहर भी प्रदूषणग्रस्त हैं। इसके अलावा लखनऊ, वाराणसी, जयपुर, पटना, मुजफ्फरपुर, कानपुर व देश के अन्य शहरों में भी प्रदूषण संकट आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। हालांकि, इन शहरों में संकट दिल्ली जैसा नहीं है, लेकिन पूरे देश के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की जरूरत तो है। दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर आने वाली दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक का 450 के आसपास बना रहना, निश्चय ही खतरे की घंटी है। दिल्ली सरकार द्वारा उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक, दफ्तरों में वर्क फ्रॉम-होम, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, तोड़फोड़ व निर्माण पर रोक के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। इसी बीच, चीन के दूतावास ने दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण में मदद की पेशकश की है। चीनी दूतावास की एक प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट में स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें दिल्ली में एक्यूआई 447 व बीजिंग में 67 दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, भारत व चीन दोनों ही तीव्र शहरीकरण की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन चीन ने योजनाबद्ध ढंग से उस परिदृश्य को दूर किया है, जिसमें चीन के तमाम शहर सर्दियों में स्मॉग से ढके रहते थे। हालांकि, साम्यवादी चीन व लोकतांत्रिक भारत में नीतियों के क्रियान्वयन में मूलभूत अंतर है। फिर भी चीन की सफलता से सीखा जा सकता है। चीन ने पिछले दो दशकों में आक्रामक ढंग से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया। वाहन उत्सर्जन पर नियंत्रण किया। लाइसेंस प्लेट लॉटरी व ऑड-ईवन से सड़कों पर वाहनों को कम किया। उसने बड़े मेट्रो-बस नेटवर्क को बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाया। करीब तीन हजार के करीब भारी उद्योगों को बीजिंग व आसपास के शहरों से हटाया गया। एक बड़ी स्टील कंपनी को हटाने से घातक कणों में बीस फीसदी की कमी आई। सबसे अधिक जोर कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों व उद्योगों पर रोक लगाने में लगा। इसके अलावा, निर्माण स्थलों पर धूल-रोधी जाली लगाने, पानी के छिड़काव-सफाई, किसानों को पराली भत्ता देने व प्रदूषण के पीक समय में निर्माण पर रोक जैसे कदम उठाए। वहां पौधारोपण को बढ़ावा दिया गया। निस्संदेह, बीजिंग व दिल्ली की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन बीजिंग मॉडल पर विचार होना चाहिए। दरअसल, दिल्ली की भौगोलिक परिस्थिति बीजिंग से भिन्न है, दिल्ली लैंडलॉक्ड क्षेत्र है, आसपास समुद्री इलाका भी नहीं है। लेकिन कोयला आधारित संयंत्रों को बंद करने, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने तथा औद्योगिक संस्थानों को राजधानी की सीमा से बाहर किया जाना चाहिए। इस कार्य के लिए विशेष बजट की भी व्यवस्था हो। चिंता की बात यह भी है कि दिल्ली की तीन सौ किमी की परिधि में ग्यारह कोयला आधारित पॉवर प्लांट्स हैं, जिन्हें सर्वाधिक प्रदूषण का स्रोत माना जाता है। बहरहाल, दीर्घकालिक नीति बनाने व फैसलों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है।

# किसानों के सबसे प्रिय रहे चौधरी चरण सिंह

**डॉ. लोकेश कुमार**



**(23 दिसंबर/ चौधरी चरण सिंह जयंती पर विशेष)**

**देश में 'काम के बदले अनाज' कार्यक्रम भी उनकी प्रेरणा से प्रारंभ हुआ। वे किसानों के मसीहा, भूमि सुधारों के समर्थक, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिए बहुत महत्वपूर्ण काम किए। वे भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। राजनीति को सेवा के रूप में प्रारंभ करने वाले चौधरी चरण सिंह सबसे पहले ब्रिटिश काल में 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए। इसके बाद 1946, 1952, 1962 और 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे 1946 में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में संसदीय सचिव बने और राजस्व, चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, न्याय, सूचना इत्यादि विभिन्न विभागों में अपने कार्य की दक्षता का परिचय दिया।**

सच्चा भारत गांवों में बसता है और एक राष्ट्र तभी समृद्ध हो सकता है जब उसका ग्रामीण क्षेत्र उन्नत हो। यह विचार हमारे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के थे। चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसंबर को मनाई जाती है। उनका जन्म 23 दिसंबर, 1902 को हुआ। उनकी जयंती पर 2001 से प्रत्येक वर्ष किसान दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है, ताकि भारतीय कृषि और ग्रामीण विकास में उनके योगदान को याद किया जा सके। उनके प्रयासों से किसानों के शोषण को रोकने, मंडी बिल पारित कराने और भूमि राजस्व से छूट दिलाने जैसे उल्लेखनीय कार्यों को अंजाम दिया गया।

देश में 'काम के बदले अनाज' कार्यक्रम भी उनकी प्रेरणा से प्रारंभ हुआ। वे किसानों के मसीहा, भूमि सुधारों के समर्थक, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिए बहुत महत्वपूर्ण काम किए। वे भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। राजनीति को सेवा के रूप में प्रारंभ करने वाले चौधरी चरण सिंह सबसे पहले ब्रिटिश काल में 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए। इसके बाद 1946, 1952, 1962 और 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे 1946 में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में संसदीय सचिव बने और राजस्व, चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, न्याय, सूचना इत्यादि विभिन्न विभागों में अपने कार्य की दक्षता का परिचय दिया। उनको जून 1951 में राज्य के कैबिनेट मंत्री बनाया गया और न्याय तथा सूचना विभागों का प्रभार दिया गया। इसके बाद में 1954 में वे डॉ. सम्पूर्णानन्द के मंत्रिमंडल में राजस्व एवं कृषि मंत्री बने।

अप्रैल 1959 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देकर राजस्व एवं परिवहन विभाग का प्रभार संभाला। सी.बी. गुप्ता के मंत्रालय में चौधरी चरण सिंह गृह एवं कृषि मंत्री (1960) थे। सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़कर ,1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। हालांकि राज्य में 2 अक्टूबर 1970 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। चौधरी चरण सिंह ने विभिन्न पदों पर रहते हुए उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा की और उनकी ख्याति एक किसान राजनेता के रूप में हो गई थी। उनकी प्रशासन पर पकड़, भाई- भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते थे। प्रतिभाशाली सांसद एवं व्यवहारवादी के रूप में चौधरी चरण सिंह अपने वाक्पटुता एवं दृढ़ विश्वास के लिए जाने जाते हैं। उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का पूरा श्रेय उन्हें ही जाता है। ग्रामीण देनदारों को राहत प्रदान करने वाला विभागीय ऋणमुक्ति विधेयक, 1939 को तैयार करने एवं इसे अंतिम रूप देने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। ऋणमुक्ति विधेयक 1939 मुख्य रूप से भारत में, विशेषकर उत्तर प्रदेश में, ग्रामीण किसानों और देनदारों को साहूकारों के पंजों से बचाने के लिए यह बिल लाया गया था, जिसमें चौधरी चरण सिंह जैसे नेताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, और इसका उद्देश्य कृषि ऋणों से संबंधित मुद्दों को हल करना था, जिससे किसानों को न्याय और राहत मिल सके। यह विधेयक भूमि सुधार और ग्रामीण ऋणों के पुनर्गठन से जुड़ा था जिससे किसानों की स्थिति में सुधार किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में, खासकर उत्तर प्रदेश में, कर्जदारों (किसानों) को साहूकारों के शोषण से बचाना और कृषि ऋणों को नियंत्रित करना। चरण सिंह ने इस विधेयक को तैयार करने और इसे अंतिम रूप देने में अहम भूमिका निभाई थी, जो किसानों के अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस तरह के विधेयकों ने काश्तकारों (किरायेदार किसानों) के अधिकारों को मजबूती प्रदान की और भूमि सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया, जिससे भूमि स्वामित्व और ऋणों के संबंध में अधिक समानता स्थापित हो सके। यह विधेयक 1939 के आसपास के भूमि सुधार आंदोलनों के प्रयासों का हिस्सा था, जिनका लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना था। ऋणमुक्ति विधेयक 1939 किसानों और ग्रामीण देनदारों के लिए एक राहत उपाय था, जो भूमि सुधार और कृषि ऋणों के विनियमन के माध्यम से सामाजिक न्याय स्थापित करने का प्रयास करता था। देश के वे ऐसा राजनेता थे जिन्होंने लोगों के बीच रहकर सरलता से कार्य करते हुए इतनी लोकप्रियता हासिल कर ली। एक समर्पित लोक कार्यकर्ता एवं सामाजिक न्याय में दृढ़ विश्वास रखने वाले चौधरी चरण सिंह को लाखों किसानों के बीच रहकर प्राप्त आत्मविश्वास से काफी बल मिला। चौधरी चरण सिंह ने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया और अपने खाली समय में वे पढ़ने और लिखने का काम करते थे। उनके द्वारा की गई पहल का ही परिणाम था कि उत्तर प्रदेश में मंत्रियों के वेतन और उन्हें मिलने वाले अन्य लाभों को काफी कम कर दिया गया था।

मुख्यमंत्री के रूप में जोत अधिनियम, 1960 को लाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। यह अधिनियम जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश्य से लाया गया था ताकि राज्य भर में इसे एक समान बनाया जा सके। चौधरी चरण सिंह के मुख्य कार्यों में उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार (ज़मींदारी उन्मूलन, जोत अधिनियम), किसानों और ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण के लिए कानून बनाना और एक साधारण, गांधीवादी जीवनशैली के साथ एक कुशल प्रशासक के रूप में कार्य करना शामिल हैं। वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में और बाद में भारत के उप-प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए ग्रामीण उत्थान और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने पर बहुत ध्यान केंद्रित किया। वे एक विद्वान के रूप में, उन्होंने भारत की आर्थिक नीति में ग्रामीण क्षेत्रों और कृषि के महत्व पर जोर दिया और इस विषय पर कई किताबें लिखीं।

वे अपनी सादगी, सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण के लिए मशहूर थे, जिससे उन्हें किसानों के बीच अपार लोकप्रियता मिली। उनके द्वारा लिखी गई किताबें बहुत लोकप्रिय हैं-इनमें भारत की गरीबी और उसका समाधान, जमींदारी उन्मूलन और संयुक्त खेती का एक्स-रे किताबे लिखीं, जो आज भी प्रासंगिक बनी हुई हैं। बहलहाल, हम कह सकते हैं कि चौधरी चरण सिंह का जीवन का मुख्य कार्य भारत के ग्रामीण और कृषि क्षेत्र को मजबूत करना , खेती और किसानों के अधिकारों की रक्षा करना था।

## विचार

# हिन्दुओं की वैश्विक है दर्दनाक पीड़ा

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**




**दीपू की हत्या उस समय हुई जब ढाका में छात्र नेता उस्मान शरीफ हादी की मौत के बाद विरोध प्रदर्शनों के नाम पर हिंसा भड़काई जा रही थी। बांग्लादेश का इतिहास बताता है कि ऐसे आंदोलनों का अंत अक्सर हिंदुओं पर हमलों से होता रहा है। कभी छात्र आंदोलन, कभी राजनीतिक असंतोष और कभी किसी एक घटना की आड़ में भीड़ को उकसाया जाता है और उसका निशाना हिंदू बस्तियां, मंदिर और आम नागरिक बनते हैं। हर बार यह संयोग नहीं हो सकता है, यह तो यहां एक स्थापित ढांचा बन गया है। इस पूरी प्रक्रिया में ईशनिंदा का आरोप सबसे खतरनाक हथियार बन चुका है, जिसमें भीड़ को उकसाया जाता है।**

जब कोई पिता यह कहता है कि उसे अपने बेटे की मौत की खबर पुलिस, प्रशासन या सरकार से नहीं फेसबुक से मिली है, तब यह साफ हो जाता है कि उसका ये दर्द पूरे समाज और राज्य की सामूहिक नैतिक विफलता का परिणाम है। बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में गारमेंट फैक्टरी में काम करने वाले दीपू चंद्र दास के पिता रवि लाल दास का दर्द आज इसी विफलता की गवाही दे रहा है। उनका बेटा परिवार का इकलौता कमाने वाला था। दिव्यांग पिता, मां, पत्नी और बच्चे की पूरी जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी, किंतु अब वह दुनिया में नहीं, उसे तो इस्लामिक जिहादी कट्टर भीड़ ने घेरकर पीटा, पेड़ से बांधकर जिंदा जलाया और फिर उसके जले हुए शरीर को सार्वजनिक रूप से टांग कर जश्न मनाया है।

दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या कोई अचानक भड़का उन्माद नहीं है। यह उस लंबे और बार-बार दोहराए गए पैटर्न की कड़ी है जिसमें बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को चुनकर निशाना बनाया जाता रहा है। 1951 में जिस देश में हिंदुओं की जनसंख्या 22 प्रतिशत थी, आज वो घटकर 8 प्रतिशत से भी कम रह गई है। यह गिरावट किसी सामान्य सामाजिक या आर्थिक परिवर्तन से नहीं आई है। इसके पीछे दशकों का डर, हिंसा, संपत्ति लूट, मंदिरों पर हमले, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, दीपू चंद्र दास जैसे अब तक अनेक लोगों को षड्यंत्र से, बल पूर्वक मार देने का झूठे आरोपों का इतिहास है।

दीपू की हत्या उस समय हुई जब ढाका में छात्र नेता उस्मान शरीफ हादी की मौत के बाद विरोध प्रदर्शनों के नाम पर हिंसा भड़काई जा रही थी। बांग्लादेश का इतिहास बताता है कि ऐसे आंदोलनों का अंत अक्सर हिंदुओं पर हमलों से होता रहा है। कभी छात्र आंदोलन, कभी राजनीतिक असंतोष और कभी किसी एक घटना की आड़ में भीड़ को उकसाया जाता है और उसका निशाना हिंदू बस्तियां, मंदिर और आम नागरिक बनते हैं। हर बार यह संयोग नहीं हो सकता है, यह तो यहां एक स्थापित ढांचा बन गया है। इस पूरी प्रक्रिया में ईशनिंदा का आरोप सबसे खतरनाक हथियार बन चुका है, जिसमें भीड़ को उकसाया जाता है, ये कहकर की उसने हमारे नबी या कुरान का अपमान किया है। निर्वासित लेखिका और मानवाधिकार कार्यकर्ता तसलीमा नसरीन के अनुसार दीपू पर उसके ही एक मुस्लिम सहकर्मी ने झूठा आरोप लगाया था। पुलिस ने पहले दीपू को भीड़ से बचाकर हिरासत में लिया। दीपू ने स्पष्ट कहा था कि उसने पैगंबर के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की, किंतु उसकी कौन सुननेवाला था! पुलिस ने कट्टरपंथी दबाव में उसे भीड़ के हवाले कर दिया! सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो इस बर्बरता को किसी संदेह से परे ले जाते हैं। कहीं दीपू थाने में बैठा दिखता है। कहीं सैकड़ों लोगों की भीड़ उसे घेरकर पीटती है। कहीं उसे नग्न कर प्रताड़ित किया जाता है और कहीं पेड़ से लटकाकर जिंदा जलाया जाता है। ये दृश्य एक हत्या के आगे बांग?लादेश में आज उस भय के दस्तावेज हैं जिसमें बहुत मुश्किल में रहते हुए कहना होगा हिंदू आज यहां सांस ले रहे हैं। एक नजर देखें तो यह सिलसिला यहीं नहीं रुकता है, पिछले एक साल में ही अनेक हिन्?दू विरोधी हिंसा की भयंकर घटनाएं यहां घटी हैं। दिसंबर 2024 में आकाश दास के खिलाफ ईशनिंदा की अफवाह फैली और 130 हिंदू घर तथा 20 मंदिर जला दिए गए। नवंबर 2024 में करीमगंज उपजिला में रिदॉय रोबी दास की हत्या कर दी गई। अक्तूबर 2024 में फरीदपुर जिले में हृदय पाल नामक छात्र पर कॉलेज में हमला किया गया। चटगांव में प्रांत तालुकदार को अगवा कर प्रताड़ित किया गया। खगराचारी और रंगमती में धनंजय और रुबेल त्रिपुरा की हत्या अफवाहों के आधार पर हुई। घटनाएं अलग हैं पर तरीका एक है।

हिन्दू हिंसा से जुड़े सवाल आज सिर्फ बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहे हैं। पिछले वर्षों में पूरी दुनिया में हिंदुओं को उनकी धार्मिक पहचान के कारण निशाना बनाए जाने की घटनाएं बढ़ी हैं। पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोपों पर भीड़ द्वारा हत्या आम होती जा रही है। सियालकोट में श्रीलंकाई नागरिक प्रियांथा कुमारा को जिंदा जलाया जाना इसी उन्मादी मानसिकता का उदाहरण है जिसका असर वहां के हिंदू अल्पसंख्यकों पर भी पड़ा है। सिंध प्रांत समेत पूरी पाकिस्तान से आए दिन खबरें आती हैं कि बेटी तो बेटी मां तक को जिहादी मानसिकता वाले इस्लामिक लोग अगवा कर ले रहे हैं। ब्रिटेन में मंदिरों पर हमले, मूर्तियों की तोड़फोड़ और धार्मिक जुलूसों पर हमलों की घटनाएं सामने आई ही हैं। कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों को अपवित्र किया गया और धमकियां दी गईं। अमेरिका में भी मंदिरों पर हमले और हिंदू छात्रों के खिलाफ घृणा अपराधों की रिपोर्टें आई हैं। जिन देशों को उदार लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है वहां भी यह प्रवृत्ति चिंता पैदा करती है।

## सभी का सम्मान करें, लेकिन हर व्यक्ति पर संदेह भी रखें

**एन. रघुरामन**



शनिवार शाम करीब 5.45 बजे मैं अनाउंसमेंट के इंतजार में जयपुर एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर कोने की सीट पर बैठा था। मेरी छठी इंद्री ने कहा कि मेरे कंधे के ऊपर से कोई मुझे मोबाइल पर टाइप करते देख रहा है। जैसे ही उस अनजान व्यक्ति को देखने मैं पीछे मुड़ने का सोचा कि मेरे मोबाइल पर एक मैसेज आया'सेंड मी द।' यह मेरे और पत्नी के बीच का कोड वर्ड है, हम कभी भी पासवर्ड नहीं कहते। पासवर्ड ढूंढ़ने के लिए मैसेज आइकन दबाने की बजाय मैंने स्क्रीन के दाहिनी ओर मौजूद कैमरा बटन और साथ ही रिवर्स कैमरा आइकन भी दबा दिया।

कैमरा तुरंत मेरे और कंधे के पीछे मौजूद उस चेहरे पर फोकस हो गया। इससे पहले कि मैं उस चेहरे का स्क्रीनशॉट ले पाता, उस अनजान व्यक्ति का भारी बैकपैक मेरे कंधे से टकराया क्योंकि बैकपैक वाला तेजी से मुड़ा और भीड़ में गायब हो गया।मैं खड़ा हुआ तो मेरी सीट भी चली गई। मैं पूरे एयरपोर्ट में घूमता रहा, क्योंकि पूरा फ्लोर बस स्टैंड से भी बदतर लग रहा था। हर इंच पर यात्री थे, क्योंकि जो स्पेस एक फ्लाइट के यात्रियों के लिए भी पर्याप्त नहीं थी, वहां चार अलग-अलग गंतव्यों की चार फ्लाइट्स के यात्री थे। इनमें दो डिले फ्लाइट्स के यात्री थे और दो शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के यात्री थे। अगले दो घंटे मैं उस चेहरे को खोजता रहा, जिसकी झलक कैमरे में दिखी थी, पर ढूंढ नहीं पाया। मुझे पता है कि स्कैमर्स अकसर अच्छे कपडे पहनते हैं और सहज तरीके से बात करते हैं। मैंने अपनी पत्नी से बात की और एहतियातन कोड वर्ड भी बदल दिया। स्कैमर्स के इस दौर में आप ज्यादा कमाने के लिए क्या सीखते हैं, यह व्यक्तिगत मसला हो सकता है। लेकिन ऑनलाइन स्कैम की दुनिया में सुरक्षित कैसे रहें?, यह सभी की साझा समस्या है। एक परिवार के तौर पर बरती जाने वाली सावधानियां यहां पेश हैं। व्हाट्सएप घोस्टपेयरिंग साइबर फ्रॉड का नया तरीका है। इसमें ठग व्हाट्सएप के मल्टी-डिवाइस पेयरिंग फीचर का दुरुपयोग करता है। ठग, यूजर्स को क्यूआर कोड स्कैन करने के लिए बहकाते हैं, जो अकसर कस्टमर सपोर्ट वेरिफिकेशन, नौकरी, सर्वे के नाम पर भेजे जाते हैं। स्कैन करते ही ठग का डिवाइस पीड़ित के व्हाट्सएप से 'लिंक्ड' हो जाता है। फिर स्कैमर आपकी पहचान बनकर दूसरों से बात कर सकता है। सुरक्षित रहने के लिए अनजान क्यूआर कोड को स्कैन न करें। लिंक्ड डिवाइसेज की नियमित जांच करते रहें। स्कैमर्स घबराहट और जल्दबाजी पैदा करके फंसाते हैं। मसलन, कोई टोल नाका क्रॉस करते ही वे ट्रैफिक चालान भेज देंगे। लिंक पर क्लिक करने को कहेंगे। पर क्लिक न करें। डर या दबाव लगे तो एक पल रुकें और सोचें। अकसर पहला ट्रैप यही होता है। कभी भी सार्वजनिक जगहों पर अनजान केबल या चार्जिंग पोर्ट से फोन चार्ज न करें। नियमित रूप से डेटा का बैकअप लेकर दूसरे डिवाइस में सुरक्षित रखना भी कारगर है। ईमेल आईडी, नेट बैंकिंग पासवर्ड कभी नोट्स ऐप, स्क्रीनशॉट या व्हाट्सएप चैट में न रखें। ये साइबर अपराधियों को खुला न्योता है। सार्वजनिक वाई-फाई के इस्तेमाल से बचें। संदिग्ध फोन कॉल पर फैमिली विशेष कोड वर्ड यूज करें। सभी जरूरी अकाउंट्स पर टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू रखना चाहिए। संभव हो तो बैंक अकाउंट से जुडे फोन नंबर को रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले नंबर अलग रखें, ताकि हैकिंग को रोक सकें। सामान्य नियम यह है कि अनजान नंबर से आए मैसेज या फाइल पर इंटरैक्ट न करें। लिंक पर क्लिक और अटैचमेंट को डाउनलोड न करें, चाहे कितना ही असली लगे।



## राशिफल

**मेष:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

**बृषभ:-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुन:-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा।

**कर्क:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतः इसे सुधारें।

**सिंह:-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरे की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्या:-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

**तुला:-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक:-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**धनु:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकर:-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तण्ररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभ:-** महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों।

**मीन:-** नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है।

# अरावली पहाड़ियों में खनन पर अदालत व सरकार

**कैलाश चन्द्र**

**हम यदि गहराई से देखें तब अरावली पर्वतमाला दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के 39 जिलों में फैली हुई दिखाई देती है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए यह 'ग्रीन लंग्स' की तरह काम करती है। यही पहाड़ियाँ थार मरुस्थल को उत्तर और पूर्व की ओर बढ़ने से रोकती हैं। वर्षा जल को रोककर यह भूजल को रिचार्ज करती हैं। हवा के बहाव को नियंत्रित करती हैं और प्रदूषण के स्तर को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। एनसीआर की जलवायु, वायु गुणवत्ता और जल सुरक्षा सीधे-सीधे अरावली की स्थिति से जुड़ी हुई है। यही कारण है कि दशकों से अरावली क्षेत्र में खनन और निर्माण गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण और कई जगहों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए गए हैं। अरावली में अवैध खनन और पर्यावरणीय क्षति को लेकर 1980 के दशक से ही जनहित याचिकाएं दाखिल होती रही हैं।**

भारत की अरावली पर्वतमाला उत्तर और पश्चिम भारत की पारिस्थितिक सुरक्षा प्रणाली की रीढ़ है। दिल्ली से लेकर गुजरात तक फैली यह प्राचीन पर्वत शृंखला भारत की सबसे पुरानी भूवैज्ञानिक संरचनाओं में से एक होने के साथ ही यह मरुस्थलीकरण को रोकने वाली प्राकृतिक दीवार, भूजल पुनर्भरण का अहम क्षेत्र और जैव विविधता का महत्वपूर्ण आश्रय भी है। ऐसे में हाल के दिनों में सोशल मीडिया और कुछ यूट्यूब चैनलों पर यह दावा किया जाना कि सरकार ने अरावली में खनन और निर्माण के लिए ढील दे दी है, स्वाभाविक रूप से चिंता पैदा करता है और इससे जुड़ा सच जानने के लिए प्रेरित करता है।

इसी संदर्भ में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण देना पड़ा है। उन्होंने इन आरोपों को भ्रामक और तथ्यों से परे बताया। वास्तव में इस पूरे विवाद को समझने के लिए तीन बुनियादी पहलुओं को स्पष्ट रूप से देखना आवश्यक है; अरावली का भौगोलिक और पारिस्थितिक महत्व, सुप्रीम कोर्ट के पुराने और नए आदेश तथा सरकार की वर्तमान संरक्षण नीति।

हम यदि गहराई से देखें तब अरावली पर्वतमाला दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के 39 जिलों में फैली हुई दिखाई देती है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए यह 'ग्रीन लंग्स' की तरह काम करती है। यही पहाड़ियाँ थार मरुस्थल को उत्तर और पूर्व की ओर बढ़ने से रोकती हैं। वर्षा जल को रोककर यह भूजल को रिचार्ज करती हैं। हवा के बहाव को नियंत्रित करती हैं और प्रदूषण के स्तर को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। एनसीआर की जलवायु, वायु गुणवत्ता और जल सुरक्षा सीधे-सीधे अरावली की स्थिति से जुड़ी हुई है। यही कारण है कि दशकों से अरावली क्षेत्र में खनन और निर्माण गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण और कई जगहों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए गए हैं। अरावली में अवैध खनन और पर्यावरणीय क्षति को लेकर 1980 के दशक से ही जनहित याचिकाएँ दाखिल होती रही हैं। इन याचिकाओं के परिणामस्वरूप उच्चतम न्यायालय ने कई ऐतिहासिक आदेश दिए। वर्ष 2009 में उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम और नूंह जिलों की अरावली पहाड़ियों में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध आज भी प्रभावी है। इसके बाद न्?यायालय ने स्पष्ट किया कि वैज्ञानिक मैपिंग और पर्यावरण प्रभाव अध्ययन (ईआईए) के बिना अरावली क्षेत्र में किसी भी नई खनन गतिविधि की अनुमति नहीं दी जा सकती। पहले वैज्ञानिक सर्वे फिर पर्यावरणीय योजना और उसके बाद ही किसी प्रकार की अनुमति, यह सिद्धांत स्थापित किया गया। इसमें भी महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि ये रोकें अस्थायी नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और कई मामलों में स्थायी हैं। आम धारणा के विपरीत हर साल नई-नई रोकें नहीं लगतीं, किंतु एक बार सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद वह वर्षों तक लागू रहता है। वर्ष 2025 में उच्चतम न्यायालय ने अरावली को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश दिया। अदालत ने सभी राज्यों से अरावली की एक समान, वैज्ञानिक और लागू करने योग्य परिभाषा तैयार करने को कहा और केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया। यहीं से भ्रम की शुरुआत हुई। कुछ लोगों ने यह प्रचारित किया कि अब केवल पहाड़ी की चोटी से 100 मीटर ऊपर तक ही संरक्षण रहेगा और उसके नीचे खनन की छूट मिल जाएगी। निश?चित ही ये दावा अधूरा और पूरी तरह भ्रामक है। विशेषज्ञ समिति द्वारा सुझाया गया 100 मीटर मानदंड पहाड़ी की ऊँचाई को स्थानीय राहत के संदर्भ में परिभाषित करता है। इसका अर्थ यह है कि पहाड़ी का आधार यदि जमीन के भीतर 20 मीटर नीचे तक फैला है तो संरक्षण की गणना वहीं से होगी। यानी चट्टान की पूरी मोटाई, उसकी ढलानें और उससे जुड़ी घाटियां भी संरक्षण के दायरे में आती हैं। दूसरे शब्दों में यह नियम खनन को छूट देने के लिए नहीं है, उक्त संदर्भ में यह स्पष्ट करने के लिए है कि अरावली वास्तव में कहाँ तक फैली है। जबकि इससे पहले विभिन्न राज्यों में अलग-अलग परिभाषाओं के कारण भ्रम और दुरुपयोग की गुंजाइश बनी रहती थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार नई वैज्ञानिक परिभाषा के बाद अरावली क्षेत्र लगभग 1.44 से 1.47 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ माना गया है। इसमें से करीब 90 प्रतिशत हिस्सा सीधे-सीधे संरक्षित श्रेणी में आता है। केवल 0.2 से 2 प्रतिशत तक का हिस्सा ही सैद्धांतिक रूप से खनन के लिए संभावित माना जा सकता है। किंतु यह संभावित शब्द भी महत्वपूर्ण है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### बुधवार एवं गुरुवार को होगा सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन

**महोबा।** सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन निम्न आयु वर्ग मे सब जूनियर, जूनियर, एव सीनियर बालक/बालिका, पुरुष/महिला वर्ग मे 24 दिसम्बर 2025 कबड्डी,जूडो एवं दिनांक 25 दिसम्बर को फुटबाल, बैडमिण्टन प्रतियोगिता का स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता मे महोबा,हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत विधान सभा महोबा विधान सभा चरखारी विधान सभा हमीरपुर, विधान सभा राठ विधान सभा तिन्दवारी के विजेता खिलाडी उपरोक्त खेलो मे प्रतिभाग करेगे सांसद खेल स्पर्धा का उद्घाटन/समापन बाबूराम निषाद राज्य सदस्य मुख्य अतिथि एवं राकेश गोस्वामी सदर विधायक,बृजभूषण राजपूत विधायक चरखारी,जितेन्द्र सिंह सेंगर एमएलसी हमीरपुर,तिन्दवारी,मोहन लाल कुशवाहा जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी,जय प्रकाश अनुरागी अध्यक्ष जिला पंचायत महोबा,डॉ संतोष चौरसिया नगर पालिका महोबा,गजल भारद्वाज जिलाधिकारी एवं बलराम कुमार,मुख्य विकास अधिकारी आदि की उपस्थिति मे किया जायेगा।

### पानी भरे गड्ढे में मिला बुजुर्ग किसान का शव



**महोबा।** घर से खेत के लिए निकले बुजुर्ग किसान का शव पानी से भरे गड्ढे में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। बुजुर्ग की मौत से परिजन सदमा में है। बताते चलें कि शहर के मलकपुरा निवासी 75 वर्षीय रामदयाल कुशवाहा पुत्र फद्दी रविवार को रात्रि में अपने घर से खाना लेकर खेत राजकीय पालीटेक्निक कॉलेज के पीछे यशोदा नगर जा रहा था। आज सोमवार को तड़के सूचना मिली कि बुजुर्ग किसान का शव पानी से भरे गड्ढे में मिला है। बताया जाता है कि उसकी मृत्यु पानी भरे गड्ढे में पैर फिसल कर गिरने से हुई है। मृतक के पुत्र अशोक कुमार की सूचना पर बजरिया चौकी प्रभारी नरेश चंद्र निगम ने पुलिस बल के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। चौकी प्रभारी ने बताया कि बुजुर्ग के गड्ढे के किनारे पैर फिसलने के निशान पाए हैं। चौकी पुलिस ने तहरीर के आधार पर सूचना दर्ज कराकर पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम कराया है।

### नगर के प्रसिद्ध कथाकार महेन्द्र भीष्म को फिल्म अभिनेता सौरभ शुक्ला ने किया सम्मानित



**कुलपहाड़/महोबा।** उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में रजिस्ट्रार व प्रसिद्ध कथाकार व उपन्यासकार महेन्द्र भीष्म को उनके साहित्यिक अवदान पर रविवार को उन्हें सम्मानित किया गया। खजुराहो में चल रहे 11 वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल में रविवार शाम को सांस्कृतिक मंच पर प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता सौरभ शुक्ला ने कथाकार महेन्द्र भीष्म को उनके साहित्यिक अवदान के लिए सम्मानित किया। कथाकार महेन्द्र भीष्म महोबा जिले के कुलपहाड़ निवासी हैं, उनके अब तक दर्जन कहानी संग्रह व उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं एवं वर्तमान में उच्च न्यायालय लखनऊ में रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत हैं।

### सियार ने महिला को किया घायल, गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में कराया गया भर्ती

**मौदहा, हमीरपुर।** सड़क किनारे कंडे के भडे से कन्डे लेने आई एक वृद्ध महिला पर सियार ने हमला कर उसे लहू लुहान कर दिया जिस पर उसके परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। तहसील क्षेत्र मौदहा के ग्राम टिकरी निवासी शांति 66 वर्ष पत्नी महादेव सोमवार की सुबह सड़क किनारे अपने कंडे के भड़े से कन्डे निकाल रही थी तभी वहां मौजूद सियार ने उस पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया जिस पर उसके देवर दुर्गाप्रसाद ने उसे लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### आर्थिक परेशानी के चलते युवक ने फांसी लगाई

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पारा में आर्थिक परेशानी के चलते एक युवक ने फांसी लगा ली यह देख उसकी पत्नी युवक को ऊपर उठाई रही। परिजनों की मदद से युवक को फांसी से उतार सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र बिवार के ग्राम पारा निवासी शिव बहादुर 24 वर्ष पुत्र ईश्वर दीन ने कुछ समय पूर्व एक ई रिक्शा लोन पर लिया था जिसकी उसे किस्त भरना थी लेकिन आर्थिक परेशानी के चलते किस्त ना भर पाने के कारण सोमवार की दोपहर उसने अपने घर में फांसी लगा ली इसकी जानकारी होते ही उसकी पत्नी चंचल ने अपने पति के शरीर को बाहों में भर उसे ऊपर उठे रही और शोर मचा परिजनों को बुलाया जिस पर युवक को आनन फानन फांसी से उतार सरकारी हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख प्राथमिक उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया। पत्नी की सूझबूझ व हिम्मत के चलते शिव बहादुर की जान बच गई। यह घटना ग्रामीणों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### युवती प्रेमी संग फरार, मां ने लिखाया मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के विंध्यवासिनी मार्ग निवासी एक महिला ने युवक के खिलाफ पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बालिग पुत्री कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल में संचालित एक ट्रैक्टर एजेंसी में कार्य करती थी। गत 17 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे एजेंसी जाने की बात कहकर घर से निकली थी और जब यह शाम को घर नहीं आई तब तलाश करने पर पता चला कि वह पचखुरा बुजुर्ग निवासी संजय के साथ चली गई है। पुलिस ने मां की तहरीर पर संजय के खिलाफ युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया है।

### बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गत माह देवगांव के समीप खेत से पानी लगाकर घर लौट रहे युवक को बाइक से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करके फरार हुए युवक के खिलाफ पुत्र की मौत के बाद पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। सदर कोतवाली के बड़ा गांव निवासी बाबू ने बताया कि उसका पुत्र संदीप देवगांव में खेत बटाई पर लेकर खेती करता था। गत 7 नवंबर को रात करीब 8:00 बजे वह खेत में पानी लगाकर घर लौट रहा था तभी मैथा नाला के समीप पत्योरा की तरफ से आ रहे बाइक सवार युवक ने गलत दिशा में आकर बाइक से पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गई। पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर मुकदमा अज्ञात चालक के खिलाफ दर्ज किया है।

### सेंट पॉल स्कूल के तीन वर्ष बीतने पर विद्यालय में चार दिवसीय ज्योति फेस्ट का आयोजन किया गया



**मौदहा हमीरपुर।** नगर के सेंट पॉल स्कूल एवं कॉलेज के शिक्षा के क्षेत्र में तीन दशक कुशलपूर्वक बीतने पर विद्यालय में चार दिवसीय ज्योति फेस्ट का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ 20 दिसंबर को जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता ने किया था। इस समारोह के तीसरे दिन मुख्य नथीनियल दास (अध्यक्ष सेंट पॉल स्कूल एवं कॉलेज) ने फीता काटकर उत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में आधारित शिक्षा प्रणाली की, विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियां, अनुशासन तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था ने क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त पहचान स्थापित की है। सोमवार को विद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता, शैक्षिक गतिविधियां तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के सृजनात्मक एवं नवाचारी मॉडल की प्रदर्शनी लगाई जो छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों के आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों ने अपने तार्किक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टि और सामाजिक सरोकारों की गहन समझकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिनव दास ने बताया कि यह आयोजन केवल उत्सव नहीं है बल्कि शिक्षा, संस्कार एवं नवाचार के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रतीक है। चार दिवसीय ज्योति फेस्ट संस्था की गौरवशाली परंपरा शैक्षिक उत्कृष्ट एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। मंगलवार को चार दिवसीय ज्योति फेस्ट का समापन होगा।

### छेड़खानी दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के एक गांव के दलित महिला ने गांव के युवक के खिलाफ छेड़खानी एवं दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला का आरोप है कि वह गत 22 नवंबर को रात 8:00 बजे गांव में ही दुकान पर दवा लेने जा रही थी तभी रास्ते में गांव निवासी दबंग एवं गुंडा किस्म के युवक पुत्तीलाल उर्फ सुमित खंगार ने उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर युवक के खिलाफ छेड़खानी, दलित उत्पीड़न एक्ट की धाराओं में मुकदमा कायम किया है।

# रंजिश के चलते भतीजे ने चाचा को गोलियों से भूना, मौत

- घटना की सूचना मिलते ही एएसपी, सीओ सहित मौक़े पर पहुंचे एसपी
- आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ सिटी के नेतृत्व में किया टीमों का गठन

**कबरई/महोबा, समृद्धि न्यूज।**





पुरानी रंजिश को लेकर भतीजे ने चाचा पर ताबड़तोड़ गोलियां दाग कर मौत के घाट उतार दिया। चाचा पर गोलियां बरसाने के बाद आरोपित भतीजा अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। सरे शाम गोलीबारी कर हत्या की घटना से इलाके हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पूरे घटना की जानकारी हासिल करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमों को लगा दिया है। थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गुगौरा निवासी 60 वर्षीय गुलाब सिंह परिहार की रविवार को देर शाम ट्यूबवेल में गोली मार कर हत्या कर दी गई मृतक के पुत्र शिवम ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को पिता ट्यूबवेल में थे । तभी चाचा का बेटा मोनू सिंह गया और पिता पर गोलियां बरसा दीं। तीन फायर में एक पिता के सीने में लगा जबकि दूसरा सिर में लगा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह का कहना है कि सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में कोतवाली, खन्ना, कबरई सहित सर्विलांस व एसओजी टीम को लगाया गया है। आरोपित मोनू सिंह की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर घटना को अंजाम देने की जानकारी मिल रही है। पूरे मामले की जानकारी हासिल की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह कबरई पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## बदले की भावना को लेकर दिया घटना को अंजाम

**कबरई/महोबा।** बदले की भावना हत्या की घटना का कारण बन गई। घटना को लेकर गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है । बताया जा रहा है कि आरोपित मोनू सिंह के पिता जनार्दन सिंह की हत्या 30 साल पहले हो गई थी। हत्या के समय मोनू सिंह मात्र 2 साल का था। मोनू सिंह के परिजन हत्या के लिए गुलाब सिंह परिहार को दोषी मानते थे। बचपन से ही मोनू सिंह के मन में यह बात घर कर गई कि पिता की हत्या गुलाब सिंह परिहार के कारण हुई थी। लोगों का कहना है कि कई बार मोनू सिंह गांव में इस बात को लेकर धमकी दे चुका था।रविवार को मृतक गुलाब सिंह अपने खेत में मुर्गा पार्टी कर रहा था तभी मौका पाकर मोनू सिंह आया और बदले की भावना को लेकर गोलियां बरसाकर चाचा को मौत के घाट उतार दिया। घटना ने 30 साल पहले की जख्मों को दोबारा से हवा दे दी है।

## लकड़बग्घा की चहल कदमी से दहशत में किसान



**खन्ना/महोबा।** जंगली जानवर लकड़बग्घा की चहलकदमी से ग्रामीण परेशान हैं। खेतों में लकड़बग्घा को देख ग्रामीण खासी दशहत में है। किसानों ने वन विभाग को सूचना देकर लकडबग्घा का रेस्क्यू कराने की मांग उठाई है। वन विभाग ने रेस्क्यू करने के लिए टीम को भेजा है। घंटों मशक्कत के बाद भी टीम रेस्क्यू नहीं कर सके।

खन्ना थाना क्षेत्र के सिरसी कलां गांव में इन दिनों लकड़बग्घा खेतों में चहलकदमी कर रहा है। रविवार को सिरसी कला और कहरा के बीच सड़क पर लकड़बग्घा दिखा तो खेतों में काम कर रहे किसानों में हड़कंप मच गया। एकजुट हुए किसान लाठियां लेकर पहुंचें जिन्हें देखकर जंगली जानवर मौके से भाग गया। सोमवार को एक बार फिर सड़क पार करते हुए लकड़बग्घा दिखा जिसे देखकर लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह के निर्देश पर टीम रेस्क्यू करने के लिए टीम पहुंची। किसानों ने बताया कि दो दिन से लकड़बग्घा बीमार दिख रहा है। टीम ने जाल बिछाने का प्रयास किया मगर जंगली जानवर हाथ नहीं आया। लकड़बग्घा की चहल कदमी से लोग दहशत में है। लोगों का कहना है कि रात्रि में गांव तक पहुंचने का खतरा बन गया है। वन विभाग ने रेस्क्यू कराने के लिए संसाधन बढ़ाने की बात कही है। सिरसी कलां कहरा, न्यूरिया, बरबई आदि के गांव लकड़बग्घा की चहलकदमी से दहशत में है।

# विद्युतकर्मियों ने काटे गांव की आधी से ज्यादा आबादी के कनेक्शन

- ग्रामीणों ने कर्मचारियों पर लगाया अवैध धन उगाही का आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शासन द्वारा संचालित योजना के तहत विद्युत बकायेदारों को एकमुश्त छूट देकर बिल जमा करने की अपील की जा रही है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी जानकारी न होने के चलते बकायेदारों द्वारा बिल जमा नहीं किए जा रहे हैं। जिसके चलते विभागीय कर्मियों द्वारा अभियान चलाकर बकायेदारों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। बिल जमा ना होने पर कर्मचारियों द्वारा गांव की आधे से ज्यादा आबादी के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने विधुत कर्मियों पर धन उगाही का आरोप लगाया है। विभागीय अधिकारियों ने इन आरोपों को बेबुनियाद बता ग्रामीणों से शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ लेकर बिल जमा करने की अपील की है। विधुत विभाग द्वारा सदर तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम डढ़हत माफ में दर्जनों बकायेदारों के विधुत कनेक्शनों को काट दिया गया। गांव के ज्यादातर घरों के कनेक्शन कटने से ग्रामीण परेशान हो गए और उन्होंने विधुतकर्मियो पर अवैध धन उगाही का आरोप लगाया है ग्रामीणों का आरोप है कि लाइनमैन द्वारा दो-दो हजार रुपये मंगाए जा रहे है और रुपये न देने पर हम लोगो के कनेक्शन काट दिए गए है । सदर तहसील क्षेत्र के डढ़हत माफ गांव में तीन बार कैंप लगाकर ग्रामीणों से शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ लेकर बिल जमा करने की अपील की गई लेकिन ग्रामीणों की उदासीनता के चलते बिल जमा नहीं किए गए जिसके बाद विद्युत कर्मियों द्वारा अभियान चलाकर गांव के आधे से ज्यादा घरों में लगे बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन को काट दिया गया।लगातार तीन दिन से लाइट ना आने से परेशान ग्रामीण एकत्रित हो गए और प्रदर्शन करते हुए लाइनमैन पर अवैध धन उगाही करने का आरोप लगा अधिकारियों से विद्युत कनेक्शन जुड़वाने की मांग की है। हालांकि मामला संज्ञान में आने के बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा आरोपों को बेबुनियाद बता ग्रामीणों से शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ लेकर बकाया बिल जमा करने की अपील की गई है।

### बेबुनियाद हैं अवैध धन उगाही के आरोप, बकायेदारों के काटे गए हैं विद्युत कनेक्शनः उपखण्ड अधिकारी

**महोबा।** मामले को लेकर विधुत विभाग के उपखंड अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि डढ़हत माफ गांव में तीन बार कैम्प लगाया जा चुका है ताकि सरकार की विधुत बकायेदारों को लेकर चलाई जा रही योजना का लाभ मिल सके। जिन घरों के कनेक्शन काटे गए हैं उनका बिल बकाया होने के कारण काटे गए हैं और उनसे अगले कैम्प में बिल जमा करने को कहा गया है। बिल जमा होने पर सभी के कनेक्शन जोड़ दिए जाएंगे।

# अराजकतत्वों ने नलकूप में लगाई आग भूसा और कृषि उपकरण हुए खाक

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।**



बीती रात क्षेत्र के ग्राम सौंखर में अराजक तत्वों ने नलकूप में आग लगा दी। इससे नलकूप में रखा भूसा सहित कृषि कार्य में उपयोग होने वाले यंत्र जलकर खाक हो गए। नलकूप में रहने वाले वृद्ध दम्पती के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए बाद में सूचना पाकर पहुंचे फायर दस्ते ने आग पर काबू पाया। आग से करीब 70 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गांव पहुंचकर जांच पड़ताल की है। सौंखर निवासी सभाजीत कुशवाहा ने बताया की बीती रात 10:00 बजे अराजक तत्वों ने गांव से सटे मेरे नलकूप में आग लगा दी। उस समय नलकूप में उसके वृद्ध दाई बाबा मौजूद थे। आग भड़कने पर दोनों ने शोर मचाया शोर शराब सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद घटना की सूचना फायर दस्ते को दी गई। सूचना पाकर गांव पहुंचे फायर दस्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से करीब 70 हजार का नुकसान हुआ है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गांव पहुंचकर घटनास्थल देखा और ग्रामीणों से पूछताछ की आग लगाने के पूर्व अराजकतत्वों ने नलकूप में लगी अमरूद की बगिया में अमरूद भी तोड़े है इसके निशान भी मौके पर पुलिस को मिले हैं। पत्योरा पुलिस चौकी इंचार्ज निशांत दूबे ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# चेयरमैन ने वार्ड में पहुंचकर जानी लोगों की समस्याएं

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



ठिठुरन भरी सर्दी के बीच नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर के वार्ड 6 के वासियों की समस्याओं को करीब से जाकर जानने का प्रयास किया साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल, आदि सहित शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का पात्रों को लाभ के बारे में जानकारी हासिल की और अविलम्ब निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि इस समय ठिठुरन भरी सर्दी का सितम जारी है आसमान में कोहरे की चादर से लोगों की दिनचर्या पर भी असर शुरू कर दिया है। प्रशासन द्वारा भी इस सर्दी से बचाव हेतु गाइड लाइन जारी कर बचाव करने की बात कही गई है इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरज़रिया ने नगर के वार्ड नंबर 6 में जाकर लोगों की समस्याओं को करीब से जानने का प्रयास किया, मुहाल की सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़क, शासन की योजनाओं का पत्रों को मिलने वाले लाभ तथा सर्दी से बचाव किए जाने आदि के बारे में जानने का प्रयास करते हुए समस्याओं को अवलंब दूर किए जाने का आश्वासन दिया है नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा है किनगर वार्ड का भ्रमण करने का हमारा मकसद लोगों की समस्याओं को पास जाकर सुनने और उनके निस्तारण करना है इस समय सर्दी अधिक पड़ रही है इस बारे में भी लोगों से सावधानियां बरतने के लिए कहा गया है और शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रों को मिले यही हमारी कोशिश जारी है।जो भी वार्डवासियों की समस्याएं सामने आयीं है उन्हें अविलम्ब दूर कराया जायेगा।

# ब्लाक मौदहा में शत्रुघ्न खंगार को मीडिया प्रवक्ता मनोनीत किया गया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति से जिलाध्यक्ष इदरीश खान जी द्वारा मौदहा निवासी शत्रुघन खंगार को समाजवादी पार्टी मौदहा ब्लॉक का मीडिया प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। शत्रुघन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पार्टी को आगे बढ़ाने एवं माननीय अखिलेश यादव जी को आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ पार्टी में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करूंगा। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी विधानसभा हमीरपुर रामप्रकाश प्रजापति,प्रदेश सचिव ओमप्रकाश सोनकर वारसी, हरनारायण निषाद जिला उपाध्यक्ष, रामकुमार सैनी, अनिल कुमार प्रजापति, श्याम सिंह खंगार, राघवेन्द्र सिंह यादव, जगमोहन यादव, संतोष कुमार, जितेंद्र सिंह खंगार, कल्लू खंगार, रामचंद्र, विनोद, रामानुज, बाबू आदि लोगो ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# एसआईआर अभियान विशेष गहन पुनरीक्षण की हुई समीक्षा बैठक

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अभियान की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई और आगे की कार्यवाही एवं आगामी लक्ष्यों पर चर्चा भी की गई जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी दी की जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद ने कहा कि इस अभियान को महत्वपूर्ण समझते हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ईमानदारी से मेहनत के साथ कार्य करें ताकि कोई ऐसा व्यक्ति ना हो जो की धोखे से भी गलत जुड़ जाए और उसके जूड़ने से हम सभी को आगे समस्या खड़ी हो जाए और ऐसा भी व्यक्ति ना रह जाए जो की यहां का रहने वाला हो और उसकी छोटी सी भी अज्ञानता के कारण जुड़ने से वंचित हो जाए इसलिए बूथ से लेकर मंडल एवं जनपद स्तर तक लगाए गए जिम्मेदार लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि इस कार्य को महत्वपूर्ण कार्य समझते हुए कार्यरत बी एल ओ के साथ तालमेल बैठाकर गलत लोगों के नाम हटाकर सही लोगों के नाम जोड़ने का कार्य किया जाए इस बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सदस्य सरस्वती शरण द्विवेदी कुरारा ब्लाकप्रमुख आशीष पालीवाल राठ नगरपालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया लक्ष्मी रतन साहू मौदहा ब्लॉक प्रमुख लाला राम निषाद किशन व्यास अरविंद श्रीवास्तव नीलम बाजपेई साधना सिंह उत्तम सिंह एवं बीजेपी पदाधिकारी और देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## कड़ाके की ठंड के बावजूद कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई



**हमीरपुर।** हाड़ कंपा देने वाली इस सर्दी में जहां सरकार और जिलाधिकारी ने सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने के सख्त निर्देश दिए हैं वहीं कसवे में राजस्व विभाग ने अभी तक अलाव जलवाये जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। कस्बा से सैकड़ों राहगीर आवागमन करते है वही ग्रामीण ठिठुरने को मजबूर हैं। जिलाधिकारी ने आदेश दिया गया कि जिले के हर मुख्य चौराहे और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलने चाहिए लेकिन मुस्करा में इन आदेशों को राजस्व विभाग ठेंगा दिखाता नजर आ रहा है जब सरकारी तंत्र फेल नजर आया तो मुस्करा के ग्राम प्रधान महेन्द्र प्रताप अहिरवार उर्फ बबलू ने जिम्मेदारी उठाई उन्होंने कस्बे के पांच प्रमुख और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अपने स्तर से सूखी लकड़ियों का इंतजाम करवाकर अलाव जलवाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्बे का मुख्य चौराहा, भारतीय स्टेट बैंक के पास, गल्ला मंडी बिलगांव रोड, रहुनिया, पोस्ट ऑफिस सार्वजनिक स्थल पर लकड़ी डलवा कर अलाव जलाए जाने की व्यवस्था की है। जिसकी देखते हुए राहगीरों ने ली राहत की सांस। अस्पताल में आने वाले मरीजों के तीमारदारों और बैंक आने वाले ग्राहकों ने मंडी आने वाले किसानों ने प्रधान की इस पहल की सराहना की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ग्राम प्रधान आगे न आते तो इस भीषण ठंड में लोगों का सड़क पर खड़ा होना मुश्किल हो जाता। वहीं राजस्व विभाग की इस कार्य शैली को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे कस्बे में नियमित अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

# अटल जन्म शताब्दी समारोह कार्यशाला का आयोजन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की अध्यक्षता में अटल जन्म शताब्दी समारोह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद उपस्थित रहे आज की इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने SIR पर विशेष चर्चा की कहा कि कोई ऐसा व्यक्ति ना छूट जाए जो पात्रता रखता हो और कोई ऐसा गलत व्यक्ति ना जुड़ जाए जो गलत हो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 25 दिसंबर को बूथ स्तर से जनपद स्तर तक अटल स्मृति वर्ष का आयोजन उत्साह के साथ किया जाएगा जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र के सभी बूथ अध्यक्षों को अपनी निधि का 10त्न खर्च करके उनको मजबूत करने का कार्य करें ताकि बूथ मजबूत होने पर ही हम आगे के चुनाव मजबूती से जीत पाएंगे जिले की इस कार्यशाला में निवर्तमान जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता सुनील पाठक, आशीष पालीवाल जीतू राजपूत आशा रानी कबीर किशन व्यास साधना सिंह पुष्पराज सोनी रामदेव सिंह जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव कृष्ण कुमार विश्वकर्मा प्रमोद वर्मा रणवीर सिंह महेंद्र सिंह संतराम आकाश त्रिपाठी नीलम बाजपेई लक्ष्मी रतन साहू मोहन कुशवाहा अंकित गुप्ता सीमा वर्मा दुर्गेश कुमार के अलावा सभी मंडल अध्यक्ष एवं जिले के पदाधिकारी तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे मंच का संचालन नरवेद्र सिंह ने किया।

# गांवों में नमामि गंगे द्वारा डाली गयी पाइप लाइन टूटी, बह रहा पानी



**कुरारा, हमीरपुर।** दिसंबर विकास खंड क्षेत्र के गांवों में नमामि गंगे की पाइप लाइन से किए गए कनेक्शन में उपभोक्ता द्वारा टोटी न लगाए जाने से सप्लाई के दौरान पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। जिससे रास्ते में पानी भर जाने से कीचड़ हो रहा है। लोग को पानी के महत्व को नहीं समझ पा रहे है। क्षेत्र के डामर गांव में नमामि गंगे पाइप लाइन कई जगह क्षति ग्रस्त हो जाने से रास्ते में पानी भर रहा है। जिससे रास्ता खराब हो रहा है। गांव में रामसनेही यादव के दरवाजे में पाइप लाइन एक माह से लीकेज है। इसको ठीक नहीं किया जा रहा है। चंद्रभान के दरवाजे में दो माह से लीकेज हो गया है। लेकिन कोई विभागीय कर्मचारी व अधिकारी शिकायत के बाद भी इनको ठीक करने का प्रयास नहीं कर रहा है। गांव निवासी वीर सिंह, खिलावन, रामरतन, होरीलाल आदि ने बताया कि पाइप लाइन के क्षति ग्रस्त होने से पानी बहकर रास्ते में भरता है। जिससे सड़क खराब हो रही है। वहीं इस पाइप लाइन से लोगो को पानी के लिए कनेक्शन दिया गया है। लेकिन इसमें टोटी न लगे होने से पानी बहकर बर्बाद होता रहता है।

# बाजपुरा टीकारामघाट पर गोमती नदी पर बनेगा पुल

▸ पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने सीएम योगी को लिखा था पत्र, हुआ स्वीकृत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

बहुप्रतीक्षित गोमती नदी के बाजपुरा बाबा टिकरामघाट पर नए पुल के निर्माण को आखिरकार हरी झंडी मिल गई है। क्षेत्र के विकास की दिशा में यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

पूर्व सांसद बैजनाथ रावत द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इन पुलों के निर्माण की मांग की गई थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई है।

बताया जा रहा है कि गोमती नदी के कारण आसपास के कई गांवों और कस्बों के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पुल न होने के कारण लोगों को लंबा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। विशेषकर विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और मरीजों को काफी परेशानियों का



सामना करना पड़ता था।

पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से वस्तुस्थिति से अवगत कराया था। उन्होंने पत्र में पुलों के निर्माण से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक लाभों को रेखांकित किया था। मुख्यमंत्री द्वारा मांग को स्वीकार किए जाने के बाद क्षेत्र के लोगों ने बैजनाथ रावत का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयाँ दी हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन पुलों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। व्यापारिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी और ग्रामीण क्षेत्रों का शहरों से सीधा संपर्क स्थापित हो सकेगा। इसके साथ ही आपातकालीन सेवाओं को भी समय पर पहुंचने में सुविधा मिलेगी। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा और निर्धारित समय सीमा में पुल बनकर तैयार होगा। यह परियोजना निश्चित रूप से गोमती नदी से जुड़े इलाकों के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी।इस पुल के निर्माण से दो सौ से अधिक गांवों के निवासियों को फायदा मिलेगा और लम्बी दूरी से निजात मिलेगी।

32 करोड़31 लाख 44 हजार रुपये की स्वकृति से 197 मीटर का पुल बनेगा इस पुल के निर्माण को लेकर नागरिकों ने सत्याग्रह जल ग्रह सहित काफी आंदोलन किया था इस समस्याओं को देखते हुए 20,9,2024 को तथा बाद में कई प्रस्ताव पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री को दिया यही नहीं पहाडा पुर का भी प्रस्ताव भेजा था दोनों प्रस्तावित पुलों में बाबा टीकाराम घाट की स्वकृति शिवकुमार अनु सचिव उत्तर प्रदेश शासन ने द्वारा अभियन्ता लोक निर्माण विभाग विभागाध्यक्ष को वित्तीय वर्ष 2025,2026 अनुदान संख्या 57/83 के अधीन नाबार्ड वित्त पोषित योजना अंतर्गत सेतु परियोजना की स्वकृति दी गई है।

## धूमधाम से मनाया गया जिला पंचायत राजस्व निरीक्षक का जन्मदिन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला पंचायत के राजस्व निरीक्षक त्रिवेणी प्रसाद दुबे का जन्मदिन साथियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर साथियों द्वारा केक खिलाकर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी गईं। जन्मदिन के शुभ अवसर पर सुबह से ही श्री दुबे के सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक व्हाट्सएप एवं उनके निज निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी सभासद शब्बीर पहाड़ी सभासद



इसहाक पूर्व सभासद स्कंद तिवारी समाजसेवी दीपू तिवारी वशिष्ठ पांडे आशुतोष शुक्ला विष्णु शुक्ला जतिन चौधरी विकास तिवारी ऋषभ शुक्ला आलोक कुमार सिंह राम जी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय सवर्ण परिषद द्वारा आयोजित चौपाल में सवर्ण समाज के सैकड़ों लोग बने संगठन के सदस्य



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शहर के बालापुर में राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के जिला सचिव शुभम त्रिवेदी द्वारा आयोजित सवर्ण समाज की चौपाल ने पूरे इलाके के सवर्णों में एक नई ऊर्जा का संचार किया, इस चौपाल में आए हुए जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने सैकड़ों उत्साही लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई, तो जिला कार्यक्रम प्रभारी देवेश प्रताप सिंह को जिला प्रवक्ता और सदर तहसील अध्यक्ष दीपक तिवारी को जिला कार्यक्रम प्रभारी पदोन्नत कर संगठन को नई ताकत प्रदान की। दाधिकारियों ने जनसमूह को संबोधित करते हुए संगठित होने,हक–अधिकारों के लिए बुलंद आवाज उठाने तथा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0 पंकज धवरैय्या जी के क्रांतिकारी विचारों को हर घर तक पहुंचाने का जोरदार आह्वान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधीर तिवारी, जिला प्रचारक जे0 के0 शुक्ला, जिला प्रभारी धर्मेन्द्र त्रिवेदी, जिला संगठन मंत्री योगेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रवक्ता देवेश प्रताप सिंह, जिला आंदोलन प्रमुख अभिषेक त्रिवेदी, जिला कार्यक्रम प्रभारी दीपक तिवारी, जिला महासचिव शैलेंद्र श्रीवास्तव, जिला संरक्षक उमानाथ द्विवेदी व जिला सचिव शुभम त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह चौपाल सवर्ण समाज की अटूट एकजुटता का प्रतीक बनकर उभरी, जो अन्याय के खिलाफ संघर्ष की नई शुरुआत का संकेत दे रही है।

### अवैध अस्पताल में प्रसूता की मौत

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।** सकरन क्षेत्र के सांडा चौराहे पर संचालित एक अवैध निजी क्लिनिक में प्रसूता की सनसनीखेज मौत ने स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर चल रहे गोरखधंधे को उजागर कर दिया है। टेड़वाकला गांव निवासी इमरान ने अपनी पत्नी शहनूर को प्रसव पीड़ा के चलते देर रात तथाकथित 'आयुष्मान अस्पताल' में भर्ती कराया था। बताया गया कि बिना मानकों और वैध अनुमति के चल रहे इस क्लिनिक में मौजूद कथित चिकित्सक ने जल्दबाजी में ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद शहनूर को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। हालत बिगड़ने पर अस्पताल कर्मियों ने उसे आनन–फानन में लखनऊ रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सांडा चौकी पुलिस और सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा मौके पर पहुंचे। जांच में अस्पताल की गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण ऑपरेशन के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव माना जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग व पुलिस ने अस्पताल को सील कर दिया है। अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों के खिलाफ यह कार्रवाई कड़ी चेतावनी मानी जा रही है। आगे की कानूनी व विभागीय कार्रवाई जारी है।

### 29 को शाहगढ़ में लगेगा एक दिवसीय रोजगार मेला

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं श्री निषादराज अखण्डानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किटियावा शाहगढ़, के संयुक्त तत्वावधान में 29 दिसंबर को एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला पूर्वान्ह 10:30 बजे से महाविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 15 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से विभिन्न पदों पर चयन किया जाएगा। मेले में 12वीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुरूप संबंधित कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए कोई भी मार्ग व्यय देय नहीं होगा तथा यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन एवं महिलाओं व बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु सोमवार को विभिन्न थानों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को 1090–वीमेन पॉवर लाइन, 181–महिला हेल्प लाइन, 108–एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112–पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098–चाइल्ड लाइन, 102–स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। तथा थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा स्कूल कॉलेज के आसपास व स्कूल कॉलेज के रास्तों पर सक्रिय रहते हुए मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सतत निगरानी करते हुए संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

### पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**समृद्धि न्यूज, अमेठी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में सोमवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित

## दो दिन क्षेत्र में रहेंगे सांसद किशोरी लाल शर्मा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनता के बीच रहकर उनकी आवाज़ बनने वाले अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा का दो दिवसीय कार्यक्रम प्रस्तावित है 22 दिसम्बर सोमवार को सांसद जी देर शाम गौरीगंज कार्यालय पहुँचेंगे। 23 को सांसद जी प्रातः जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आमजन से सीधे संवाद करेंगे। इस दौरान वे क्षेत्रीय लोगों की समस्याएँ, सुझाव और अपेक्षाएँ आत्मीयता से सुनेंगे, इसके पश्चात वे क्षेत्र भ्रमण करते हुए विभिन्न गाँवों और कस्बों में लोगों से मुलाकात कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के साथ–साथ आम नागरिकों के सुख–दुःख में सहभागी बनेंगे। सांसद जी की पहचान एक ऐसे जनप्रतिनिधि के रूप में है,जो सत्ता के गलियारों से अधिक जनता के बीच रहना पसंद करते हैं। क्षेत्र भ्रमण के उपरांत वे रायबरेली स्थित सांसद निवास भूएमऊ पहुँचेंगे।

## समाजसेवी पत्रकार की बेटी के विवाह में राजनेताओं सहित कवि-साहित्यकार व पत्रकारों ने दी शुभकामनाएं

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार रत्नेश कुमार की सुपुत्री के वैवाहिक समारोह में प्रदेश के शिक्षा विभाग, समाज कल्याण एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों सहित समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों व कवि एवं साहित्यकारों, पत्रकारों ने पहुंचकर वर वधू को आशीर्वाद दिया।

गौरतलब है कि रत्नेश कुमार जनपद बाराबंकी में सामाज सेवा पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करते हुए अपना एक स्थान बनाया है, सामाजिक गतिविधियों के साथ ही साहित्यिक क्षेत्र में भी योगदान देते रहते हैं, इससे रत्नेश कुमार की हर क्षेत्र में अपनी पहचान रखते हैं। रत्नेश कुमार की ज्येष्ठ पुत्री पूनम रत्नाकर के पाणि ग्रहण संस्कार में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के प्रतिनिधि प्रदीप तिवारी, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व सांसद आनंद प्रकाश गौतम, हैदरगढ़





विधायक दिनेश रावत, नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, योजना आयोग भारत सरकार के पूर्व सचिव चंद्रपाल, संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा विवेक नौटियाल, समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक जे0 राम साहब, पूर्व अपर जिलाधिकारी तुलसीराम जी, पूर्व उप शिक्षा निदेशक वसुमती अग्निहोत्री, प्रदीप अग्निहोत्री,प्रसिद्ध नेत्र सर्जन भाजपा नेता डॉ0 विवेक वर्मा, डॉ विनय कुमार जैन, डॉ वीरेंद्र पटेल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय बाबू, डॉ आरएस स्वामी, साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुशील त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, सपा नेता वीरेंद्र प्रधान, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन धीरेंद्र वर्मा, रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, दैनिक समाचार पत्र अमर लेखनी के सम्पादक सरवर नईम, स्वतंत्र भारत के ब्यूरो चीफ सुरेश बहादुर सिंह कौशिक, जी न्यूज व अमृत विचार के ब्यूरो चीफ नितिन श्रीवास्तव, हिंदुस्तान के ब्यूरो चीफ मिथलेश दुबे, दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ आमिर अली, नवभारत टाइम्स के ब्यूरो चीफ चंद्रकांत मौर्य, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार सरफराज वारसी, सतीश कश्यप, फखरे आलम, दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार दुवेदी राजू भैया, विकास शुक्ला, हिंदुस्तान के अतुल वर्मा, मनोज सिंह, अजय वर्मा, सत्येंद्र यादव प्रेस क्लब रामसनेहीघाट के अध्यक्ष रामबाबू मिश्र, सचिव राकेश कुमार, अमर बहादुर सिंह, शिवशंकर तिवारी, रिशु गुप्ता, फतेहपुर के पत्रकार राजेश पाठक, हैदरगढ़ से पत्रकार ओपी मौर्य, माता पिता धाम के सेवादार पंकज मिश्रा सहित जिले के अधिकांश पत्रकार, अंतरराष्ट्रीय स्तर की अवधी साहित्य सृजन की पहचान रखने वाले अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष डॉ राम बहादुर मिश्रा, पर्यावरणविद डॉ अर्जुन पांडेय, ओज कवि रामकिशोर तिवारी किशोर जी, ओपी वर्मा ओम जी डॉ अम्बरीश अम्बर जी शिव कुमार व्यास, हास्य व्यंग के कवि अजय प्रधान, प्रदीप सारंग, अनिल कुमार श्रीवास्तव लल्लू जी, प्रदीप महाजन, कवियित्री लता श्रीवास्तव, किरण भारद्वाज, गीतकार साहब नारायण शर्मा, दीपक दिवाकर, सोहन आजाद, प्रदेश में सामाजसेवी दिनेश मिश्रा, दिनेश शर्मा, गुलजार बानो सहित तमाम सपा, बसपा जिलाध्यक्ष तुलसी प्रसाद,मंडल प्रभारी अजय गौतम, मोहित राजदान, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष शिवबरन सिंह, हरिनंदन सिंह गौतम सहित सभी राजनैतिक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता, समाजसेवी, साहित्यकारों पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। लगभग 4500 की संख्या में वैवाहिक समारोह में भाग लिया।

### श्रावस्ती के भन्ते ने कराया बौद्ध रीति से विवाह

पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश कुमार की बेटी का विवाह समारोह बडे धूमधाम से हुआ। बेटी का विवाह श्रावस्ती से पधारे बौद्ध मठ के भन्ते ने बौद्ध रीति–रिवाज से कराई।

## डीएम ने 141 दिव्यांग बच्चों को वितरित किये उपकरण

▸ एनटीपीसी के सहयोग से 150 कम्बल जनसामान्य को किया वितरित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

समग्र शिक्षा अभियान के समेकित शिक्षा के अन्तर्गत विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों (सीडब्ल्यूएसएन) हेतु बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एलिम्को कानपुर के सहयोग से ब्लॉक संसाधन केन्द्र ऊँचाहार में दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण समारोह (डिस्ट्रीब्यूशन कैंप) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में



बी0आर0सी0 ऊँचाहार में 141 दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण वितरित किये गये, जिसमें 11 व्हील चेयर छोटी, 13 व्हील चेयर बड़ी, 14 सी0पी0 चेयर, 35 टी0एल0एम0 किट, 04 ब्रेल किट, 07 सुगम्य केन, 07 बच्चों को टी0एल0एम0 किट, 05 टी0एल0एम0 किट प्राथमिक, 40 छोटी क्रंच एल्बो, 16 बड़ी क्रंच एल्बो, 02 क्रंच स्माल, 23 ट्राई साइकल, दाहिने हाथ 06 बड़ी, रोलेटर 10 बड़े और 06 छोटे, वाकर 01 फोल्डेबल, 36 कान की मशीन और 02 बैसाखी इत्यादि शामिल है।

समारोह में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करके सूची तैयार कराकर उपकरण का वितरण कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ने में सहायता प्रदान करना है।

## यूपी बोर्ड का केंद्र बनकर स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज लहरा रहा परचम

**चन्दापुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज घूराडीह अमावां क्षेत्र में शिक्षा के मामले में अग्रणी स्थान रखता है और इस विद्यालय के पढ़े हुए बच्चे आज देश की सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं तो वही विद्यालय भी लगातार क्षेत्र से होनहर बच्चों को निकाल कर आगे बढ़ा रहा है। इसी कड़ी को देखते हुए लगातार शासन द्वारा इस विद्यालय को यूपी बोर्ड के तहत परीक्षा केंद्र बनाया जाता है। विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि अबकी बार 2026 में विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जहां पर हाई स्कूल वह




इंटरमीडिएट में 650 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे यूपी बोर्ड की परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेगी 8:30 से 11:45 तक प्रथम पाली की परीक्षा होनी है तथा 2:00 बजे से 5:15 तक द्वितीय पाली की परीक्षा होनी है शासन की मंशा के अनुसार विद्यालय कार्य कर रहा है।

### पीसीयू ने की 5000 मीट्रिक टन के सापेक्ष 49 सौ कुंतल की खरीद

महराजगंज रायबरेली, पीसीयू द्वारा चन्दापुर साधन सहकारी समिति पर धान क्रय केंद्र बनाया गया है जहां किसान अपना धान विक्रय कर रहे हैं। केंद्र प्रभारी श्रीधर वाजपेई ने बताया कि हमारे यहां 5000 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया था जिसके सापेक्ष में 49 सौ कुंतल की खरीद की जा चुकी है किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है जो भी आता है उसके धान की ताल की जा रही है साथ ही अंगूठा भी लगवाया जा रहा है और पेमेंट भी उनके खातों में पहुंच रही है शासन की मंशा के अनुसार केंद्र को चलाया जा रहा है जो भी किसान को कोई समस्या अगर हो रही है तो केंद्र पर आकर संपर्क कर सकता है किसी भी किसान को धान बेचने में कोई परेशानी नहीं होने दी जा रही है इसके लिए सारे इंतजाम किए गए हैं।



### उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए क्षेत्र के किसान को राष्ट्रीय पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विकास क्षेत्र के ग्राम राजामऊ निवासी किसान सत्य प्रकाश मिश्रा को प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की दिल्ली में आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान एवं कृषि जागरण के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत श्री मिश्र को देशी बीजों के संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय कृषि विशेषज्ञों एवं अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों की उपस्थिति में कृषि जागरण एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा ने फार्मर ऑफ द ईयर के राष्ट्रीय अवार्ड से उन्हें सम्मानित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय लोगों के द्वारा उन्हें बधाई देने का ताता लगा हुआ है, लोग उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दे रहे हैं। विदित हो कि श्री मिश्रा कृषि विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों एवं पाठशालाओं का आयोजन करा कर क्षेत्र के कृषकों को उन्नति खेती एवं दलहनी फसलों की खेती कर अत्यधिक लाभ प्राप्त करने के विषय में भी निरंतर जागरुक करते हैं।

## कई महीनों से टूटी पुलिया दे रही दुर्घटना को दावत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र के अंतर्गत तिलेडा से असहन जाने वाले मार्ग पर जीगों गांव के पास विगत कई महीनो से एक टूटी पुलिया किसी बड़ी दुर्घटना को दावत देती हुई नजर आ रही है। उक्त घटनाक्रम में स्थानीय लोगों के द्वारा कई बार जिम्मेदारों को अवगत भी कराया गया, परंतु जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं।

स्थानीय लोगों की मानी जाए तो उनका कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो वाहनों का आवागमन होता है और हजारों की संख्या में राहगीर उक्त मार्ग से अपने गंतव्य की यात्रा भी करते हैं। यह पुलिया बीते कई महीनो से जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है, जिसमें हम लोगों के द्वारा ही झंडी लगाकर और अन्य संकेतों के माध्यम से राहगीरो को सचेत किया जा रहा है, ताकि वह दुर्घटना का शिकार न होने पाए। परंतु कभी-कभी रात के अंधेरे में कुछ राहगीरों के वाहन उक्त पुलिया के गड्ढे में जाकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं और यात्री चोटिल हो रहे हैं। उक्त संबंध में स्थानीय लोगों के द्वारा यह भी बताया गया कि उन्होंने इसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की, परंतु अधिकारियों ने उनकी शिकायत को अनसुना कर दिया और अभी तक उक्त जर्जर पुलिया का निर्माण नहीं हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि पूर्व विधायक रामलाल अकेला और नगर पंचायत बछरावां के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने मौके पर पहुंचकर उक्त जर्जर पुलिया की शिकायत एक सप्ताह पूर्व दूरभाष के



▸ जिम्मेदार बन रहे अनजान, पूर्व विधायक के फोन का भी अभी तक नहीं हुआ असर

माध्यम से जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की। परंतु अभी तक उनके भी फोन का असर देखने को नहीं मिला है, और एक सप्ताह से अधिक का समय भी बीत गया है। वहीं इस संबंध में जब लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह से उक्त संबंध में दूरभाष के माध्यम से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि यह काम इंडिकेशन विभाग का है। उनको पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया है और सूचना दिए हुए काफी समय भी बीत गया है।

जल्द ही उक्त समस्या का समाधान हो जाएगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि आखिरकार स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की इस गंभीर समस्या का समाधान कब तक होता हुआ नजर आएगा, या फिर पूर्व विधायक व स्थानीय लोगों के द्वारा इस समस्या पर की गई शिकायत को जिम्मेदार अधिकारी दरकिनार ही कर देंगे। यह एक गंभीर प्रश्न बना हुआ है?

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी पर कार्यशाला आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की की 100वीं जन्म जयंती के अवसर पर अटल बिहारी जन्म शताब्दी समारोह अभियान की कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित की गई कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे जबकि कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। अपने उद्बोधन में बोलते हुए जिला प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जहां भारत की धरोहर रहे हैं उनके विचारों पर चलकर आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार भारत को दुनिया का आइकॉन बनाने में सफल हो रही है दुनिया के टॉप लीडरों में सुमार रहे अटल जी अपने कार्यकर्ताओं के दिलों में बसा करते थे उनकी कार्यशैली और व्यवहार



सदैव मधुर रहा और इतने अधिक काम उन्होंने पार्टी व राष्ट्र को समर्पित होकर किए हैं कि यदि उसका बखान किया जाए तो कई दिन कम पड़ सकते हैं राष्ट्र प्रथम अटल जी का मूल मंत्र था और अटल जी राष्ट्रवादियों की भावनाओं का हमेशा ध्यान रखते थे वह राजनीति के अजातशत्रु थे। आज भारतीय जनता पार्टी उन्ही के बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र की सेवा कर भारत को परम वैभव दिलाने की ओर अग्रसर है अपने उद्बोधन में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई का नाम सुनते ही हमारे विचारों में राष्ट्र भावना की ऊर्जा उत्पन्न हो जाती है।। परमाणु पोखरण का परीक्षण हो या पाकिस्तान से युद्ध अटल जी ने डंके की चोट पर भारत माता के सम्मान को दुनिया के सामने रखा उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका से लेकर चीन तक सभी को भारत की गौरव गाथा का वास्तविकता तत्व समझाया। पार्टी उनके जन्म जयंती पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है जिसमें सर्वप्रथम 24 दिसंबर को दीपोत्सव कार्यक्रम किया जा रहा है 24 की संध्या को अटल जी की प्रतिमा व पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा दीपोत्सव किया जाएगा और इसी दिन महापुरुषों के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। जबकि 25 से 31 दिसंबर के बीच सभी विधानसभाओं में अटल स्मृति सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। जिसमें पार्टी के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक भाग लेंगे। कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारी को आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा विस्तार से समझाइए गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य/ पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी,प्रदेश परिषद के सदस्य वीरेंद्रपुरी , अभियान संयोजक सुधाकर शुक्ला, अजय विश्वकर्मा भंवर सिंह, सीमा जैन अनिल यादव, मनोज सिंह, दिनेश मिश्रा सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व अपेक्षितगण उपस्थित रहे।

## कंदुनी के विकास कार्यों में लगाया जा रहा है पीला ईंट

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जहां एक ओर शासन व प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध होने का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर विकास खंड के अधिकारियों और ग्राम प्रधानों की कथित मिलीभगत के चलते गांवों में मानकविहीन कार्य कराए जा रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कदूनी के शंकरपुर गांव में सामने आया है। यहां ग्राम प्रधान द्वारा खड़ंजा निर्माण में खुलेआम पीली ईंटों का उपयोग किया जा गया है।

इतना ही नहीं, नाली निर्माण में भी मानकों की अनदेखी करते हुए पीली ईंटों से कार्य कराया गया है। इस अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

इस संबंध मेंखंड विकासअधिकारी बिसवां से वार्ता किए जाने पर उन्होंने



बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व सैनिकों की मासिक बैठक संपन्न



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

पूर्व सैनिक कल्याण सेवा संस्थान अमेठी के उपाध्यक्ष कैप्टन प्रेम बहादुर सिंह के निज आवास ग्राम - पर्बतपुर सम्भई में जनपद के पूर्व सैनिक मिलन कार्यक्रम, उनके कल्याण हेतु तथा नवीन वर्ष के लिए पूर्व सैनिको, उनके परिवार जनों को संस्थान द्वारा हार्दिक शुभकामनायें और उनके कल्याण हेतु योजनाओ के बारे मे चिंतन एवं मासिक बैठक समारोह का आयोजन उक्त संस्थान के तत्वाधान मे किया गया। कार्यक्रम में शामिल मुख्यतः लैफ्टिनेंट बजरंगी प्रसाद मिश्र अध्यक्ष, कैप्टन प्रेम बहादुर सिंह उपाध्यक्ष, कैप्टन मुकीम, कैप्टन सी.पी. मिश्रा, कैप्टन के.एम. द्विवेदी, सुबेदार मेजर राम राज सिंह, कैप्टन अरविंद सिंह, राम सेतु पाण्डेय, चंद्रमा तिवारी, शोभनाथ तिवारी, विजय प्रताप सिंह, कप्तान सिंह, शिव मोहन, प्रेम कुमार मिश्रा, रविन्द्र शुक्ला, अवधेश नारायण सिंह आदि पूर्व सैनिक उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था ग्राम प्रधान बेबी सिंह द्वारा की गई।

### सूचना

मैंने विवाह के उपरान्त स्वेच्छा से अपना नाम साफिया से सौम्या रख लिया है। भविष्य में मुझे सौम्या के नाम से जाना व पहचाना जाए।
**साफिया उर्फ सौम्या पत्नी सौरभ निवासिनी- पटेलनगर कालोनी विशुनपुर, बछरावां, रायबरेली, उ.प्र.।**

युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

# 25 दिसम्बर से शुरू होगा उड़ान सशक्त नारी डिजिटल कौशल कार्यक्रम

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय स्तर पर युवतियों एवं महिलाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की जा रही है। इस पहल के अंतर्गत बीपीओ, ई-कॉमर्स टेली कॉलिंग, ग्राफिक एवं डिजाइनिंग जैसे कार्यों का प्रशिक्षण देकर युवतियों और महिलाओं को घर बैठे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना को 'उड़ान सशक्त डिजिटल कौशल कार्यक्रम' नाम दिया गया है, जिसकी शुरुआत 25 दिसंबर से की जाएगी।

कार्यक्रम के लिए एक थर्ड पार्टी सर्विस प्रोवाइडर कंपनी से करार किया गया है, जो युवतियों और महिलाओं को विशेष रूप से घर में तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों एवं कलाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपलोड, प्रचार और विपणन करने के लिए प्रशिक्षित करेगी। इससे महिलाओं की पारंपरिक कला को डिजिटल पहचान मिलेगी। इसी क्रम में बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में लाभार्थी युवतियों एवं महिलाओं के लिए साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क रहेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवतियों एवं महिलाओं को तकनीकी और डिजिटल रूप से सक्षम बनाकर उन्हें स्थायी आय का साधन उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें।

कार्यक्रम में भाग लेने वाली चयनित युवतियों एवं महिलाओं में अनीता, पूजा, रश्मि गुप्ता, नेहा वर्मा, काजल यादव, निशा, तान्या, शालू सिंह, प्रिया मिश्रा, रेखा पाल, मोनिका शुक्ला, सपना, करिश्मा, जोया, सविता कश्यप एवं नीतू शर्मा आदि शामिल रहीं।

# बुद्ध विहारों में स्थापित की जाएगी भगवान बुद्ध की मूर्तियां



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ऐसे तमाम बुद्ध विहार हैं जिनमें कहीं कहीं मूर्तियां नहीं है। वहां लोग कैलेंडर रखे हुए हैं। कहीं कहीं खंडित मूर्ति हैं उन बुद्ध विहारों में स्थापित करने के लिए मूर्तियां दान की गई है।

महाबोधि महाविहार बोधगया (बिहार) में अय्योजित 20वीं अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक चांटिंग में शामिल होने गए यूथ बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र बौद्ध को 50 मूर्ति एवं गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट बड़ेपुर छिबरामऊ के प्रबंधक/सचिव तीर्थराज बौद्ध को 10 मूर्ति दान में प्राप्त हुई हैं। भगवान बुद्ध की भूमि स्पर्श वाली 220 मूर्तियां बौद्ध उपासक जोएल शिफ्लीन अमेरिका व थाईलैंड आदि देशों के बौद्ध उपासको ने दान की थीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र बौद्ध के नेतृत्व में यूथ बुद्धिस्ट सोसाइटी के सेंटर जसराजपुर से 150 कार्यकर्ता बसों द्वारा बोधगया पहुंचे थे। बौद्ध अनुयायियों ने महाबोधि महाबिहार एवं कालचक्र मैदान में विभिन्न कार्यों में सहयोग किया।

इस दौरान सुनील कुमार बौद्ध, अभय कुमार, प्रेमपाल, डॉ मनोज कुमार, आशीष कुमार, गौतम, साहिल, अंशुल, राज, विवेक, रविंद्र कुमार, कमलेश कुमार, कमलबोधी, उदय, सुमित कुमार, विवेक शील, दीपेंद्र, दीपंकर व प्रिंस आदि कार्यकर्ता रहे।

## शिविर में 126 चालक, परिचालकों की जांची सेहत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देशानुसार बस डिपो कन्नौज परिसर में चालक, परिचालक एवं अन्य उपस्थित स्टाफ के लिए सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. के.पी. त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क एचआईवी, सिफिलिस, हेपेटाइटिस बी एवं सी, टीबी संक्रमण की जांच के साथ-साथ शुगर, ब्लड प्रेशर एवं नेत्र परीक्षण भी किया गया। शिविर के दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. महेंद्र भान सिंह, डॉ. इरशाद सहित अन्य मेडिकल ऑफिसर एवं स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में टी.आई. कार्यक्रम के स्टाफ एवं एचएलएफपीपीटी (HLFPPT) के स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा। शिविर में कुल 126 चालक, परिचालक एवं अन्य स्टाफ की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से कर्मचारियों को समय रहते बीमारियों की पहचान एवं उपचार की सुविधा मिलती है, जिससे वे स्वस्थ रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

# नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाना मेरा प्रमुख लक्ष्य : मनोज दुबे



▸ पालिकाध्यक्ष ने पौधारोपण करके मनाया जन्मदिन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने अपना 63वां जन्मदिन कान्हा गौशाला में पौधारोपण करके मनाया। पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना मेरा प्रमुख लक्ष्य है।

मनोज दुबे ने कहा दिलू नगला गांव के पास बन रही नगर पालिका की कान्हा गौशाला में आज आम, जामुन, पीपल, बरगद, बेल आदि फलदार और छाया वाले 101 पौधों का रोपण किया। मेरी योजना यहां पर अपने बाबा दादी के नाम से हरित वाटिका भी बनाने की है जिसका खर्च में स्वयं उठाऊंगा। यह कान्हा गौशाला सभी सुविधाओं से संपन्न इस तरह की बनाई जा रही है जैसी आसपास के कई जिलों में नहीं मिलेगी। मुझे बचपन से ही पेड़ पौधे अत्यंत प्रिय हैं। मैन बाजार में भी मुख्य मार्ग के दोनों तरफ पौधे लगवाए थे। निरंतर देखभाल के कारण वह बड़े होते जा रहे हैं।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, नरेश गुप्ता गोल्डी, अजयभान पिंटू गुप्ता सहित कई सभासदों एवं पालिका कर्मियों ने माल्यार्पण के साथ बुके भेंट करके मनोज दुबे को जन्मदिन की बधाई दी।

## मलंगा नाले में मिला तेरहवीं भंडारे खाने गये युवक का शव

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** थाना सिरसा कलार क्षेत्रांतर्गत वीर सिंह पुत्र भंवर सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम पीपरी अटगड़या अपनी मोटर साइकिल से हथना बुजुर्ग तेरहवीं का भण्डारा खाने गये थे तथा शाम तक घर वापस नहीं आने पर परिवारीजन द्वारा थाना सिरसा कलार पर गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। इसके बाद से ही युवक के मलंगा नाला में गिरने की सम्भावना होने के कारण एसडीआरएफ एवं गोताखोर द्वारा खोज करायी गयी थी जिसमें वीर सिंह की मोटर साइकिल बरामद हुयी थी। सोमवार को मलंगा नाला से वीर सिंह का शव मिला है। सिरसा कलार पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जें में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। फील्ड यूनिट टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 25 दिसंबर से शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

▸ डीएम ने सड़क सुरक्षा पर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश



**आवागमन बाधित करने वालों पर लगाएं जुर्माना**

जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देश दिए कि ई- रिक्शा संचालकों/ चालकों के साथ बैठक कर स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन के संबंध में दिशा- निर्देश दिए जाएं। वहीं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि नगरीय क्षेत्र में मकान बनवाते समेत सड़क पर गिट्टी, मौरम आदि डंप कर आवागमन बाधित करने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। तथा मानक के विपरीत बने स्पीड ब्रेकरों को चिन्हित कर उन्हें शीघ्र दुरुस्त कराया जाए।

डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सड़क सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने, बीते तीन माह में निलंबित व निरस्त ड्राइविंग लाइसेंसों का विवरण प्रस्तुत करने तथा स्कूली वाहनों व डबल डेकर बसों की नियमित फिटनेस जांच के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर से प्रातः 6 बजे से सायं 9 बजे तक कन्नौज नगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, जिन्हें बाईपास से संचालित किया जाएगा। कोहरे, ओवरस्पीडिंग, नशे व नींद में वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। एक्सप्रेस- वे व राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर संयुक्त निरीक्षण, स्पष्ट साइनेज व जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। एम्बुलेंसों की फिटनेस जांच व 10 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एसपी विनोद कुमार, सीडीओ रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह, एएसपी अजय कुमार, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण रहे।

# खेल को खेल की भावना से खेलें : राजेश सक्सेना

▸ सुभाष अकादमी में त्रिदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सुभाष अकादमी में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ त्रिदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए निदेशक राजेश सक्सेना ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलें। जीत-हार जीवन का हिस्सा है, लेकिन इससे जो अनुशासन, सहनशक्ति और टीम भावना मिलती है, वही आपको सफलता की सीढ़ी चढ़ने में सहायक बनेगी।

उन्होंने कहा खेल मैदान पर पसीना बहाएं, तो जीवन के हर संघर्ष में विजयी बनेंगे। याद रखें, खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य देता है, बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करता है। इसलिए प्रतिस्पर्धा में ईमानदारी रखें, साथियों का सम्मान करें और हर पल का आनंद लें। प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण में सीनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ में छात्रों में भाभा हाउस के अनमोल प्रथम, जेसी बोस हाउस के गौरव द्वितीय, छात्राओं में भाभा हाउस की खुशबू प्रथम, कलाम हाउस की मनीषा द्वितीय, कक्षा 6-8 की 100 मीटर दौड़ में कलाम हाउस के ऋषभ प्रथम, जेसी बोस हाउस के गौरव द्वितीय; छात्राओं में भाभा हाउस की वर्णिका प्रथम, सीवी रमन हाउस की जान्हवी द्वितीय, कक्षा 2-5 में कलाम हाउस के कृष्णा प्रथम, भाभा हाउस के अभय द्वितीय, छात्राओं में जेसी बोस हाउस की गुनगुन प्रथम, भाभा हाउस की अक्षिता द्वितीय, 50 मीटर दौड़ में कलाम हाउस के दिव्यम प्रथम, अर्जित द्वितीय, छात्राओं में साक्षी प्रथम, आकृति द्वितीय, पीजी से कक्षा 1 तक के यश (भाभा हाउस) प्रथम, शिवांश (सीवी रमन) द्वितीय रहे। लेमन-स्पून रेस में भाभा हाउस के अभय प्रथम, सीवी रमन के वैदिक द्वितीय; छात्राओं में जेसी बोस की साक्षी प्रथम, कलाम हाउस की आकृति द्वितीय रही।प्रतियोगिता के शेष दो दिन में अन्य खेलों का आयोजन होगा, जो छात्रों में उत्साह भर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ कार्तिकेय सक्सेना, प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, कोऑर्डिनेटर धीरज कुमार, उप प्रधानाचार्य दिनेश कमल, सपन पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, रश्मि पाण्डेय, रश्मि तिवारी, रामभक्त शर्मा, शोभित, दिलीप श्रीवास्तव, आयुष दुबे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबरें एक नजर में

### मृत गोवंशों का विधिविधान से किया अंतिम संस्कार



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडेय के पुत्र कृष्णा पांडेय ने अपनी गौरक्षक टीम के साथ मृत गोवंशों का विधिविधान से अंतिम संस्कार किया। कैरदा रोड पर एक मृत गौ वंश के अवशेष मिलने की सूचना कृष्णा पांडेय ने बीडीओं, डायल 112 से पुलिस व नगरपालिका के ईओ को दी। पालिका द्वारा एक्सकेवेटर मशीन को मौके पर भेजा गगय। तभी नगर पालिका का ट्रक दिखाई दिया। संदेह होने पर जिला संयोजक अंशू सक्सेना ने गौ रक्षकों की टीम व पुलिस प्रशासन के साथ उस ट्रक का पीछा किया जो एक कूड़े के ढेर के पास रुका। वहां पर एक्सकेवेटर से कूड़े के ढेर में गड्ढा करके पड़ी मृत गौ माता को दफनाने की प्रक्रिया चल रही थी। इसका गौरक्षक एवं मौके पर उपस्थित अन्य जनों ने विरोध किया। कृष्णा पांडेय ने टीम के साथ गौ माता के अवशेष को कैरदा रोड के किनारे एक खेत में तथा दूसरी गौ माता को सौरिख रोड स्थित ककराई तालाब में सनातनी रीति रिवाज के साथ भू समाधि दी। दफनाया गया। इस मौके पर गमा देवी मन्दिर के पुजारी बनारसी दास शास्त्री, नगर संयोजक शानु राठौर, नगर सह संयोजक जय पंडित व वासु सक्सेना, सचिन राजपूत, जॉनसन, नीलू, आशीष राठौर, आदि मौजूद रहे।

### निबंध प्रतियोगिता में हर्षित, अमित दीप व गरिमा अव्वल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष (25 दिसंबर 2024–25 दिसंबर 2025) के तहत जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य रीतू सिंह के निर्देशन में अटल जी एवं सुशासन का महत्व विषय पर भाषण, निबंध तथा अटल जी की रचनाओं पर एकल काव्य पाठ प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। निर्णायक मंडल ने निष्पक्ष मूल्यांकन किया। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय की नंदनी दुबे प्रथम, स्मृति दुबे द्वितीय एवं चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय की काजल सिंह तृतीय रहीं। एकल काव्य पाठ में प्रतिज्ञा प्रथम, अली हसन द्वितीय व वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता में हर्षित दुबे प्रथम, अमित दीप कौर द्वितीय व गरिमा पटेल तृतीय स्थान पर रहीं। छात्राओं ने अटल जी के व्यक्तित्व– कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी कविताओं का सजीव पाठ किया। प्राचार्य ने अटल के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा मिश्रा ने अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### गेहूं के भरपूर उत्पादन के लिए उचित देखभाल जरूरी : डॉ. कनौजिया

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी के कनौजिया तथा मृदा वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि जिन किसानों ने गेहूं की बुवाई नवंबर में कर दी है और 21 से 25 दिन हो गए हैं, तो पहली सिंचाई कर देना चाहिए तथा खेत में चलने की स्थिति हो गई हो तो ओस सूखने तथा तेज धूप के के बाद 33 किलोग्राम यूरिया प्रति एकड़ परंतु यदि बुवाई के समय यूरिया का प्रयोग न किया गया हो तो 50 से 55 किग्रा यूरिया प्रति एकड़ का छिड़काव किया जाना चाहिए। दूसरी सिंचाई के बाद 40 से 45 दोनों पर सिंचाई के उपरांत यूरिया की इतनी ही मात्रा का इसी प्रकार छिड़काव दोहराना चाहिए। जिंक की कमी होने पर 5 किलोग्राम जिंक सल्फेट को 16 किलोग्राम यूरिया के साथ मिलाकर प्रयोग करना चाहिए। यूरिया की इस मात्रा को सिंचाई के बाद प्रयोग की जाने वाली यूरिया की मात्रा से कम करना चाहिए अथवा यूरिया के स्थान पर 2.5 किग्रा बुझा चुना के पानी में मिलकर छिड़काव करना चाहिए। गेहूं की फसल में खरपतवार बहुत नुकसान पहुंचाते हैं। सकरी पत्ती वाले गेहूं का मामा व जंगली है के नियंत्रण हेतु सल्फोसल्फ्यूरान 75 प्रतिशत डबलू पी 1.25 ली./हे. अथवा क्लोडिनोफोप प्रोपैरजिल 15 प्रतिशत डबलू पी 400 ग्राम/है. की मात्रा को 500 से 600 ली. पानी में मिलकर बुवाई से 20 से 25 पर छिड़काव करना चाहिए। चौड़ी पत्ती वाले बथुआ, हिरनखुरी, कृष्णनील, आदि के नियंत्रण हेतु मेट सल्फ्यूरान इथाईल 20 प्रतिशत डबलू पी 20 ग्राम/है. अथवा 2–4 डी. सोडियम सॉल्ट 80 ब्र की 625 ग्राम/हे. मात्रा को 500 से 600 ली. पानी में मिलकर बुवाई से 25 से 30 दिन पर छिड़काव करना चाहिए। जिस खेत में दोनों प्रकार के खरपतवार हों वहां मैट्रीव्यूजिन 70% डबलू पी 250 ग्राम/हे. अथवा सेल्फोसल्फ्यूरान 75ब्र+मेट सल्फ्यूरान मिथाईल 5ब्र डब्लू पी 40 ग्राम/है. 20 से 25 दिन पर छिड़काव किया जाना चाहिए। गेहूं की फसल में आवश्यकता अनुसार सिंचाई करना चाहिए।

# रामानुजन जयंती पर गणित दिवस का आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



श्रीमती गंगादेवी चतुर्वेदी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को गणित दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं में गणित के प्रति रुचि जगाने का सशक्त माध्यम साबित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं श्रीनिवास रामानुजन के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुआ। प्रमुख संयोजक आचार्य संजय सिंह ने रामानुजन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा श्रीनिवास रामानुजन एक स्वर्णिम उदाहरण हैं, जिन्होंने बिना औपचारिक शिक्षा के गणित की दुनिया में क्रांति ला दी। उनका जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु में हुआ था। गरीबी और संसाधनों की कमी के बावजूद उन्होंने अनगिनत सूत्र खोजे, जो आज भी वैज्ञानिक अनुसंधान का आधार हैं। रामानुजन ने साबित किया कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। आचार्य ने भैया बहनों को प्रेरित किया कि वे रामानुजन की तरह कठिनाइयों से न घबराएं और गणित को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें गणितीय पहेलियां, क्विज प्रतियोगिता एवं रामानुजन के सूत्रों पर आधारित व्याख्यान शामिल थे।

इस अवसर पर अनुराग, अरुण प्रकाश चतुर्वेदी, हरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, अरुण त्रिपाठी, सपना, सौम्या, संजीव, आलोक, प्रियांशी, विपिन सहित सभी आचार्य उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने देर रात कान्हा गौशाला व अलाव की परखी हकीकत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बीती देर रात्रि रामपुरा खण्ड विकास क्षेत्र का भ्रमण कर शीतलहर के दृष्टिगत की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कान्हा गौशाला पहुंचकर वहां गौवंशों के लिए उपलब्ध भूसा, चौकर एवं अलाव की व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर लगाए गए अलावों की व्यवस्था को भी देखा और ठंड से बचाव हेतु अलाव निरंतर जलाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में पशुओं के संरक्षण एवं आमजन को शीतलहर से राहत पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, तहसीलदार गौरव कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अभियान में शत प्रतिशत बच्चों को पिलाई गयी पोलियो दवा : डॉ. दिनेश



**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता के नेतृत्व में कालपी में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया गया। सप्ताह भर के दौरान 9688 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर जागरूक किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि 0 से 5 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का अभियान 14 दिसम्बर से शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि पहले दिन रविवार को कालपी नगर के अलग–अलग विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों में 33 जगह पर पोलियो बूथ स्थापित करके 9688 बच्चों को दवा पिलाई गई। जबकि स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीमों के द्वारा घर–घर में पोलियो की दवा पिलाने के लिए 5 दिनों तक अभियान चलाया गया। घर के अभियान में 18 टीमें तथा 5 ट्रांजिट बूथ में पोलियो की दवा पिलाई गई। अभियान में आशा बहू, एएनएम एवं स्वास्थ्य कार्यकत्री शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि 0 से 5 वर्ष की आयु के शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाई गई। उप जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के मुताबिक जीरो से 5 वर्ष की आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए पुख्ता इंतजाम किया गये है। चिकित्सा अधिकारियों डॉक्टर विशाल सचान, डॉक्टर शेख शहरयार, डॉक्टर अशोक कुमार चक ने घूम घूम कर पोलियो बूथों का निरीक्षण किया।

# शिशु डिलीवरी भुगतान के नाम पर युवक से ऑनलाइन ठगी




▸ पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी का पैसा तीन घंटे में वापस
▸ ठगी के शिकार पीड़ित के चेहरे पर आई मुस्कान

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को रामपुरा थाना में साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित का पूरा पैसा वापस दिलाया गया, जिससे क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली की सराहना हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर 2025 को ईशेन्द्र सिंह पुत्र रामनारायण निवासी निनावली जागीर के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को शिशु डिलीवरी से संबंधित बताते हुए बैंक खाते से जुड़ी जानकारी लेने का प्रयास किया। बातचीत के दौरान प्रार्थी के खाते से 9,835 रुपये कट गए। ठगी का एहसास होते ही प्रार्थी ने तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई और थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत ही एक टीम तैयार कर बिना देरी किए मामले की जांच शुरू की। जांच टीम में उप निरीक्षक कस्बा रामपुरा इंचार्ज जगदीश कुमार दुबे, कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल रजनीश कुमार, कांस्टेबल मिथलेश कुमार ने संबंधित बैंक व साइबर सेल से समन्वय स्थापित किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह तथा जांच टीम की सक्रियता का परिणाम यह रहा कि कुछ ही समय में ठगी की गई पूरी राशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस आ गई। पैसा वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार जताते हुए अपनी शिकायत बंद करने का अनुरोध किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने भी लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करें और साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# दिव्यांग बच्चों को शासन की योजनाओं का दिलायें लाभ

▸ पांच दिवसीय दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण का हुआ समापन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी बिरजू भारती के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शिवदीन चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक नदीगांव में पांच दिवसीय दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा हेतु सहायक अध्यापकों के प्रशिक्षण का समापन हुआ।

समापन में खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र उत्तम के द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण के समापन दिवस पर कहा कि कोई भी दिव्यांग बच्चा स्क्रीनिंग में छूट न पाए, स्क्रीनिंग करने के बाद उनका नामांकन एवं शासन की समस्त योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिल सके, प्रशिक्षण में दृष्टि बाधित बच्चों के लिए विशेष शिक्षक नीरज पांचाल द्वारा दृष्टि बाधित बच्चों को विद्यालय का वातावरण एवं शिक्षण को गतिविधि के माध्यम से बताया एवं विभाग की समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी, श्रवण बाधित में विशेष शिक्षक ईश्वर चंद्र पाल ने श्रवण बाधित बच्चों के लिए साइन लेंग्वेज एवं विद्यालय के वातावरण के बारे में बताया कि मानसिक मंदित के लिए विशेष शिक्षक ब्रह्मानंद राजपूत ने मानसिक बच्चों के उपयोगार्थ समस्त योजनाओं के बारे में बताया एवं शिक्षकों द्वारा फीडबैक के द्वारा समस्त जानकारी ली गई। विशेष सहयोग में पूर्व एआरपी प्रमोद कुमार गुप्त, राजकुमार एवं अभिषेक गोस्वामी द्वारा रहा।

# कराटे प्रतियोगिता में पांच छात्रों ने जीते स्पर्ण, रजत व कास्य पदक

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



करांटे संघ के तत्वावधान में जनपद मुख्यालय में आयोजित जिला कराटे प्रतियोगिता में डीडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल के पांच छात्रों स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले बच्चों को स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया।

डी डी मैमोरियल पब्लिक स्कूल के 5 बच्चों ने इन्दिरा स्टेडियम उरई में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता अपना हुनर दिखाते पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में भाग लेकर पदक जीत कर आये बच्चों को स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में बोलते हुए निदेशक सेवानिवृत्त सी एम ओ डां एम पी सिंह ने कहा कि कराटे प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चे शारीरिक और मानसिक विकास होता है इससे अनुशासन, आत्मविश्वास, एकाग्रता सीखते हैं और शारीरिक फिटनेस, संतुलन व लचीलेपन में सुधार आता हैं, जिससे उन्हें स्कूल और जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी मदद मिलती है, जैसा कि राष्ट्रीय स्कूल गेम्स और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इन बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से पता चलता है।

स्कूल प्रबंधन ने पदक विजेता यशराज साहू, अमोल गोतम, संस्कार, मयंक, यश साहू को माला पहनाकर कर स्वागत किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए यशराज साहू व अमोल गौतम ने स्वर्ण, संस्कार व मयंक ने रजत व यश साहू ने कांस्य पदक जीता है।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़

# रोडवेज बस की चपेट में आकर छात्र गंभीर, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रोडवेज बस की चपेट में आकर छात्र घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना से गुस्सायें ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। पुलिस ने पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर बमुश्किल जाम खुलवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव शिवरई बरियार निवासी कार्तिक उम्र 8 वर्षीय पुत्र स्व0 शिवम शाक्य जो की एसवी आदर्श पब्लिक स्कूल दत्तू नगला में कक्षा 1 का छात्र है। उसकी बड़ी बहन छाया उसी विद्यालय में कक्षा 5 की छात्रा है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे दोनों अपने बाबा सुरेशचन्द्र के साथ साइकिल पर बैठकर स्कूल पढ़ने आ रहे थे। घना कोहरा होने के कारण सुरेशचंद्र साइकिल को धीमी गति से चला रहे थे। जैसे ही वह कायमगंज-अलीगंज मार्ग पर कैसर खॉं के अडडे के पास पहुँचे, तभी फर्रुखाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार कौशाम्बी डिपो की बस संख्या-यू.पी.एल.एन.2061 ने सामने से उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे सुरेशचंद्र व दोनों बच्चे सड़क पर गिर गये। रोडवेज का पहिया कार्तिक की कनपटी को रगड़ता हुआ निकल गया। जिससे उसका चेहरा बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। घटना के बाद रोडवेज चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, अपराध निरीक्षक कामिल खाँ, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, मण्डी चौकी इन्चार्ज बलवीर सिंह, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, कांस्टेबिल सचिन, कांस्टेबिल पुष्पेन्द्र ने पहुँचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर गम्भीर रुप से घायल छात्र को सीएचसी में भर्ती कराया। छात्र की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सक डॉ0 विपिन कुमार व डा0 अमरेश कुमार ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। जाम के कारण घंटों यातायात बाधित रहा।


मौके पर जाम लगाये ग्रामीण


सीएचसी में भर्ती घायल बालक

## क्या बोले स्कूल संचालक

आर.बी. एकेडमी के प्रबंधक प्रबंधक विदित शाक्य ने बताया कि आदेश की देरी से जानकारी मिलने के कारण स्कूल खुल गया था, लेकिन बाद में बंदकर दिया गया। वहीं टी.आर.पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजकुमार ने बताया कि विद्यालय में परीक्षायें चल रही हैं। अवकाश की सूचना देर से मिली। उसके बाद विद्यालय बंद कर दिया गया।

## डीएम के आदेश की प्राइवेट स्कूल संचालक उड़ा रहे धज्जियां

जिलाधिकारी के आदेश की धज्जियां प्राइवेट स्कूल संचालक कैसे उड़ा रहे हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जिलाधिकारी द्वारा 22 व 23 दिसंबर को कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के स्कूलों की छुट्टी करने के बाद भी प्राइवेट स्कूल संचालक स्कूल खोलकर जिलाधिकारी के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। जिससे लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि ऐसे स्कूल संचालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।


डीएम के आदेश की अनदेखी कर खुले प्राइवेट स्कूल

## बोले जिम्मेदार...

इस संबंध में उप जिलाधिकारी कायमगंज अतुल कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि अवकाश की सूचना पहले ही जारी की जा चुकी थी। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में आदेश के बावजूद शिक्षण कार्य कराया गया है उनकी जांच कराई जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आदेश का पालन न करने वाले विद्यालय के प्रबंधकों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# रैन बसेरा में ताला, ठिठुर कर रातें काट रहे तीमारदार

- अलाव भी नहीं जले, शासन का आदेश हवा हवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीषण सर्दी के चलते शासन के सख्त आदेश हैं कि जनपद के सभी रैन बसेरों को विधिवत खोलकर उसमें पुख्ता इंतजाम कर यात्रियों, बेसहारा लोगों व तीमारदारों को ठहराया जाये, लेकिन शासन के आदेशों की धज्जियां उनके ही कर्मचारी उड़ा रहे हैं। जनपद के सभी सीएचसी में संचालित रैन बसेरों में ताला लटका रहता है और तीमारदार भीषण सर्दी में इधर उधर भटककर व ठिठुर कर रातें काटने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र में सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार के निर्देश पर रैन बसेरा बनाया गया था। जिससे मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को भीषण सर्दी में कोई परेशानी न हो, लेकिन इसके बावजूद रैन बसेरों में ताला लगा हुआ है और तीमारदार खुले में रात गुजारने को मजबूर हैं। लगातार पड़ रही ठंड के बावजूद तीमारदारों को रैन बसेरा की सुविधा नहीं मिल पा रही है। तीमारदारों ने यह भी बताया कि अस्पताल परिसर में ठंड से बचाव के लिए अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। अलाव न जलने से मरीजों और उनके साथ आए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर प्रमित राजपूत ने कहा कि उन्हें रैन बसेरा में ताला लगने की जानकारी नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अलाव की व्यवस्था जल्द ही की जा रही है।


सीएचसी राजेपुर के रैन बसेरा में जड़ा ताला

## खबरें एक नजर में

### चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार नसीमा बेगम पत्नी सगीर खाँ ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह ग्राम बबना थाना नवाबगंज की रहने वाली है। दिनांक 23.08.2025 को सुबह 10 बजे पीड़िता अपने घर पर कार्य कर रही थी, तभी पड़ोस के मोमीन पुत्र हमीद खाँ, जाविर पुत्र हमीद खाँ, फिरोज पुत्र हमीद खाँ, जाकिर पुत्र हमीद खाँ आदि लोग आये और गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो उपरोक्त लोगों ने लात-घूसों से मारपीटा। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### खाद लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, तीन घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के चौराहा पर फतेहगढ़ से गुरसहायगंज जा रहे खाद लदे ट्रैक्टर द्वारा महिला को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दूसरी साइड से आ रहे ई-रिक्शा से टकरा गया। जिससे ई-रिक्शा पलट गया एवं ई-रिक्शा में बैठे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें तारा पत्नी रामनिवास ग्राम नितपुरा थाना कमालगंज एवं रविंद्र पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम भटपुरा गंभीर रूप से घायल हो गए। इन सभी का प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर एवं चालक को हिरासत में ले लिया है।

### शराब के लिए रुपए न देने पर लाठी-डंडों से पीटा

- घटना के 12 दिन बाद तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव गुठिना निवासी शिवकुमार पुत्र बृजनंदन ने गांव के ही सच्चिदानंद पुत्र राम भरोसे, राजपाल उर्फ राजू, अच्छे लाल पुत्रगण सिपाही लाल के विरुद्ध गाली-गलौज व मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 10 दिसंबर समय लगभग रात 8:00 बजे गांव के मंदिर पर कुछ व्यक्ति बैठे थे। वहां हमारे चाचा कन्हैयालाल भी बैठे थे। इस समय उपरोक्त आरोपित राजपाल उर्फ राजू हमारे चाचा से शराब के लिए रुपए मांगने लगा। उन्होंने रुपए देने से मना कर दिया, तो उक्त आरोपित ने चाचा के साथ मारपीट कर दी। जब उसके घर पर शिकायत करने गए, तो वहां पर मौजूद उपरोक्त सभी आरोपितों ने मेरे चाचा के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे उनके शरीर पर काफी चोटें आ गईं और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# डीएम के आदेश पर नो हेल्मेट, नो फ्यूल अभियान लागू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवं हेल्मेट न पहनने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नो हेल्मेट, नो फ्यूल रणनीति लागू की गई है। यह अभियान 19 दिसम्बर 2025 से 17 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। अभियान के तहत जनपद के किसी भी पेट्रोल पम्प पर बिना हेल्मेट पहने दोपहिया वाहन चालक एवं सहयात्री को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह पहल केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 129 (हेल्मेट अनिवार्यता) एवं धारा 194डी (उल्लंघन पर दण्ड) के अनुरूप है तथा सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति की भावना के अनुसार जनहित में उठाया गया कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली-1998 के नियम-201 के तहत सभी मोटरसाइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए बीआईएस मानक वाला हेल्मेट पहनना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने पर धारा 177 के अंतर्गत जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद में स्थित सभी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों एवं पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे आगामी 03 दिवसों के भीतर अपने पेट्रोल पम्प पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की फोटो युक्त-नो हेल्मेटए नो फ्यूल आपका जीवन है अनमोल-शीर्षक वाले दो होर्डिंग्स अनिवार्य रूप से लगाएं। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि सभी पेट्रोल पम्पों पर सीसीटीवी कैमरे सदैव सक्रिय रखें जाएं, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में फुटेज के आधार पर आवश्यक निर्णय लिया जा सके। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए हेल्मेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाएं और अभियान को सफल बनाएं।


फतेहगढ़ स्थित पेट्रोल पम्प

### मारपीट व धमकाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया एवं जान से मारने की दी धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित मुशीद पुत्र अतीक हुसैन निवासी ग्राम गौसपुर थाना कमालगंज का रहने वाला हूँ। दिनांक 21.12.2025 को समय दोपहर 3 बजे मैं कमालगंज गुलखरी रोड से बाइक सही कराकर अपने घर वापस जा रहा था, तभी गौसपुर दरियावगंज रोड पर चांद खां के ट्यूबवेल के निकट सलमान, जीशान पुत्रगण अनीस, मुस्तफा पुत्र अय्याज निवासी ग्राम नगला दाऊद सरैया थाना कमालगंज व 1 अज्ञात व्यक्ति ने पुराने विवाद की रंजिश में मेरे साथ गाली-गलौज व लाठी-डण्डों से मारपीट की। मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर उक्त लोग भाग गये। मारपीट में मेरे शरीर में चोटें आई। है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी


चोरी गये सामान को दिखातीं इंचार्ज प्रधानाध्यापक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने बीती रात विद्यालय का ताला तोड़कर मिड-डे-मील का सामान चोरी कर लिया। घटना के संबंध में इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र के प्रा0वि0 हुसैनपुर बांगर की इंचार्ज प्रधानाध्यापक रश्मि में थाने में दी गयी तहरीर में कहा है कि सोमवार सुबह वह विद्यालय पहुंचीं, तो देखा कि कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा मिड-डे-मील का सामान चोरी कर लिया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बताया कि चोर विद्यालय से एक म्यूजिक सिस्टम, हारमोनियम, बच्चों की 20 थालियां, 20 कटोरी, 20 गिलास, सूक्ष्मदर्शी, चटाइयां 10, अग्निशमन यंत्र 02, गणित किट, विज्ञान किट, एक लोहे का तसला बड़ा, खेल का सामान, रसोई के बर्तन, भट्टी, गैस सिलेंडर आदि सामान चोर चोरी कर ले गये। पुलिस ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक की टक्कर से घायल हुए युवक के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाचं पड़ताल शुरु कर दी है।

पीड़ित तहसीन पुत्र दफेदार गांव निनौरा श्रंखलापुर थाना कमालगंज जिला फर्रुखाबाद का निवासी हूँ। दिनांक 03.12.2025 को समय करीब शाम 4 बजे मेरे पिता दफेदार उम्र 55 वर्ष पुत्र नूर मोहम्मद रजीपुर रेलवे क्रासिंग की तरफखड़े थे, तभी गुरसहायगंज की तरफसे एक मोटर साइकिल चालक नाम, पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से मोटर साइकिल चलाते हुए दफेदार के टक्कर मार दी। जिसमे उनके एक हाथ, पैर में गम्भीर चोटें आयीं। घायल को पीड़ित ने फतेहगढ़ स्थित एक हड्डी रोग अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान एक हाथ व पैर में दो जगह फ्रैक्चर पाया गया। वहीं पर युवक का इलाज जारी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## योगीराज में उर्वरक के लिए मारामारी

# इफको केंद्रों पर प्रसाद की तरह बांटी जा रही उर्वरक

- चौका चूल्हा छोड़ सुबह से ही लाइन में लग रहीं महिलाएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकार के सख्त आदेश के बाद भी खाद के लिए मारामारी कम होने का नाम नहीं ले रही है। खाद के लिए ग्रामीणों की बात छोड़ो, महिलायें भी लाइन में लग रही हैं। इसका जीता जागता उदाहरण इफको केंद्रों पर देखने को मिल जायेगा, जहां भीषण सर्दी में सुबह से ही अन्नदाता पहुंचकर लाइन में लग जाते हैं।

कायमगंज के इफको बाजार लिमिटेड केंद्र पर सोमवार सुबह से ही खाद खरीदने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घने कोहरे के बावजूद बड़ी संख्या में किसान, जिनमें महिलाएं भी शामिल रहीं, अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। किसानों का आरोप है कि केंद्र पर खाद उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। लाइन में लगी परिउली गांव की सीता, नन्हीं देवी, रानीपुर गौर की सोमश्री, ओझन नगला की प्रेमवती और रामसखी, चौखड़िया की मुन्नी देवी तथा अहमदगंज की मिथलेश ने बताया कि वे सुबह करीब 8 बजे से लाइन में खड़ी हैं, लेकिन दोपहर 3 बजे तक भी उनका नंबर नहीं आ सका। महिलाओं ने बताया कि वे पिछले तीन दिनों से खाद के लिए चक्कर काट रही हैं।

शनिवार को मशीन खराब होने के कारण उन्हें बिना खाद के वापस लौटना पड़ा था। किसानों का कहना है कि निजी दुकानों पर यूरिया के दाम काफी अधिक हैं। जिससे वे उसे खरीदने में असमर्थ हैं। साथ ही दुकानदार मनमाने दाम वसूलने के अलावा यूरिया के साथ अन्य सामान खरीदने के लिए भी मजबूर करते हैं। इसी कारण किसान सरकारी केंद्र से खाद लेने को मजबूर हैं। इस संबंध में इफको बाजार केंद्र के संचालक सुधीर राजपूत ने बताया कि केंद्र पर खाद की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में 948 बोरी यूरिया, डीएपी और एनपीके उपलब्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को यूरिया के साथ कोई अन्य वस्तु जबरन नहीं दी जा रही है। जो किसान मांगते हैंए उन्हें वही सामग्री दी जाती है। उन्होंने बताया कि केंद्र पर खाद की आपूर्ति प्रतिदिन हो रही है, लेकिन वितरण क्षमता सीमित होने के कारण सुबह 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक प्रतिदिन लगभग 65 किसानों को ही खाद उपलब्ध कराई जा पा रही है।


उर्वरक के लिए लाइन में लगीं महिलायें व किसान

### सरकारी भूमि पर किये जा रहे निर्माण कार्य को रोकने के निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बरतल में सरकारी जमीन पर किये गये अवैध निर्माण को लेकर राजस्व टीम ने पहुंचकर नापजोख की। इस दौरान टीम ने एक ग्रामीण द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोकने के निर्देश दिए। लेखपाल सौरभ यादव ने बताया कि गाटा संख्या 889 पर कुछ मकान बने हुए हैं। जिन पर धारा 64 के तहत कार्रवाई की जाएगी। नापजोख के दौरान मौके पर 2 से 3 मकानों का कब्जा मिला। राजस्व टीम में लेखपाल सौरभ यादव, तरुण दीक्षित और कानूनगो शिव नारायण तिवारी शामिल थे। टीम ने गांव बरतल में एक ग्रामीण द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य की भी जांच की और उसे रोकने का आदेश दिया। नापजोख में 4 मीटर का चकरोड भी निकला है। कस्बा प्रभारी गीतम सिंह ने जानकारी दी कि नापजोख के बाद निर्माण कार्य को रोकने के लिए कहा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं आ जाता, तब तक निर्माण कार्य नहीं होगा।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रैक्टर का पिछला पहिया चढ़ने से युवक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटनाके बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के गाँव कटिया निवासी शैजान उम्र 18 वर्षीय पुत्र शाह आलम जो की एमएसएनआई इन्टर कालेज में हाईस्कूल का छात्र था। उसके मकान के निर्माण को लेकर खुदी निहास को राजमिस्त्री इसरार के साथ भरवा रहा था। उसी दौरान जौरा से ट्रैक्टर चालक ट्राली में ईंट भरकर लाया।

जैसे ही ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को बैक किया, वैसे ही पीछे खड़े शैजान के ऊपर से ट्रैक्टर का पिछला पहिया चढ़ गया। वहाँ पर मौजूद शहवाज, इसरार उसे ट्रैक्टर के पीछे के हिस्से से बाहर निकालकर प्राइवेट चार पहिया वाहन द्वारा लहूलुहान अवस्था में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर चालक शैजान के घर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया।

मौत की सूचना पाते ही मृतक की माँ गुड्डी देवी, भाई शहवाजों, सैफ, अरजान, असद, बहन सना, सबा, अरीवा, अलीसा, अल्का सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने जॉच पड़ताल कर मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


मृतक का फाइल फोटो

# नगर में धूमधाम से निकाली गयी क्रिसमस उत्सव झांकी

- पादरी मनोज कुमार, पादरी स्टीफन मसीह ने दिया एकता का पैगाम
- समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग, गाये यीशु मसीह के शान में गीत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्रिसमस के उपलक्ष्य में मसीह समाज के द्वारा क्रिसमस झांकी का आयोजन किया गया। नगर में धूमधाम से झांकी निकालकर क्रिसमस का उत्सव मनाया। पादरी मनोज कुमार, पादरी स्टीफन मसीह ने फतेहगढ़ चौराहा से झांकी को झंडी दिखाकर रवाना किया। चारों चर्चों की कलेसिया के लोगों ने रैली में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सीएनआई चर्च बढ़पुर, सीएनआई चर्च सिटी, सीएनआई चर्च रखा, आल सोल्स फतेहगढ़ ने प्रतिभाग किया। प्रभु यीशु मसीह की शान में गीत गाते हुए फतेहगढ़ चौराहा से मसीह समाज के लोग भोलेपुर, नेकपुर, बढ़पुर, लालगेट, घुमना, चौक आदि मार्गों से गुजरी। क्रिसमस झांकी में प्रभु यीशु मसीह, मरियम, परी, मनूशी आदि स्वरुप रथों पर सवार होकर चल रहे थे। बड़ी संख्या में समाज के लोग नाचते गाते हुए डीजे की धुन पर चल रहे थे। सेंटा क्लाज ने लोगों को टॉफी बांटीं। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मौजूद रही। पादरी मनोज कुमार ने यह कि बड़े उत्सव का दिन है कि परमेश्वर ने अपने इकलौते पुत्र प्रभु यीशु मसीह को हमारे उद्धार के लिए भेजा और उन्होंने चरनी में जन्म लेकर हम सबका उद्धार किया। उन्होंने संदेश दिया कि जो मनुष्य धरती पर आया है उसके पापों का नाश होगा। लोग ईमानदारी से सभी कार्य करें और समय निकालकर प्रभु की आराधना करें। पादरी स्टीफन मसीह ने संबोधित करते हुए संदेश दिया क्रिसमस उत्सव का पर्व है। इसका आनन्द सब लोग मिल जुलकर लें और गरीबों की मदद करें। यही प्रभु यीशु मसीह ने हमें संदेश दिया है।

क्रिसमस झांकी के दौरान सचिव अमन मनीला मैसी, कोषाध्यक्ष भावना लाल, विनीता सिंह, प्रियंका मैसी, जोर्डन राज, विजय दयाल, राजीव के.लाल, डायमंड इंद्रियाज, रितेव ओलिव सिंह, सुषमा लाल, सुजीत सहाय, ऐस्टर रोज दयाल, अमर साइमन, रवींद्रजी लाल, सोलोमन दयाल, सुनील विक्टर, आदित्य रोहित सहाय ने भाग लिया। वहीं रखा चर्च से राजेश मसीह, डॉ0 नीतू मसीह, जयवंत सनी, आर.प्लोमर, सुरेंद्र पाल सिंह, स्टेनिली हिल्स, किशनपाल सिंह, मेरिस पीटर, अनीता पीटकर, फराह, सविता आइजक, सुनीता हिल्स, कामिनी सिंह, चैरी मैसी, सोनिया लाल ने भाग लिया। वहीं सिटी चर्च, रंजीत मैसी, सुरेन्द्र सिंह, अभिषेक, मनीषा, सुमेल मसीह, अंकिता मसीह, रंजीता लाल मौजूद रहीं। आल सोल्स चर्च फतेहगढ़ से आर.के. सिंह, विशाल धनी, अमित कुमार, रोजीशन विश्वासी, रोहितानी विश्वासी, सुनील मसीह, अभिषेक मसीह, एकता मसीह, राहुल अबरार, डोरकस अबरार, अनुराग मल्ल, अंजू मल्ल, अवधेश प्रभु खोजी, गौरव एविल, मोरिना एविल, अनुपम मसीह, नेहा मसीह, अनिल सिंह, अमर साइमन, माया मसीह, सुमन, सचिन मसीह आदि लोग मौजूद रहे। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया।


झांकी में मौजूद परी की वेषभूषा में बच्चे


क्रिसमस उत्सव झांकी में भाग लेते मसीह समाज के लोग

# बैंकों का सी.डी. रेशियो प्रतिशत कम होने पर डीएम ने कार्रवाई के दिये निर्देश

**प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना की खराब प्रगति पर जतायी नाराजगी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) एवं जिला सलाहकार समिति (डीसीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों के सी0डी0 रेशियो (ऋण जमा अनुपात) की समीक्षा की गई। जिसमें इंडियन बैंक का सी0डी0 रेशियो सर्वाधिक कम 16.72 प्रतिशत पाया गया। अन्य बैंकों का सी0डी0 रेशियो बैंक ऑफ बड़ौदा का 28.62 प्रतिशत, केनरा बैंक का 30.86 प्रतिशत, पंजाब नेशनल बैंक का 32.54 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 34.34 प्रतिशत, इंडियन ओवरसीज बैंक का 35.51 प्रतिशत, आई0डी0बी0आई0 बैंक का 39.49 प्रतिशत कम सी0डी0 रेशियो पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित बैंकों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु एसएलबीसी को पत्र लिखने के निर्देश दिए गए।



बैठक के दौरान मौजूद डीएम व बैंक अधिकारी

एलडीएम ने बताया कि जून 2025 तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 7,22,280, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 1,93,668, अटल पेंशन योजना में 1,15,092 नामांकन पूर्ण किए गए हैं। सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि सितंबर 2025 तक-मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 132 के लक्ष्य के सापेक्ष 221 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 64 स्वीकृत, 38 वितरित, 113 वापस तथा 44 लंबित हैं। ओडीओपी योजना में 38 के लक्ष्य के सापेक्ष 69 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 16 स्वीकृत, 09 वितरित, 33 वापस एवं 20 लंबित हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में 2400 के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 1602 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 1320 स्वीकृत एवं वितरित तथा 283 लंबित हैं।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में 1700 के लक्ष्य के सापेक्ष 2436 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 859 स्वीकृत, 741 वितरित, 1074 वापस तथा 586 लंबित हैं। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि जून 2025 में सभी बैंकों को नए एवं नवीनीकरण हेतु 94,293 किसान क्रेडिट कार्ड का वार्षिक लक्ष्य दिया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 20,217 केसीसी का नवीनीकरण किया जा चुका है। डीएम ने प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के सभी लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लंबित प्रकरणों को तत्काल प्रोसेस करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, एल0डी0एम0, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने गणितीय मॉडल व अन्य आधारित प्रस्तुतियां की प्रदर्शित



गणित प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि व अध्यापक

**सरस्वती विद्या मंदिर में महान भारतीय गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर हुआ कार्यक्रम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर सरस्वती शिशु/विद्या मन्दिर सेनापति में गणित मेले का आयोजन किया गया। मेला विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि, जिज्ञासा एवं नवाचार की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से सम्पन्न किया गया।

गणित मेले में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए गणितीय मॉडल, रोचक गतिविधियां, खेल, चार्ट तथा दैनिक जीवन में गणित के उपयोग पर आधारित प्रस्तुतियां प्रदर्शित की गयीं। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने गणित मेले को भारतीय ज्ञान परम्परा व राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जोड़ते हुए बताया कि गणित केवल अंकों का विषय नहीं, बल्कि तर्क, रचनात्मकता और समस्याण समाधान की कला है। आपने रामानुजन के जीवन, संघर्ष और गणित में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तृत रूप से मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम अध्यक्ष व विद्यालय संचालन समिति के प्रबन्धक संजीव सिंह चौहान ने बताया कि विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने व गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि व निर्णायक के रुप में रस्तोगी इंटर कालेज के गणित प्रवक्ता गजेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि व निर्णायक के रूप में कनौडिया बालिका इंटर कालेज की गणित प्रवक्ता दर्शना शुक्ला रहीं। संचालन रुद्र सारस्वत, शौर्य शुक्ला व आशुतोष अवस्थी ने किया। इस अवसर पर रामानंद पाण्डेय, कृष्ण कुमार, वीरेश सिंह, प्रदीप अवस्थी, शिव कुमार, प्रदीप सिंह, प्रदीप शर्मा, आलोक सिंह, बृजपाल सिंह, अनिरुद्ध सिंह, रजनीश, संजीव सिंह, गोविन्द प्रसाद, आर्तिका, सोनम, सरला, रश्मि, लक्ष्मी, सीमा, पूनम, रिंकी आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मांगों को लेकर किसानों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



विरोध-प्रदर्शन करते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश ने मुख्यमंत्री सम्बोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि बिजली उपभोक्ताओं को सामान्य बिजली बिल की छूट व स्मार्ट मीटर पर प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की। छूट में केवल लम्बे बकायादारों को लाभ मिल रहा है। सिर्फ ऐसे लोगों को लाभ मिल रहा है, जो डिफाल्डर भी है। छूट में भेदभाव जैसी स्थिति है। छूट का लाभ ईमानदार उपभोक्ता व गरीब किसान, मजदूर को नहीं मिल रहा है, जो वंचित है। ऐसी स्थिति में शहर में हजारों लोगों को फायदा मिल रहा है। जिसका गहरा प्रभाव आम आदमी पर है। उपभोक्ताओं को बिना शर्त सरकार द्वारा छूट उपलब्ध करायी जाये और समानता बनायी जाये। छूट देने से प्रदेश की जनता को फायदा होगा और अधिक से अधिक उपभोक्ता को भी छूट का लाभ मिलेगा। शहर में अभी तक लगे हुए मीटरों की अपेक्षा स्मार्ट मीटर में कई गुना बिजली के बिल आये है, जो उपभोक्ताओं को देना पड़ रहे है। यह चिंताओं का विषय है, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश दीक्षित बबलू, प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी, प्रभाकांत मिश्रा आदि किसान नेता मौजूद रहे।

### दबंग कर रहे वृद्ध महिला की जमीन पर कब्जे का प्रयास

**पीड़िता ने कार्रवाई के लिए डीएम से लगायी गुहार**



जानकारी देती पीड़ित महिला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज के क्षेत्र थाना शमशाबाद के ग्राम हसनापुर निवासी राजेन्द्री देवी पत्नी स्व0 अहिवरन व रीना देवी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। जिसमें मांग की है कि मैं वृद्ध व विधवा महिला हूं, परिवार के ही बहादुर, टिन्कू, रोहित व सोनू, जीतू व दीपू, कप्तान आदि पति व पुत्र की मृत्यु होने के बाद अभद्रता करते है और मेरी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। मेरे छोटे-छोटे पौत्र व पौत्री है, जिन्हे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में सिविल जज के यहां मुकदमा भी दायर किया गया है। ऐसे में विपक्षियों से खतरा बना हुआ है और दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

### अगैती आलू के भाव में गिरावट जारी

**मोटा व पीली मिट्टी के आलू की मण्डी में मांग**



मण्डी में लगा आलू का ढेर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर आलू मण्डी में सोमवार को आलू का भाव सामान्य रहा। बिकवाली ठीकठाक रही। लगभग 150 मोटर की आमद हुई। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि मण्डी में 471 रुपये से 651 रुपये कुंतल आलू बिका। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा भाव कम है। अगैती आलू होने के कारण किसानों को अच्छे दाम नहीं मिल पा रहे है। ऐसे में किसान कर्जीला होता जा रहा है। गेहूं की फसल को लेकर किसान चिंतित है। मजबूरी में आलू की खुदाई करनी पड़ रही है। क्योंकि आगामी फसल गेहूं बोने की तैयारी चल रही है। ऐसे में किसान अपने मन मर्जी के दाम में आलू नहीं बेंच पा रहा है। पिछले वर्ष इन दिनों आलू महंगा होने के कारण खेत में ही किसान आलू बेंच देते थे। इस बार आलू मिट्टी के भाव बिक रहा है। ऐसे में किसान चिंतित है। मण्डी में मोटे व पीली मिट्टी के आलू की मांग है। निबल व छोटा आलू कौड़ियों के दाम में बिक रहा है। लागत तक नहीं निकल रही है। किसानों ने मांग की है कि ऐसे में सरकार आलू की खरीद करें और यहां का आलू की रैक दूसरे प्रांत भेजी जाये, जिससे आलू किसानों को कुछ राहत मिल सकें।

### ससुरालीजनों ने मारपीट कर महिला को किया बेघर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता रशमी पुत्री रक्षपाल निवासी ग्राम गढ़िया (बबना) थाना नवाबगंज की निवासिनी है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी शादी करीब 20 वर्ष पूर्व शिवम पुत्र स्व0 नेकसे उर्फ कल्लन निवासी नगला चमन थाना जैथरा जनपद एटा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पीड़िता को पति शिवम, सास रेखा रानी व चचेरा देवर अम्बुज पुत्र गुरवेश अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आये दिन पीड़िता के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते रहते हैं। दिनांक 22.12.2025 को पीड़िता सुबह फोन पर अपने परिजनों से बात कर रही थी, तभी उपरोक्त ससुरालीजन गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता ने जब गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो उपरोक्त लोगों ने मारपीटा और पति पीड़िता को चौराहे पर छोड़कर वापस चला गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर प्रतिभागी छात्राओं को किया गया सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में सम्मानित होतीं छात्रायें

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा सोमवार को महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रुप में मनायी गई। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ने रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला समन्वयक प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। छात्राओं में एवं आम जनमानस में गणित विषय के प्रति जन जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। रस्तोगी इंटर कॉलेज के गणित विषय के प्रवक्ता देवेंद्र कुमार एवं जीजीआईसी की गणित विषय की अध्यापिका ज्योति गणित विषय विशेषज्ञ के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गणित विषय पर मॉडल प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक एवं गणित प्रश्नोत्तरी करके बच्चों में गणित विषय की जटिलताओं को दूर करते हुए कार्यक्रम को मनोरंजक रूप प्रदान किया गया। प्रश्नोत्तरी में विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में श्रीनिवास रामानुजन के जीवन चरित्र पर चलचित्र दिखाया।

संचालन शिक्षिका अर्चना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में रिचा तिवारी, शैलजा मौर्य, आरती यादव, मोनी चौहान, सरिता बाजपेई, मीनाक्षी भास्कर, सवालिया इत्यादि उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाली छात्राएँ साक्षी पाल, सलोनी, छबि, सगुन इत्यादि रही। उत्कृष्ट मॉडल बनाने वाली छात्राएँ निधि पाल, सुनैना, दिव्यांशी, परी, चाँदनी बाथम, सौम्या रहीं।

# हिन्दू महासभा ने कैंडिल मार्च निकालकर बांग्लादेश का फूंका पुतला



कैंडिल मार्च में भाग लेते युवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हिन्दू महासभा द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सोमवार को आवास विकास लोहिया मूर्ति से कैंडल मार्च आवास विकास तिराहे तक निकालकर बांग्लादेश का पुतला दहन किया। भारत सरकार से मांग की बांग्लादेश पर कठोर कार्रवाई की जाए। हिन्दू महासभा द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने मांग की कि बांग्लादेश पर कार्यवाही की जाये। इस मौके पर विमलेश मिश्रा, क्रान्ति पाठक, विशाल गंगवार, अनमोल पाण्डेय, अमन दुबे, अशोक, अभय चौहान, रवि, सतेंद्र नारायण, आदित्य, श्यामजी, ललित, पंकज, रानू, राहुल, दीपक आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धा रानी स्मृति संस्थान के समारोह में गूंजे कविता के स्वर

**समाजसेवी व कवि हुए सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



काव्य पाठ करती गरिमा पाण्डेय

श्रद्धा रानी स्मृति संस्थान वार्षिक काव्योत्सव एवं सम्मान समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। विभिन्न क्षेत्रों के समाजसेवियों व साहित्यकारकारों को सम्मानित किया गया तथा में प्रमुख रचनाकारों ने काव्यपाठ करके कार्यक्रम को सफल बनाया।

संस्था के संरक्षक विनय अग्रवाल के सेनापति स्थित निवास पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अध्यक्ष संजय गर्ग, श्याम अग्रवाल, विवेक अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आशा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। श्रद्धा रानी गर्ग स्मृति सम्मान वरिष्ठ कवियत्री प्रीति पवन तिवारी को तथा सावित्री देवी अग्रवाल स्मृति सम्मान वरिष्ठ कवि व ज्योतिष विद कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर को दिया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सम्मान से राकेश सारस्वत को विभूषित किया गया। संरक्षक विनय अग्रवाल ने कहा कि जीव कभी मरता नहीं सिर्फ शरीर मारा करते हैं, इसलिए श्रद्धा रानी आज भी हम लोगों को सूक्ष्म रूप में प्रेरणा दे रहीं हैं, उसका ही मूर्त रूप यह आयोजन है। उनकी ही प्रेरणा से संजय गर्ग ने संस्था की स्थापना की और उनकी स्मृतियों को अमर कर दिया। इस मौके पर स्मृति अग्निहोत्री, वरिष्ठ गीतकार डॉ0 गरिमा पांडेय, कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर, प्रीति पवन तिवारी, मंच संचालक वैभव सोमवंशी सुभग ने काव्यपाठ किया। अध्यक्षता अक्षर ने की व संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। इस मौके पर आशा अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सदानंद शुक्ला, राजू गौतम, प्रमोद गुप्ता, सनी साध, श्वेता दुबे, अखिलेश अग्निहोत्री, रोहित शर्मा, महेशपाल सिंह उपकारी, इंदिरा पांडेय, मीरा सिंह, चित्रा अग्निहोत्री, सुमन राठौर, सोनी शुक्ला, शालिनी अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, नेहा, रेखा मिश्रा, अजय पुरवार, अतुल शंकर दुबे, रचित अग्रवाल, राघव दत्त मिश्रा, सौरभ शुक्ला, आदेश तिवारी, सर्वेश अग्रवाल, भास्कर दत्त द्विवेदी, विमलेश मिश्रा, मुकेश सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# मारपीट की घटना को लेकर किसानों ने थाने का किया घेराव

**कड़ाके की सर्दी में थाना शमसाबाद में डटे किसान, सीओ के आश्वासन पर माने**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



धरने पर बैठे किसान

ग्राम अध्यक्ष से मारपीट को लेकर किसानों ने थाने का घेराव किया और क्षेत्राधिकारी के आश्वासन के बाद किसान माने और धरना समाप्त किया।

रविवार देर रात मारपीट की घटना को लेकर किसान उग्र हो गये और उन्होंने आरोप लगाकर थानाध्यक्ष शमशाबाद का घेराव किया। कड़ाके की सर्दी में किसान नेताओं के साथ बड़ी संख्या में किसान डटे रहे। भाकियू ग्राम अध्यक्ष रफी निवासी पापड़ी खुर्द थाना कायमगंज को उनके छोटे भाई के शादी के रिश्ते में समझौते को लेकर के शमशाबाद के लड़की पक्ष ने प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर दरोगा मिथिलेश यादव जांच के नाम पर रफी को बुलाया और दोनों पक्षों में समझौता करवा दिया। समझौते के बाद लड़की पक्ष को जाने दिया गया रफी को और जिला प्रचार मंत्री राजेश गंगवार को रोक करके रखा काफी देर बीत जाने के बाद जिला प्रचार मंत्री राजेश गंगवार ने जब जाने के लिए पूछा तो दरोगा मिथिलेश ने कहा कि किसी साहब से पूछ लूं फिर बताता हूं। इसको लेकर किसानों ने नाराजगी जतायी और अपने नेताओं के साथ धरना प्रदर्शन किया और कहा कि किसी भी कीमत पर सुविधा शुल्क नहीं देंगे और पदाधिकारी रफी के साथ दरोगा मिथिलेश द्वारा जो हाथापाई की गई है वह गलत है। सभी ने दरोगा के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए थाने का घेराव किया। क्षेत्राधिकारी के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। पदाधिकारी राजेश गंगवार ने जिलाध्यक्ष अजय कटियार को बताया कि दरोगा व उनके दो साथियों द्वारा अभद्रता कर मारपीट की गई और छोड़ने के नाम पर सुविधा शुल्क मांगा गया। किसानों ने नाराजगी जताते हुए थाने का घेराव कर धरना शुरु कर दिया। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय कुमार ने कहा कि घटना के बारे में मुझे लिखकर दीजिए।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से मिलकर आगे की विभागीय कार्यवाही करूंगा। उसके बाद धरना स्थगित किया गया। इस अवसर पर अरविंद शाक्य, छविनाथ शाक्य, ब्रजेश गंगवार, गोपी शाक्य, अभय यादव, विजय सिंह शाक्य, अरविंद गंगवार, पुजारी कटियार, रामप्रकाश पाल, कश्मीर गंगवार, निरोत्तम राजपूत, रविन्द्र, श्याम शाक्य, अनुज राजपूत, रजत गंगवार, सतीश कठेरिया, शिवराम शाक्य, प्रदीप यादव, दीपांकर शाक्य, पप्पू गंगवार, अंकित गंगवार उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित

**आरएसईटीआई के प्रशिक्षण में पापड़ पिकल व मसाला पाउडर मेकिंग का मिला प्रशिक्षण**



प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बैंक ऑफ़इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) में आज बेसिक्स ऑफ पापड़ पिकल एवं मसाला पाउडर मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आंचलिक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया हरदोई अंचल किरण पाठक व अग्रणी जिला प्रबंधक वी0डी0 वर्मा रहे। निदेशक ओमेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। किरण पाठक ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएँ आज आत्मनिर्भरता और प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और घरेलू उद्योग स्थापित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। संचालन दिव्यांशु मिश्रा ने किया। प्रतिभागी महिलाओं ने कहा कि प्रशिक्षण ने उनके आत्मविश्वास में वृद्धि की है और उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

# एथलेटिक्स इलेविन ने 65 रन से जीता क्रिकेट का फाइनल मैच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सांसद मुकेश राजपूत का स्वागत करते जिला क्रीड़ाधिकारी


सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में खेला गया। एथलेटिक्स इलेविन टीम व नगला मोती के बीच फाइनल मैच हुआ। एथलेटिक्स के कप्तान हारुल ने टॉस जीतकर बैटिंग की और निर्धारित 15 ओवर में 116 रन बनाये। कप्तान हारुल ने 51 रन 4 छक्के व 3 चौके की दम पर बनाये।

मिनहाज ने 24 रन बनाये। नगला मोती ने गेंदबाजी करते हुए सचिन ने 3 विकेट व प्रेम ने 2 विकेट, लवकुश व प्रशांत ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। 117 रन का पीछा करते हुए नगला मोती की टीम मोहम्मदाबाद ने एथलेटिक्स इलेविन टीम की शानदार व बॉलिंग व फिल्डिंग के सामने 9.3 ओवर 51 रन पर आलाउट हो गयी। अमन 17 रन बनाकर आउट हुए। एथलेटिक्स इलेविन टीम ने नगला मोती को 65 रन से हराकर मैच जीता। एंपायर की भूमिका रफीकुल अंसारी, मोहम्मद अहमद खां ने निभाई। स्कोरिंग डा0 अमित सक्सेना ने की। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह मौजूद रहे।

क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव व आयोजक मोहन लाल अग्रवाल की देखरेख में मैच सम्पन्न हुआ। इस मौके पर अमर दीप दीक्षित, अभय प्रताप, अभिषेक बाजपेयी, कुलदीप यादव आदि लोग मौजूद है।

# डीआईओएस ने माध्यमिक विद्यालय के समय में किया परिवर्तन

**प्रधानाचार्य परिषद से 10 बजे से 2:30 के समय परिवर्तन की थी मांग**



ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानाचार्य परिषद द्वारा जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपकर मांग की गई है कि अत्याधिक सर्दी व घने कोहरे एवं शीतलहर के कारण माध्यमिक विद्यालय के समय में परिवर्तन किया जाये। विद्यालय में प्रातः आने के समय घना कोहरा होने के कारण सड़कों पर असुविधा हो रही है। ऐसे में विद्यालय के समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक करने की मांग की गई। प्रधानाचार्य परिषद की मांग को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्थिति को देखते हुए अत्याधिक सर्दी व घने कोहरे व शीतलहर को देखते हुए आदेश जारी किया राजकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त, वित्तविहीन मान्यता, आईसीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के खुलने का समय में प्रातः 10 बजे से व बंद करने का समय दोपहर 2:30 बजे तक किया गया है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह व डा0 अनिल मिश्रा, योगेश तिवारी, डा0 बृजभूषण सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय बैडमिण्टन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रतियोगिता में सदर विधानसभा का रहा दबदबा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रतियोगिता में मौजूद सांसद व अन्य

सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में सोमवार को जिला स्तरीय बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोज हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ सांसद मुकेश राजपूत व भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम में जिला पूर्ति अधिकारी एवं जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह, प्रतियोगिता प्रभारी अमर दीप दीक्षित मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 82 बालक एवं 63 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। बैडमिण्टन प्रतियोगिता में अम्पायर की भूमिका अभिषेक शाक्य, अभिषेक पाल, सुनील कुमार पाल, संजीव कुमार, कुलदीप कुमार, सुभाष चन्द्र, अरूण यादव, अतुल दास, इंजाज अहमद सिद्धीकी, केशव गंगवार, आलोक यादव, मनीष यादव, संजीव द्विवेदी, संजीव यादव, अतुल कटियार ने निभाई। बैडमिंटन सब जूनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता में विजेता रूद्राशीष सदर विधानसभा रहे। उप विजेता कुशाग्र सिंह सदर विधानसभा बना।

सब जूनियर बालिका वर्ग में सोनी अमृतपुर विजेता बनी व उप विजेता रोली अमृतपुर विधानसभा रही। जूनियर बालक वर्ग में मोहम्मद तलाह सदर विधानसभा विजेता बने। उप विजेता सूफियान सदर विधानसभा रहे। जूनियर बालिका वर्ग में पलक जौहरी सदर विधानसभा विजेता रही। उप विजेता बनी अमृतपुर विधानसभा की सेजल। सीनियर बालक वर्ग में विजेता विक्रांत मिश्रा सदर विधानसभा रहे। उप विजेता रौनक राठौर सदर विधानसभा बने। सीनियर बालिका वर्ग में विजेता पल्लवी दीक्षित कायमगंज विधानसभा रही। उप विजेता अनन्या अमृतपुर विधानसभा रही।

## खबरें एक नजर में

### डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पांच विद्यालयों को मिली स्मार्ट टीवी की सौगात



**तिकुनिया, खीरी।** डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया के सहयोग से तिकुनिया व आसपास के क्षेत्र के पांच विद्यालयों में स्मार्ट टीवी वितरित किए गए। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र–छात्राओं को स्मार्ट क्लास की सुविधा मिलेगी। दिल्ली फोर्टी वन क्लब के चेयरमैन विक्रमेंद्र प्रसाद भल्ला, दिल्ली किंग्स क्लब 136 के चेयरमैन राजेश लूथरा सहित क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि डिजिटल माध्यम से शिक्षा को गांव–गांव तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। स्मार्ट टीवी मिलने पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक और छात्रों में खुशी का माहौल रहा।

### रेहुआ पुलिस पिकेट के पास बस-ट्रक की टक्कर, एक बाइक सवार घायल



**ईसानगर, खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेहुआ पुलिस पिकेट के सामने सोमवार 22 दिसंबर 2025 की रात करीब 8:20 बजे एक सड़क हादसा हो गया। लखीमपुर से बहराइच जा रही रोडवेज बस संख्या UP65AR2638 ने आगे चल रहे ट्रक संख्या UP21FT3085 में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के दौरान सड़क से गुजर रहे मोटरसाइकिल सवार सतीश पुत्र नेकपाल, निवासी मुशियाना, थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर, बाइक संख्या UP34BL3995, टक्कर की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की सहायता से घायल को सीएचसी खमरिया भिजवाया गया। टक्कर के बाद बस सड़क से नीचे उतरकर रुक गई, हालांकि बस में सवार यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि बस और ट्रक में कोई हताहत नहीं हुआ है। केवल एक मोटरसाइकिल सवार घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था को सामान्य कराया।

### भारत नेपाल सीमा पर अवैध नेपाली शराब की तस्करी पर कार्रवाई, 30 शीशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गौरीफन्टा/पलिया कलां खीरी।** भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गौरीफन्टा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग अभियान के दौरान थाना गौरीफन्टा पुलिस ने एक स्विफ्ट डिजायर कार से अवैध नेपाली शराब बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर कार के अंदर से RAHAR BRAND की 30 शीशी नेपाली शराब (कुल 19 लीटर) बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान लेखपाल पुत्र परदेशी निवासी ग्राम बनकटी थाना गौरीफन्टा जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। अभियुक्त को कार सहित मौके से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने मामले में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। आरोपी से शराब की तस्करी के स्रोत और नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

### नाबालिग किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज, तलाश में जुटी पुलिस

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** कोतवाली गोला क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता के पिता ने बताया कि 18 दिसंबर की रात उनकी करीब 16 वर्षीय बेटी घर से लापता हो गई। सुबह उठने पर उसके न मिलने से परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आरोप है कि विपक्षी दिनेश मौर्या पुत्र मानू मौर्या, निवासी जलालपुर, थाना गोला, उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि किशोरी अपने साथ करीब 35 हजार रुपये नकद और कुछ जेवरात ले गई है। परिवार को उसकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अवर निरीक्षक को जांच सौंपी है। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार किशोरी की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द खुलासा किए जाने का दावा किया गया है।

### अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 2 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 15 दिसंबर 25 को थाना बदौसा क्षेत्र के ग्राम तुर्रा के रहने वाले विनोद गौतम कस्बा अतर्रा में अपने रिश्तेदार से मिलने आये थे जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा उनके मोटरसाइकिल से झोले में रखे 1.5 लाख रुपए चोरी कर लिए गये थे। जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे । इस क्रम में 21/22 दिसंबर 25 की रात्रि को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान करते हुए घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को घेराबन्दी कर आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है । तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक लाख 45 हजार 500 रुपए, अवैध तमंचा व कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे दोनों सगे भाई है व छतरपुर मध्य प्रदेश के रहने वाले है तथा अपने एक अन्य सगे भाई सिद्धू के साथ तीनों लोग मिलकर बांदा व आस–पास के जनपदों/राज्यों में बैंकों, बाजारों, पशु बाजारों, अनाजों की मंडियों, रेलवे/बस स्टैंडों आदि भीड़–भाड़ वाले आदि स्थानों पर पहले रेकी करते है और फिर माल खरीद/बिक्री हेतु रुपए लेकर आने–जाने वाले व्यक्तियों का पीछा करते है तथा मौका पाकर रुपयों की चोरी कर लेते है । इसके अतिरिक्त खड़े वाहनों तथा महिलाओं के पर्स आदि से रुपयो/ कीमती सामानों की चोरी करते है । 15 दिसंबर 25 हम तीनों भाईयों नें मिलकर कस्बा अतर्रा के मंडी के पास एक व्यक्ति के मोटरसाइकिल के हैण्डल से झोले में रखे 1.5 लाख रुपए चोरी कर लिए थे उसके बाद मेरा भाई सिद्धू को घर जाना था इसलिए वह कुछ रुपए लेकर चला गया। पुलिस द्वारा दोनों को अभियुक्तों का गिरफ्तार कर लिया गया तथा घटना में शामिल एक अन्य फरार/वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे । गिरफ्तार अभियुक्तों में गिरबल पुत्र हरदौस आदिवासी निवासी चन्द्रपुरा थाना सिविल लाइन जनपद छतरपुर (मप्र), निरबल पुत्र हरदौस आदिवासी निवासी चन्द्रपुरा थाना सिविल लाइन जनपद छतरपुर (मप्र) व फरार/वांछित अभियुक्तों में सिद्धू पुत्र हरदौस आदिवासी निवासी चन्द्रपुरा थाना सिविल लाइन जनपद छतरपुर (मप्र) है।

### कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारी हेलमेट व सीटबेल्ट लगाकर ही आयें: आयुक्त



**बांदा।** सोमवार को आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयुक्त सभागार में संपन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी ले जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने नो– हेलमेट, नो –फ्यूल अभियान को घंटा से संचालित कराए जाने तथा पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक किए जाने के निर्देश दि। उन्होंने निर्देश दिए की सभी कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारी हेलमेट व सीटबेल्ट लगाकर ही आए। उन्होंने अनावश्यक सड़क किनारे वाहनों को खड़स किए जाने पर रोक लगाई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक दुर्घटना वाले स्थलों ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सुधार किए जाने, रिफलेक्टिंग टेप एवं सिगनेज लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने भरत कूप के पास दुर्घटना वाले स्थल पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने हेतु निर्देशित किया, कबरई महोबा हमीरपुर मार्ग पर गड्ढा को ठीक कराया जाने हेतु निर्देशित किया तथा,रोड सेफ्टी महीने को जागरूकता करने के लिए सघन रूप से चलाई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध परिवर्तन की कड़ी कार्रवाई किए जाने एवं निरीक्षण किए जाने हेतु परिवहन ,खनन एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से कड़ी कार्रवाई की जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इमरजेंसी केयर सुविधाओं एवं रिटर्न के संबंध में एंबुलेंस के खड़े होने हेतु स्थान चिन्हित करने तथा दुर्घटना में घायलों की सूचना देने पर 25000 से रुपए देकर पुरस्कृत किए जाने का प्रचार–प्रसार कराया जाने के निर्देश दिए। हिट एंड रन योजना में मृत व्यक्तियों को 200000 तथा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 50000 की सहायता दिए जाने का भी प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रैक्टर में रिफलेक्टर ट्रिप लगाए जाने तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम को भी दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे मदन मोहन वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह तथा उदयवीर सिंह, सचिव मंडली सड़क सुरक्षा समिति एवं संभागीय परिवहन अधिकारी परिवर्तन बांदा एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खुले बोरवेल में गिरी अंधी गाय का दर्दनाक अंत

- रेस्क्यू के आधे घंटे बाद मौत, खुले बोरवेल बने जानलेवा, प्रशासन की लापरवाही पर उठे सवाल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्ता-लखीमपुर रोड स्थित चौहान फिलिंग स्टेशन के पास खुले पड़े बोरवेल ने एक बेजुबान की जान ले ली। खुले बोरवेल में गिरने से एक अंधी गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाय दोनों आंखों से पूरी तरह दृष्टिहीन थी और चारा तलाशते हुए अनजाने में खुले बोरवेल में गिर गई। गाय के गिरते ही उसकी दर्दनाक आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर दौड़ पड़े।

घटना की सूचना मिलते ही भारतीय हिन्दू परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री शिवांश अवस्थी तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जेसीबी मशीन मंगवाकर रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। संकरा और गहरा बोरवेल होने के कारण रेस्क्यू में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जेसीबी की मदद से बोरवेल के आसपास खुदाई कर लगभग काफी मशक्कत के बाद गाय को बाहर निकाला गया।

रेस्क्यू के समय गाय बुरी तरह घायल अवस्था में थी और लगातार कराह रही थी। ग्रामीणों ने पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करने का प्रयास भी किया। गाय को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद लोगों को उम्मीद जगी कि उसकी जान बच जाएगी, लेकिन दुर्भाग्यवश बाहर निकलने के लगभग आधे घंटे बाद गंभीर अंदरूनी चोटों के चलते गाय ने दम तोड़ दिया। गाय की मौत से मौके पर मौजूद लोग भावुक हो गए और क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान ग्राम प्रधान अजमेर अली, विपनेश अवस्थी, अरविंद सिंह, डायल 112 पुलिस टीम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन से खुले बोरवेलों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई बोरवेल खुले पड़े हैं, जिन पर न तो ढक्कन है और न ही कोई चेतावनी संकेत, जिससे इंसानों के साथ-साथ मवेशियों के लिए भी बड़ा खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस संबंध में पहले भी शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही खुले बोरवेलों को बंद नहीं कराया गया तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं। घटना ने एक बार फिर प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है और बोरवेल सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां का बदला स्वरूप

**सिंगाही खीरी।** बेलरायां स्थित सरजू सहकारी चीनी मिल का इस वर्ष पेराई सत्र समयबद्ध, सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संचालित हो रहा है, जिससे गन्ना किसानों में संतोष और भरोसा देखने को मिल रहा है। समय से पेराई शुरू होने के कारण किसानों को गन्ना आपूर्ति में सहूलियत मिली है और फसल खराब होने की आशंका भी कम हुई है। मिल प्रबंधन द्वारा पर्ची व्यवस्था में सुधार, तौल केंद्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं और भुगतान प्रक्रिया को तेज किए जाने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। चेयरमैन सुच्चा सिंह ने बताया कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और समय से भुगतान सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मिल कर्मचारियों के सहयोगात्मक व्यवहार और पारदर्शी कार्यप्रणाली से किसानों का भरोसा बढ़ा है, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना हुआ है।

## तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से फेरी लगाने वाले की मौत, परिवार में कोहराम

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** अलीगंज रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे में कपड़े की फेरी लगाने जा रहे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब सामने से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही सफेद स्कार्पियो ने गलत साइड से आकर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान अतीक अहमद पुत्र हाजी महमूद हुसैन, निवासी समरखेड़ा, थाना जहानाबाद, जिला पीलीभीत के रूप में हुई है। वह अपनी मोटरसाइकिल (UP 25BS3026) से गोला से अलीगंज की ओर कपड़े बेचने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि अतीक अहमद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चालक स्कार्पियो (UP16AD8182) लेकर फरार हो गया। मृतक के पुत्र मो. रिजवान की तहरीर पर कोतवाली गोला में अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। परिजनों का कहना है कि हादसे के बाद उनके बहनोई नईम ने भागती गाड़ी की फोटो और वीडियो बना ली, जो पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर अवर निरीक्षक ज्ञानप्रकाश मिश्रा को जांच सौंपी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर वाहन और चालक की तलाश की जा रही है, जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

- गलत साइड से आ रही कार ने छीनी जान, फोटो-वीडियो के आधार पर जांच शुरू

## सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन ने गोला में किया महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन

- आर्थिक सहयोग, प्रमाण पत्र वितरण और प्रेरक संवाद से महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

**गोला गोकर्ण नाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




नगर पालिका परिषद गोला परिसर में सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक प्रेरणादायक एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को प्रोत्साहन स्वरूप आर्थिक सहयोग के चेक प्रदान किए गए तथा प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। संस्था की एडवाइजर पूजा गुप्ता एवं रंजना मिश्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि संस्था से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आर्थिक मजबूती के साथ-साथ सामाजिक सम्मान और आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर रवि सक्सेना ने संस्था के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। वहीं प्रोजेक्ट मैनेजर आकाश सक्सेना ने संस्था की वर्तमान एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद गोला खीरी के चेयरमैन विजय शुक्ल 'रिंकू' रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरस्वती विद्या निकेतन की प्राचार्य मधु त्रिपाठी एवं वरिष्ठ समाजसेवी अशोक सक्सेना उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## गंभीर अपराधों की विवेचना गुणवत्ता एवं समयबद्धता से की जाये: डीआईजी

- डीआईजी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अपराध समीक्षा बैठक



**बांदा।** पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. की अध्यक्षता में परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया तथा जनसुनवाई की गई द्य बैठक में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रचलित अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 में कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परिक्षेत्र के सभी जिलों में घटित अपराधों की समीक्षा की गई। हत्या, लूट, चोरी, महिला अपराध, साइबर अपराध, यातायात दुर्घटनाएं, बैंकों एवं लेन-देन के स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाय व जनता की शिकायतों का त्वरित व प्रभावी रुप से निस्तारण किया जाए। आईजीआरएस से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रचलित अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 में कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संवेदनशील स्थानों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बों, चौराहों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन आदि पर विशेष सतर्कता रखते हुए सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रबंधन एवं विशेष सतर्कता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। प्रचलित अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन में कार्यवाही के संबंध में और लम्बित प्रारम्भिक जांच एवं विभागीय जाँच कर कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश-दिए। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डा. दीक्षा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह मौजूद रहे ।

## अवैध खनन का विरोध करना पड़ा भारी, लाठी-डंडों से हमला, एफआईआर दर्ज

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना पलिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अतरिया में अवैध खनन का विरोध करने पर दबंगों द्वारा एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेन्द्रपाल सिंह पुत्र हरभजन सिंह निवासी अतरिया फार्म थाना पलिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि दिनांक 19 दिसंबर 2025 को रात करीब 8ः30 बजे गांव के ही रहने वाले बसी उल्ला, आरिफ, खुर्शीद, दीन मोहम्मद व अन्य अज्ञात लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं जेसीबी मशीन से शारदा नदी के किनारे से अवैध रूप से बालू व मिट्टी का खनन कर रहे थे। पीड़ित ने जब अवैध खनन से होने वाले नुकसान के बारे में बात करते हुए उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने गांव से अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आरोप है कि सभी लोग लाठी-डंडों व अवैध असलहों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित पर हमला कर दिया गया जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और पगड़ी उतार दी गई। घटना के दौरान शोर सुनकर तजेन्द्र सिंह, सुखविंदर सिंह, सतनाम सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिनके साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह पीड़ित और अन्य लोग अपनी जान बचाकर वहां से निकल पाए। मामले में थाना पलिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा विवेचना की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक रामजीत यादव को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनन को लेकर क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे विवादों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जिले में चलाया गया सघन बैंक चेकिंग अभियान



**बांदा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों एवं उनके आसपास क्षेत्रों मे होने वाली घटनाओंकृजैसे लूट, छिनैती, चोरी एवं टप्पेबाजी की रोकथाम के उद्देश्य से आज जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में स्थित एटीएम, बैंक शाखाओं एवं अन्य वित्तीय संस्थानों की गहनता से चेकिंग की गई। इस दौरान बैंकों/एटीएम में लगे सुरक्षा उपकरणों जैसे सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग तथा अग्निशामक यंत्रों की स्थिति का निरीक्षण किया गया तथा सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे चालू एवं क्रियाशील रखने हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराए जाएं, जिससे सड़क पर आवागमन बाधित न हो और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो । अभियान के दौरान बैंकों, एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े अथवा घूम रहे व्यक्तियों तथा वाहनों की भी गहन चेकिंग की गई तथा संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई ।

## बबेरू विधायक ने विधानसभा में उठाया राइफल क्लब का मुद्दा

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

- नियम-56 के तहत राइफल क्लब बेंचने का जताया विरोध
- सपा नेता विदित ने विधायक का कराया था ध्यान आकृष्ट



शहर के एक मात्र बचे खेल मैदान राइफल क्लब की नीलामी का मुद्दा सोमवार को विधानसभा में खूब गूंजा, बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने बांदा विकास प्राधिकरण की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि खेल मैदान की सौदेबाजी होने से जहां खिलाड़ियों में आक्रोश पनप रहा है, वहीं जिले की खेल प्रतिभाओं पर भी विराम लग सकती है। उन्होंने नियम-56 के तहत विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग की।

सोमवार को विधानसभा में संचालित शीतकालीन सत्र के दौरान नियम-56 के तहत बबेरू विधायक श्री यादव ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष शहर के एक मात्र खेल मैदान राइफल क्लब मैदान पर बांदा विकास प्राधिकरण की बदनियती का सवाल बुलंद किया। बता दें कि समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी विदित ने बबेरू से सपा विधायक श्री यादव का ध्यान इस मुद्दे पर आकृष्ट कराया और खेल मैदान को बांदा विकास प्राधिकरण के चंगुल से बचाने की मांग की थी। विधायक ने इस मुद्दे को गंभीरता से सदन में उठाते हुए कहा कि शहर के बीचोंबीच स्थित राइफल क्लब मैदान अब शहरी क्षेत्र का एकमात्र खेल मैदान है, जहां खेल प्रतिभाओं को अपना हुनर निखारने का मौका मिलता है। बताया कि राइफल क्लब मैदान तत्कालीन जमींदार ने सन 1902 में 99 साल के पट्टे पर पुलिस परेड ग्राउंड के लिए अस्थाई तौर पर दिया था। विधायक ने यह भी बताया कि खेल मैदान से निकलकर तमाम प्रतिभावान खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद और देश का नाम रोशन किया है। वहीं वर्ष 1993-94 में बांदा विकास प्राधिकरण ने नगर पालिका परिषद से मिलीभगत करके तथ्यों को छिपाकर नजूल लैंड का फ्री होल्ड करा लिया और व्यवसायिक कांपलेक्स तैयार करने का कुचक्र रचा था। जिस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने 2006 में इसी मैदान से राइफल क्लब को खेल मैदान के रूप में घोषणा की थी। हाल ही में बांदा विकास प्राधिकरण की एक बार फिर से इस खेल मैदान पर नियत खराब हुई और प्राधिकरण इस मैदान को व्यवसायिक उपयोग करने और नीलामी करने का कुचक्र रच रहा है। विधायक का कहना है कि खेल मैदान को बेंचे जाने की खबर से खिलाड़ी व खेल प्रेमी खासे आहत हैं और उनके मन में आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष ने सदन कार्रवाई रोककर इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा कराने और उचित कार्रवाई करने की मांग बुलंद की है।

## सभी रैन बसेरों में आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाये: आयुक्त

- आयुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने धान खरीद केन्द्रों को सक्रिय रखते हुए लक्ष्य के अनुरूप धान खरीद किये जाने तथा खाद वितरण की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा में जनपद चित्रकूट में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए मण्डल के सभी रैन बसेरों को आवश्यक व्यवस्थाओं सहित संचालित रखने तथा गौशालाओं में गौवंशों को ठण्ड से बचाव हेतु आवश्यक उपाय करने एवं चारा, टीकाकरण, सफाई आदि की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत, उपनिदेशक उद्यान के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजना में हमीरपुर एवं चित्रकूट जनपद में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सेतु निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए जनपद बॉदा में कार्य में प्रगति लाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को दिये। आरईडी द्वारा किये जा रहे भवन निर्माण के कार्यो की समीक्षा करते हुए जनपद महोबा के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कृषि रक्षारसायन में जनपद महोबा एवं एनआरएलएम योजना में जनपद महोबा एवं चित्रकूट के कार्यो में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य में जनपद महोबा में तेजी लाये जाने हेतु निर्देशित किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने जनपद महोबा में मुख्य विकास अधिकारी को प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपेन जिम का निर्माण कार्य बॉदा एवं हमीरपुर जनपद में भी कराये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने सभी नगरपालिका एवं नगर पंचायतों में कूडे का उचित निस्तारण करने एवं नाले व नालियों की सफाई कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उनहोंने जल निगम के द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जलापूर्ति के कार्य को जनपद चित्रकूट में शीघ्र पूर्ण किये जाने तथा खोदी गयी सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आईजीआरएस एवं सीए डैशबोर्ड में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक स्कूलों में बच्चे डेढ्ञ में रहें तथा प्राइवेट स्कूलों में कोई भी पुरानी गाडी/वाहन संचालित न हों। उन्होंने सीएचसी एवं पीएचसी में आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था रखने तथा वीएचएनडी दिवस में अधिक से अधिक बच्चों का टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की जांच कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य केन्द्र एवं जन आरोग्य केन्द्रों को संचालित रखने एवं आयुष्मान गोल्डन कार्ड अधिक से अधिक पात्र लोगों के बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आवास योजना के सर्वे का कार्य गरीब लोगों को प्राथमिकता रखते हुए करने एवं कोई पात्र न छूटने पाये का ध्यान रखने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी बॉदा जे रीभा, जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित खरे, जिलाधिकारी महोबा गजल भरद्वाज, जिलाधिकारी हमीरपुर धनश्याम मीणा, संयुक्त विकास आयुक्त अरबिन्द कुमार सहित समस्त मुख्य विकास अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी तथा मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।